**श्री शंकर लालवानी (इन्दौर):** माननीय सभापति जी, मैं 'आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय की अनुदानों की मांगों (2023-24)' के बारे में आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति (2022-23) के अठारहवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी उन्नीसवां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) (सत्रहवीं लोक सभा) प्रस्तुत करता हूं।

**माननीय सभापति :** आइटम नंबर 13, श्री शंकर लालवानी जी।

… (व्यवधान)

(ii) Statement

**श्री शंकर लालवानी (इन्दौर):** महोदय, 'मेट्रो रेल परियोजनाओं का कार्यान्वयन – एक मूल्यांकन' विषय के बारे में आवासन और शहरी कार्य संबंधी स्थायी समिति के तेरहवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार की द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति के सोलहवें प्रतिवेदन (सत्रहवीं लोक सभा) के अध्याय-एक में अंतर्विष्ट सिफारिशों-टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में की-गई कार्रवाई विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

---

**माननीय सभापति:** आइटम नंबर 14, श्रीमती रमा देवी जी।

... (व्यवधान)

**14.06 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON SOCIAL JUSTICE AND EMPOWERMENT

51st Report

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** महोदय, मैं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग) से संबंधित 'युवाओं के मध्य नशीली दवाओं का दुरुपयोग – समस्याएं और समाधान' के बारे में सामाजिक न्याय और अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति (2022-23) का 51वां प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करती हूं।

---

**माननीय सभापति:** आइटम नंबर 15, श्री बिद्युत बरन महतो जी।

… (व्यवधान)

**14.06½ hrs**

## STANDING COMMITTEE ON INDUSTRY

322nd and 323rd Reports

**श्री बिद्युत बरन महतो (जमशेदपुर):** महोदय, मैं उद्योग संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

(1) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में समिति के 320वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 322वां प्रतिवेदन।

(2) भारी उद्योग मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में समिति के 321वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी 323वां प्रतिवेदन।

---

**HON. CHAIRPERSON:** Item No. 16 - Shri Raghu Rama Krishna Raju.

**14.07 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES, LAW AND JUSTICE

131st Report

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU (NARSAPURAM):** Sir, I beg to lay the One Hundred Thirty-first Report (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice on the subject 'Review of Functioning of Recruitment Organisations of Government of India'.

---

**माननीय सभापति:** आइटम नंबर 17, श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा जी।

… (व्यवधान)

**14.07½ hrs**

## STATEMENTS BY MINISTERS

**(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 318th Report of the Standing Committee on Industry on Action Taken by the Government on the recommendations/observations contained in the 315th Report of the Committee on Demands for Grants (2022- 2023) pertaining to the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises***

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा):** महोदय, मैं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2022-2023) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 315वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों/टिप्पणियों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई के संबंध में समिति के 318वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

**(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 320th Report of the Standing Committee on Industry on Demands for Grants (2023-2024) pertaining to the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises***

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा):** महोदय, मैं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2023-2024) के बारे में उद्योग संबंधी स्थायी समिति के 320वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं।

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 9857/17/23 and 9858/17/23 respectively.

**HON. CHAIRPERSON:** Item No. 18 - Shri Bhagwanth Khuba Ji

… (*Interruptions*)

**14.08 hrs**

**(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 34th Report of the Standing Committee on Energy on Demands for Grants (2023-2024) pertaining to the Ministry of New and Renewable Energy***

**THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE; MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CULTURE (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL):** Sir, on behalf of Shri Bhagwanth Khuba Ji, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations contained in the 34th Report of the Standing Committee on Energy on Demands for Grants (2023-2024) pertaining to the Ministry of New and Renewable Energy

---

* Laid on the Table and also placed in Library, See No. LT 9859/17/23.

**माननीय सभापति:** आइटम नंबर 19, डिजिटल वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2023

माननीय मंत्री जी।

… (व्यवधान)

**14.09 hrs**

## GOVERNMENT BILLS – Introduced

## (i) DIGITAL PERSONAL DATA PROTECTION BILL, 2023*

**THE MINISTER OF RAILWAYS; MINISTER OF COMMUNICATIONS AND MINISTER OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY (SHRI ASHWINI VAISHNAW):** Sir, I beg to move for leave to introduce a Bill to provide for the processing of digital personal data in a manner that recognises both the right of individuals to protect their personal data and the need to process such personal data for lawful purposes and for matters connected therewith or incidental thereto.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Motion moved:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the processing of digital personal data in a manner that recognises both the right of individuals to protect their personal data and the need to process such personal data for lawful purposes and for matters connected therewith or incidental thereto."

… (*Interruptions*)

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 03.08.2023.

**माननीय सभापति:** श्री असादुद्दीन ओवैसी जी।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, अभी कितना अच्छा लग रहा था, हाउस ठीक से चल रहा था।

…(व्यवधान)

**SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD):** Sir, I want to oppose this Bill on four points. … (*Interruptions*)... It is a violation on the right to privacy. Secondly, it amends the RTI. It is again violation of freedom of speech on religion. … (*Interruptions*)… RTI is part of Article 19. … (*Interruptions*)… Thirdly, it empowers the Government to access people's private data and this is likely to create a surveillance state. … (*Interruptions*)… Fourthly, it is anti-women because only one in three women have ever used internet. … (*Interruptions*)… This is what National Family Health Survey-5 has said because it creates a Data Protection Board which will be digital in design to take complaints… (*Interruptions*)…

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, आप सबको बोलने का अवसर दिया जाएगा। अभी कृपया इनको सुनिए।

…(व्यवधान)

**SHRI ASADUDDIN OWAISI:** On these four points, I oppose the introduction of the Bill and I want a division. … (*Interruptions*). Please allow a division. … (*Interruptions*)… Sir, it is my right … (*Interruptions*)…I want a division. … (*Interruptions*)… I am telling you on record. … (*Interruptions*)… Sir, I want a division on this Bill … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** अभी इनकी बात पूरी हो जाने दीजिए।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** श्री गौरव गोगोई जी।

…(व्यवधान)

**श्री गौरव गोगोई (कलियाबोर)**: सर, इस बिल को आप स्टैंडिंग कमेटी में भेजिए। It is a Bill which impinges on the fundamental rights as per the Puttaswamy judgement on the right to privacy. … (*Interruptions*)… It should be sent to the Standing Committee. … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** श्री सौगत राय जी।

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Sir, under Rule 72(1), I beg to oppose the introduction of the Digital Personal Data Protection Bill, 2023. … (*Interruptions*).. This is a cumbersome Bill, and very different from the original Bill which was sent to the Standing Committee … (*Interruptions*)..

The Chairperson of the Standing Committee and the Minister have changed the Bill altogether. … (*Interruptions*) सर, एक मिनट सुन लीजिए। … (व्यवधान) I want this Bill to be again sent to the Standing Committee for a total … (*Interruptions*)

**SHRI MANISH TEWARI (ANANDPUR SAHIB):** Mr. Chairman, Sir, under Rule 72(2) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I hereby rise to oppose the introduction of the Bill. I oppose it on three counts.

First of all, a Bill which was considered by the Joint Parliament Committee, came back to the House and was withdrawn by the Government. It was re-introduced. It cannot be introduced as a finance Bill.

Secondly, it is a Bill which requires serious reconsideration by a Joint Parliamentary Committee for the simple reasons that it is in complete contradiction to the fundamental right of privacy upheld by the Supreme Court in the Puttaswamy judgement.

Thirdly, this Bill cleaves the entire digital universe into two parts. The Bill will apply with full force to all non-Governmental organisations and the entire Government universe is going to be exempt from it. Therefore, the fundamental right to privacy laid down by the Supreme Court in the Puttaswamy judgement stands assaulted by the provisions of this Bill. Therefore, I oppose this Bill. … (*Interruptions*)

**SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI):** Sir, under Rule 72(2) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I stand here to oppose the Bill on two small points. I will not repeat any point.

First, there is excessive centralisation of all the data. Everything will be controlled. It is a complete insult and it is hurting the spirit of the federal structure of the Government of India.

Secondly, even the right to information is diluted. As Manish *ji* rightly said, the Government of India will be completely protected; others will be complexly exposed.

Thirdly, there is a penalty clause. From Rs.500 crore, it has been brought down to Rs.250 crore. What is the meaning? Even a small NGO tomorrow can challenge it. It is Rs.250 crore for a big industrial house which is ridiculous. There is no compensation. There is penalty. But what about a

victim? There is no clarity on compensation. Right to privacy is completely evaded. So, anybody can have our data. There is no privacy. So, I would request the Minister to kindly reconsider and send it to a Joint Parliamentary Committee. … (*Interruptions*)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Sir, I strongly oppose the Digital Personal Data Protection Bill, 2023. … (*Interruptions*) I would like to make a submission – yesterday also this matter was raised in the House – regarding Rule 72(2). It is not only the legislative competence; any matter can be opposed. Rule 72(1) is a general clause and proviso is saying that to have a full-fledged debate in the House, legislative competence is to be there. But as far as opposing on any ground is concerned, I can oppose the Bill.

So, the first ground is the basic, fundamental human right, that is being accepted as a fundamental right by nine Judge Constitution Bench of the Supreme Court in respect of Puttaswamy case, is being taken away. So, it is totally violating the basic, fundamental human rights of the citizens of the country.

Secondly, day before yesterday, the Standing Committee on Communications and Information Technology has submitted a report on the floor of this House. In that, so many recommendations are there. Without looking into the recommendation of the Standing Committee, coming with a new Bill is not fair and proper on the part of the Minister to introduce the Bill. So, I strongly urge that those recommendations may be taken up so as to respect the Parliamentary Committee. With these objections, I oppose the Bill.

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, I rise to vehemently oppose the Bill under Rule 72 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha. The issue is that through this Bill, the Government is going to trample upon the Right to Information Act and right to privacy. So, we are vehemently opposing these kinds of sinister motives being displayed by this Government. The Bill by amending the Right to Information Act wants to introduce an era of corruption because new personal data like assets and liabilities, educational qualification of corrupt Government functionaries cannot be asked for under RTI.

Secondly, the Bill does not provide for compensation to an individual whose personal data has been compromised or who has suffered loss due to theft of personal data.

Thirdly, as has been referred to by other esteemed Members, the Digital Personal Data Protection Bill, 2023 violates the Fundamental Right to Privacy, as laid down in the Puttaswamy case, since the present Bill does not restrict the Government to use and process personal data. Therefore, I will suggest to the Government that they should send this Bill for further deliberation and for wide discussion among all sections of the population. That is why, right now, the time is not opportune for the introduction of this Bill. It is better that the Government should send the Bill to the Standing Committee, or Joint Committee, or any other forum for having a threadbare discussion with regard to this very important Bill.

**DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM):** Hon. Chairperson, Sir, thank you very much. … (*Interruptions*)

As the former Chairperson of the Standing Committee, … (*Interruptions*) let me say that this is a matter that we have repeatedly requested the hon. Minister to take the Committee into confidence. It is a matter of disappointment that to the best of my knowledge the Committee has not been asked to study this Bill which, as has been pointed out, has been repeatedly modified by the Government and is brought in its third iteration to this House in this condition.

Given the vast number of objections you have heard, Mr. Chairperson, I would urge that the Bill be sent to the Standing Committee for a proper examination as a new Bill because the three different versions do not match, and they have been done without consultation with the Committee whose mandate it is. Thank you, Sir.

**माननीय सभापति**: माननीय मंत्री जी, क्या आप कुछ कहना चाहेंगे?

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्या, प्लीज आप बैठ जाइए**।** You did not give any notice.

… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्या, प्लीज बैठिए। प्रो. सौगत राय जी ने अपनी बात कह दी है।

… (व्यवधान)

**श्री अश्वनी वैष्णव:** महोदय, किसी भी माननीय सदस्य ने लेजिस्लेटिव कॉम्पिटेंस के बारे में प्रश्न नहीं उठाया है। प्रश्न उठाया गया है कि क्या यह फाइनेंस बिल है, क्या यह मनी बिल है या फिर जनरल बिल है।…(व्यवधान) माननीय मनीष तिवारी जी ने अभी कहा था। मैं स्पष्ट तरीके से सदन और आपके समक्ष अपनी बात रखना चाहूंगा कि यह एक जरनल बिल है, यह मनी बिल नहीं है।

इसके ऊपर डीटेल में डिस्कशन होगा। अभी सभी माननीय सदस्यों ने इसके ऊपर जो भी पाइंट्स उठाए हैं, चाहे वह पुट्टुस्वामी जजमेंट से संबंधित है, चाहे कम्पेनसेशन से संबंधित हो।…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** महोदय**,** हम चाहते हैं कि इसको वापस लिया जाए ।…(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य, आपने अपनी रख दी है। प्लीज बैठ जाइए । आपने अपना विषय रख दिया है।

… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** Now, let the House decide it. Please sit down.

… (*Interruptions*)

**श्री अश्वनी वैष्णव:** महोदय, जो आरोप लगाया गया है कि दो अलग-अलग व्यवस्था बनी है।…(व्यवधान) सभापति महोदय, हर एक विषय पर डिटेल में डिबेट करने के लिए सरकार तैयार है। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि इस बिल को इंट्रोड्यूज करने की परमीशन दी जाए।…(व्यवधान)

**<u>14.17 hrs</u>**

*At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Shri N.K. Premachandran, Shrimati Supriya Sadanand Sule, Shri Rajiv Ranjan Singh ' Lalan' and some other hon. Members left the House.*

**माननीय सभापति**: प्रश्न यह है:

> “कि डिजिटल वैयक्तिक डाटा का, ऐसी रीति में प्रकमण करने, जो व्यष्टिकों के उनके वैयक्तिक डाटा का संरक्षण करने के अधिकार और विधिपूर्ण प्रयोजनों के लिए ऐसे वैयक्तिक डाटा के प्रक्रमण, दोनों की आवश्यकता को मान्यता प्रदान करता है और उससे संबद्ध या आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।”

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

**SHRI ASHWINI VAISHNAW:** Sir, I introduce** the Bill.

---

** Introduced with the recommendation of the President.

**14.18 hrs**

## (ii) PHARMACY (AMENDMENT) BILL, 2023*

**माननीय सभापति**: आइटम नंबर 20.

डॉ. भारती प्रवीण पवार जी ।

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. BHARATI PRAVIN PAWAR):** Hon. Chairperson, Sir, on behalf of my senior colleague, Dr. Mansukh Mandaviya ji, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Pharmacy Act, 1948.

**माननीय सभापति:**

"कि भेषजी अधिनियम, 1948 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

**DR. BHARATI PRAVIN PAWAR:** Sir, I introduce** the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, dated 03.08.2023.

** Introduced with the recommendation of the President.

**14.19 hrs**

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने विषयों के अनुमोदित पाठ को 20 मिनट के अंदर व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

### (i) Need to set up FM Radio Stations in Latur, Maharashtra

**श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे (लातूर):** 2018 में लोक सभा में लिखित प्रश्न के उत्तर में बताया गया था कि लातूर में 4 एफ एम चैनल स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। लगभग 3 साल पहले मुझे फिर सूचित किया गया कि एफ एम रेडियो फेज 3 के तहत लातूर में चार एफ एम रेडियो चैनल की नीलामी होने वाली है। परन्तु जनवरी 2020 में सरकार ने घोषणा की कि महाराष्ट्र के 8 शहरों सहित देश के 100 शहरों में एफ एम स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। परन्तु इन 8 शहरों में लातूर का नाम तक नहीं था। पांच वर्ष से किए जा रहे मेरे प्रयास अब पूरी तरह उस समय शून्य हो गए जब माननीय मंत्री जी ने अपने 28 जून 2023 के पत्र द्वारा मुझे सूचित किया कि लातूर में एफ एम स्टेशन स्थापित किए जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। हाल ही में राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर सरकार ने घोषणा की है कि देश के 284 शहरों में 808 एफ एम चैनल स्थापित किए जाने की योजना है। मेरा सरकार से पुन: अनुरोध है कि लातूर के निवासियों की लम्बे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए लातूर में कम से कम 4 एफ एम रेडियो चैनलों की स्थापना कर उन पर शीघ्रातिशीघ्र प्रसारण शुरू करवाने का कष्ट किया जाए।

---

* Treated as laid on the Table.

## (ii) Regarding stoppage of trains at different railway stations in Gorakhpur Parliamentary Constituency

**श्री रवि किशन (गोरखपुर):** मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गोरखपुर के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के ठहराव की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूं लंबे समय से क्षेत्रवासियों की ओर से इन ट्रेनों के ठहराव की मांग की जा रही है। इन ट्रेनों का विवरण निम्नलिखित है:

गाड़ी संख्या 15051, 15211/15212, 12557/12558, 19270/19271 तथा 15112/15114 का ठहराव पिपराइच रेलवे स्टेशन पर एवं;

गाड़ी संख्या 15069/15070, 18201/18205, 18202/18206, 15065/15067 तथा 15066/15068 का ठहराव पीपीगंज एवं कैम्पिरगंज रेलवे स्टेशन पर।

अत: मेरा सरकार से निवेदन है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त ट्रेनों का ठहराव करने की कृपा करें।

## (iii) Regarding drought situation in Chatra Parliamentary Constituency

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** झारखंड राज्य में सुखाड़ की स्थिति बन गई है। जुलाई तक बारिश 274.7 निलीमीटर हुई है जबकि 508 दशमलव 20 मिली मीटर होनी चाहिए थी, 46% बारिश कम हुई है राज्य के सभी जिलों में बारिश की कमी है लेकिन 17 जिलों में हालत ठीक नहीं है पूरे झारखंड में अब तक मात्र 15 फेस की बुआई हो पाई है मेरे लोकसभा क्षेत्र के चतरा जिला में 75% कम बारिश हुई है झारखंड में 2023-24 के लिए 2827460 हेक्टेयर में खरीफ की फसल का लक्ष्य था जिसमें 1800000 हेक्टेयर में धान की फसल लगाना था । कम बारिश के कारण झारखंड में सिर्फ 201548 हेक्टेयर में खेती हुई। चतरा गढ़वा सहित कई जिलों में धान की रोपनी नहीं हुई है लातेहार में 1.875%, पलामू में 1.082% ही धान का आच्छादन हुआ है। मक्का, तिलहन, दलहन और अन्य मोटे अनाज का मात्र 14.7 फीसदी ही आच्छादन हुआ है। केंद्र सरकार ने 12 राज्यों के साथ 7 जुलाई 2023 को सुखाड़ पर एक बैठक का आयोजन किया था मेरे द्वारा जिला प्रशासन चतरा एवं लातेहार को 9 जुलाई 2023 को पत्र लिखा गया था, लेकिन राज्य सरकार ने सुखाड़ की स्थिति पर कोई कदम नहीं उठाया है। विगत साल भी झारखंड में सुखाड़ पड़ा था। मेरे द्वारा मामला लोक सभा में भी उठाया गया था परंतु राज्य सरकार ने केंद्र सरकार को कोई प्रस्ताव नहीं भेजा । मेरी केंद्र सरकार और राज्य सरकार से मांग है कि केंद्रीय स्तर और राज्य स्तर से टीम भेजकर प्रत्येक जिले सुखाड़ की स्थिति का आकलन किया जाए तथा तत्काल किसानों को राहत प्रदान करने के लिए विशेष सुखाड़ राहत योजना के तहत डीबीटी के माध्यम से सहायता व वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए तैयारी करवाई जाए, किसानों को सिंचाई की वैकल्पिक सुविधा के लिए कुसुम योजना एवं सोलर वाटर पंप बोरिंग के साथ उपलब्ध कराया जाए, राज्य की सभी लंबित सिंचाई योजनाओं और क्षतिग्रस्त सिंचाई योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने हेतु ठोस कार्य योजना बनाई जाए ।

## (iv) Need to set up a Maurya Regiment in Army

**डॉ. संघमित्रा मौर्य (बदायूं):** दुनिया के इतिहास में कई राजा महाराजा, नवाब, प्रिंस और सम्राट हुए, खुद को नायक बताते रहे। वह कुछ समय के लिए चमके भी, पर जल्द ही गायब भी होते गए। गायब ही नहीं बल्कि इतिहास से लुप्त हो गए। लेकिन सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य व सम्राट अशोक महान की चमक आज भी फीकी नहीं पड़ी है। वह आज भी एक ध्रुवतारे की तरह चमकदार बने हुए हैं। दुनियाभर में उन्हें दो वजहों से जाना जाता है। पहला - कलिंग युद्ध के लिए और दूसरा - भारत सहित दुनियाभर में बौद्ध धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए। कहते हैं कि जिस समाज का अपना कोई इतिहास नहीं होता उसे दुनिया भूल जाती है, हम तो वो हैं जो आज भारत से बाहर जाते हैं तो कहते हैं कि हम बुद्ध की धरती से भारत आए हैं। हमारे समाज का गौरवशाली अध्याय ही नहीं अपितु शौर्यपूर्ण इतिहास भी रहा है जो सिर्फ़ किताबों और ग्रंथों में ही नहीं बल्कि लोगों के दिलों - दिमाग़ में भी स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। हमारे युवाओं में आज भी भारत को अखण्ड बनाने का जज्बा है। पूरा विश्व जिसके साहस, वीरता और अखण्डता का लोहा मानता है उसके नाम से कोई रेजिमेंट नहीं है। जबकि देश में भिन्न-भिन्न जातियों को मिलाकर 31 रेजीमेंट है। कहते हैं जो जीता वही सिकन्दर आगे का नहीं बोला जाता जबकि पूरा है जो जीता वही सिकन्दर और जिसने सिकन्दर को भी जीता वह है मौर्य। अतः मै सरकार से मौर्य रेजीमेंट बनाने की मांग करती हूं।

## (v) Regarding construction of underpass or overbridge on railway level crossing in Deoria Parliamentary Constituency

**डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (देवरिया):** मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र देवरिया के सदर रेलवे का पूर्वी दाला जिस को पार करके कसया सड़क एवं महुआपाटन सड़क होते हुए बिहार को जोड़ती है। इन दोनों सड़को से हजारों की संख्या में यात्री और वाहन आते है जिनको ढाला पार करके इस शहर में प्रवेश करना होता है। ट्रेन आने की स्थिति मे जब ढाला बन्द रहता है तो बड़ी संख्या में वाहनों की लम्बी कतार दोनों तरफ से लग जाती है जिससे यातायात भी प्रभावित होता है और फिर जाम लगता है और शहर अस्त व्यस्त हो जाता है। अतः रेल मंत्री जी से निवेदन करता हूँ कि उक्त ढ़ाले पर एक अंडरपास या उपर गामी सेतु बनवाने की कृपा करें जिससे यातायात सुगम हो और शहर को जाम से मुक्ति मिले एवं जन भावना का सम्मान हो।

## (vi) Regarding development of archaeological sites in Sivasagar, Assam

**SHRI TOPON KUMAR GOGOI (JORHAT):** It is matter of great concern that the Union Minister of Finance announced at the Union Budget e2020-2021, that the five archaeological sites would be developed (preservation and beautification) as iconic site with on-site museums. How many of the prominent tourism sites had to been chosen for the development (preservation and beautification) as iconic sites in Sivasagar of Assam the detail work plan, the amounts allocated, details for the preservation and beautification of the iconic sites and onsite museum in Sivasagar, Assam may be provided. I urge the Hon'ble Minister of Culture about the works going on the ground and what measure are taken for the fast completion for the development of the iconic sites along with a onsite Museum in Sivasagar, Assam. It should be developed as a big attraction for the international and domestic tourist which will generate lots of employment.

## (vii) Regarding increase in number of therapy sessions for children with autism and make provision for caregiver in severe cases of autism

**श्री सुब्रत पाठक (कन्नौज):** स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की फाइल संख्या एस.11030/86/2022-ईएचएस के अंतर्गत दिनांक 01-05-2023 को औटिज्म के संबंध में सीजीएचएस और सीएस (एमए) के तहत दिशानिर्देश जारी किए गए थे। किन्तु उक्त दिशानिर्देश में जो थेरेपी की सप्ताहवार संख्या निर्धारित की गई है वो बहुत अस्पष्ट है। यदि हम उसी आदेश को आधार माने तो उसके अनुसार प्रत्येक सप्ताह में ओक्युपेशनल थैरेपी, स्पीच थेरेपी, एबीए थेरेपी, स्पेशल एजुकेशन आदि के लिए, तथा जैसा भी केस हो, के लिए प्रत्येक सप्ताह में माइल्ड टू मोडरेट औटिज्म केस में न्यूनतम सत्र 7-11 सत्र और सीवीयर औटिज्म केस में न्यूनतम 12-21 सत्र अधिकतम थेरेपी सत्र की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। मेरा अनुरोध है कि जैसा कि मंत्रालय द्वारा एक सप्ताह में सत्रों की संख्या सुझाई गई है, उसे अधिकतम 6 या 7 सत्र तक निर्धारित न करके सत्रों की संख्या माइल्ड टू मोडरेट औटिज्म केस में न्यूनतम सत्र 7-11 सत्र और सीवीयर औटिज्म केस में न्यूनतम 12-21 सत्र अधिकतम थेरेपी सत्र की अनिवार्य रूप से आवश्यकता है।

इन को सीखने में बहुत कठिनाई होती है। एक milestone को प्राप्त करने में ही इन्हें काफी समय लग जाता है। मैंने ऐसे बच्चों को अपनी आंखो से देखा है। ये बच्चे भूख-प्यास, लेटरीन-बाथरूम, यहां तक कि उन्हें चोट भी लग जाती है तो वे इसको बता नहीं पाते! सीवीयर औटिज्म के मामले में तो ये स्थिति और भी दयनीय होती है। ये बच्चे दूसरों पर पूरी तरह आश्रित होते हैं। इन्हें 24 घंटे देखरेख की आवश्यकता होती है। इन बच्चों के माता-पिता की मानसिक स्थिति और आर्थिक स्थिति बहुत ही तंग होती है, हम उनके कष्टों को महसूस नहीं कर सकते।

सच तो ये है कि इन बच्चों के माता पिता सामान्य जीवन नहीं जी सकते। वे केवल अपने बच्चे में ही लगे रहते हैं। उनको थैरेपी सेंटर लाना ले जाना आदि। कोई भी थेरेपी सत्र 600 रुपए

प्रति सत्र से कम नहीं होती। ये 600 रुपए से 1000 रुपए तक होती है। स्वास्थ्य मंत्रालय से मेरा अनुरोध है कि औटिज्म के सीवियर मामले में कम से कम सीवियर केस में;-

थेरेपी सत्रों को सप्ताहवार बढ़ाकर, (स्पीच 6 दिन, ओटी 6 दिन, स्पेशल एजुकेशन 6 दिन, एबीए-3 दिन) कुल 21 दिन की जाए। (उक्त आदेश में भी यह व्यवस्था की गई है किन्तु इसको क्यूमूलेटिव करके 7 तक सीमित कर दिया गया जो कि असंगत है।

यह भी निवेदन है कि प्रत्येक थेरेपी सत्र के लिए 500 रुपए निर्धारित किया जाए।

औटिज्म के सीवियर मामले में बच्चे की केयर के लिए एक केयर गिवर की आवश्यकता भी है। अत: सरकार से यह भी अनुरोध है कि सीवियर औटिज्म के मामले में CAREGIVER का प्रावधान भी किया जाए और इसके लिए एक तय राशि निश्चित की जाए।

इसके अतिरिक्त निवेदन है कि इन थेरेपीज को बीमा में शामिल किया जाए।

## (viii) Regarding construction of Chhitauni-Tamkuhi railway line in Kushi Nagar Parliamentary Constituency

**श्री विजय कुमार दुबे (कुशीनगर):** मै माननीय रेल मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ कि जिन भी नई रेल परियोजनाओं में विगत वर्षों में सरकार द्वारा करोड़ों-करोड़ रुपये खर्च किये जा चुके हैं, परन्तु अभी तक वो परियोजनाएं, किसी न किसी वजह से अधर में लटकी हुई हैं। इन लंबित रेल परियोजनाओं के कारण, जहां एक तरफ, सरकार को दोहरे राजस्व की क्षति उठानी पड़ रही है, वहीं दूसरी तरफ, ग्रामीण अंचल के लोगों के मन में, जो आशा की किरण जगी थी, वह उम्मीद अब टूटने के कगार पर है। ऐसी ही एक रेल परियोजना का ज्वलंत उदाहरण, हमारे लोक सभा क्षेत्र कुशीनगर में 64 किलोमीटर लंबी छितौनी-तमकुही रेल परियोजना है। जिसमें विगत 7 वर्ष पहले, 4 किलोमीटर तक रेल लाइन बिछाने के बाद, कुछ भूमि अधिग्रहण न हो पाने के कारण यह परियोजना अभी तक लंबित पड़ी है। जिसमें सरकार द्वारा भारी धनराशि लगाने के बाद, इस परियोजना को अधर में रोक देने से, भारी राजस्व की क्षति होने के साथ ही क्षेत्रीय जनता में भारी निराशा का माहौल है।

मैं माननीय रेल मंत्री जी से इस लंबित रेल परियोजना के सभी तकनीकी पहलुओं व अड़चनों को यथाशीघ्र दूर करते हुए, इसे प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किये जाने की मांग करता हूँ। जिससे सरकार क्षेत्रीय जनता की टूटती उम्मीदों पर खरी उतर सके। धन्यवाद ।

## (ix) Need to extend the benefits of government schemes to people living in areas registered in land records as bush-forests in Chhattisgarh

**श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द):** छतीसगढ़ के ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्र के जंगल राजस्व रिकार्ड में बड़े झाड के जंगल भूमि के रूप में दर्ज होकर अनेक पीढ़ियों से यहाँ मकान बनाकर लोग निवासरत है, किन्तु ऐसे कब्जाधारियों को शासकीय योजनाओं जैसे आवास आदि का लाभ बड़े झाड के जंगल राजस्व रिकार्ड में दर्ज होने के कारण नहीं मिल पा रहा है। जबकि उक्त भूमि में अनेक वर्षों से जंगल ही नहीं है, केवल राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। जबकि राज्य सरकार द्वारा घाँस जमीन पर काबिज लोगों की जमीन को आबादी घोषित कर आबादी पट्टा प्रदान किया जा रहा है। वहीं बड़े झाड़ में काबिज लोगों को वंचित होना पड़ रहा है। ऐसी समस्या का समाधान तत्काल प्रभाव से कराए जाने की आवश्यकता है। अत: राजस्व विभाग से मैं पुरजोर मांग करता हूँ कि ऐसे पीढ़ी दर पीढ़ी काबिज लोगों के लिए उक्त नियम को शिथिल करते हुए अतिशीघ्र भूमि स्वामी का हक प्रदान किया जावे, ताकि योजना से वंचित लोग शासन की योजनाओं का लाभ ले सकें।

## (x) Regarding inclusion of Kasaudhan Caste of Jharkhand in the central list of OBCs

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू)**: मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ कि कसौधन जाति एकीकृत बिहार राज्य में एवं झारखण्ड अलग राज्य बनने के बाद भी राज्य की ओबीसी की सूची में शामिल है परंतु केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल नही है। विदित है कि उक्त जाति समाजिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत पिछड़ी हुई है। कसौधन जाति के लोग पलामू संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ झारखण्ड के अन्य जिलों में बड़ी संख्या में निवास करते है तथा उनकी काफी दिनों से मांग रही है कि केन्द्रीय ओबीसी की सूची में उन्हें सम्मिलित किया जाय। उक्त संबंध में कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के सचिव के Letter No &14/Vi-Vi-Pa&10&02/2019 Ka 4194 (अनु), दिनांक 28/08/2020 को समाजिक अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सचिव को पत्र लिखकर अन्य जातियों के साथ-साथ कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में शामिल करने हेतु भेजा गया है। अतः समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार से अनुरोध है कि कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड सरकार के द्वारा भेजे गए उक्त प्रस्ताव पर विचार करते हुए कसौधन जाति को केन्द्रीय ओबीसी की सूची में सम्मिलित करने की कृपा की जाय।

## (xi) Regarding improvement of railway services in Kharagpur Division under South Eastern Railway

**SHRI KUNAR HEMBRAM (JHARGRAM):** I would like to draw the kind attention of the Government to the problems being faced by daily passengers in Kharagpur Division under South Eastern railways due to the revised time table of Santragachi-Jhargram MEMU (08069 up), Kharagpur Tata MEMU (08071), and Tata-Kharagpur MEMU (08056). Jhargram being a district headquarters, many teachers, health workers, bankers, students of different colleges, employees of various offices, traders are take local trains every day from Santragachi, Bagnan, Mecheda, Panskura, Haur, Radhamohanpur, Balichak, Kharagpur to Jhargram for perform their business. With introduction of new time table of Santragachi-Jhargram Memu, daily commuters face utter difficulty. The passengers of Radhamohanpur station suffer a lot as Ghatsila-Howrah Memu Express has no stoppage at Radhamohanpur. In these circumstances, I would request the Hon'ble Minister of Railways to fulfil the following appeals: Revert to the previous time table of Santragachi-Jhargram Memu special at 6.40 am as before Covid Pandemic. Tata-Kharagpur memu (08056) be extended upto Howrah with all stoppages as before. Introduce new stoppage of Ghatsila-Howrah Memu Express at Radhamohanpur. For the interest of daily passengers, introduce a new local train at Jhargram station in between 5.30 pm to 6 pm upto Howrah.

## (xii) Need to provide escalators and elevators at Shahjahanpur Railway Station in Uttar Pradesh

**श्री अरुण कुमार सागर (शाहजहाँपुर):** लोक सभा में मेरे द्वारा पूछे गए और तारांकित प्रश्न संख्या 3386 दिनांक 23-032022 के बारे में बताया गया था कि वित्त वर्ष 2018-19 में शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर दो अदद एस्केलेटर और दो अदद लिफ्ट की स्वीकृति दे दी गई है तथा मौजूदा ऊपरी पैदल पार पुल (एफओबी) पर सुसंगतता न होने का कारण स्वीकृत उपर्युक्त स्केलेटरों और लिफ्टों को अभी संस्थापित नहीं किया गया है।

मेरे द्वारा दिनांक 24-07-2019 में पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 5142 के बारे में यह बताया गया कि शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन पर 04 अदद एस्केलेटर और 02 अदद लिफ्टें लगाने के लिए प्रावधान कर दिया गया है। लेकिन मुझे दुख है कि इस संदर्भ में अब तक कोई प्रगति नहीं हुई है।

मैं यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र शाहजहांपुर स्थित रेलवे स्टेशन पर जन सामान्य, विशेषतः बीमार और वरिष्ठ नागरिकों को सीढ़ियों के उपयोग में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा भीड़ भाड़ की स्थिति में गंभीर दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं। अतः ऐसी स्थिति में वहां ऊपरी पैदल पार पुल (एफबीओ) पर सुसंगतता बनाकर स्वीकृत एस्केलेटरों और लिफ्टों को जनहित में तुरंत संस्थापित किए जाने की आवश्यकता है।

अत मेरा अनुरोध है कि शाहजहांपुर स्थित रेलवे स्टेशन पर स्वीकृत किए गए एस्केलेटर और लिफ्टों को तुरंत संस्थापित किए जाने हेतु निर्देश प्रदान किए जाएं और इसमें अब तक किन कारणों से विलंब हुआ है, इसके लिए जिम्मेदारी सुनिश्चित कर विभागीय कार्रवाई की जाए।

## (xiii) Regarding review of projects for development of religious sites in Deoghar

**DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA):** Deoghar is an important religious hub and is home to one of the twelve Jyotirlingas and a Shaktipeeth with upwards of fifty million people visiting the pious city annually. I urge to chalk out a comprehensive programme in which previously sanctioned projects shall be reviewed and new projects will be tabled for further development in the backward region. Q-Complex, which received a grant of Rs. twenty-five crore from the Government of India in the year 2012 is lying unfinished. The Ministry of tourism has included Deoghar city in the PRASAD Yojana. At the time of its inclusion, I had raised an issue concerning the narrow streets of the city leading to the temple to be widened. The Prime Minister in the year 2015 had announced a package for the development of religious sites in the region, especially the Sultanganj to Deoghar corridor for the betterment of the facilities in the Kanwar Yatra and the overall holistic development of religious sites in the area. The Deoghar, Santhal Pargana, and Jharkhand region is the hub of numerous religions, including Jainism and Hinduism. A comprehensive plan should be chalked out for the development of a circuit which connects the major religious hubs of the pious region. This circuit will impact India's reputation globally. Parasnath, Deoghar, Basukinath, Maluti, Tarapith, Vikramshila, Bateshwarsthan, Mandar, Champapuri, sultanganj, Karangari in Munger are all pivotal religious hubs with hundreds of millions of devotees flocking to these temples annually to pay their respects. The Food Craft

Institute is an incomplete project in Deoghar. Thus, I request to complete the projects for the development of the backward region.

## (xiv) Need to expedite works on NH No. 351

**श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली):** मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग- 351 के पैकेज-2 से जुड़ा है। जो गाँव बाढ़डा से गाँव गावडका को जोड़ता है । इस राष्ट्रीय राजमार्ग को टू-लेन से फोरलेन में परिवर्तित करने की अनुमति काफी समय पहले ही मिल चुकी थी, लेकिन अब तक इसका एलाइनमेंट कार्य चल रहा है और इसके बाद भूमि अधिग्रहण का कार्य भी होना बाकि है। इस प्रोजेक्ट के लंबित पड़े एलाइनमेंट कार्य के धीमी गति से चलने के कारण यह प्रोजेक्ट और ज्यादा विलम्बित हो रहा है। जनता द्वारा इस की कई वर्षों से पुरानी मांग है और इस प्रोजेक्ट से जनता को पूरी उम्मीद है की यह राजमार्ग फॉर-लेन में परिवर्तित किये जाने से यातायात और बेहतर होगा । अतः मेरा माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि इस कार्य की गति में तेजी लाने के लिए उचित कार्यवाही करने की कृपा करें, जिससे यह प्रोजेक्ट जल्द से जल्द पूरा हो सके।

## (xv) Regarding alleged irregularities in implementation of Jal Jeevan Mission in Rajasthan

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** भारत सरकार के द्वारा जल जीवन मिशन के तहत माननीय प्रधानमंत्री जी के निर्देशन अनुसार देश के हर घर में नल से साफ़ जल पहुंचाने की अत्यंत ही महत्वाकांक्षी योजना पर कार्य किया गया हैं। राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है और पानी की भारी किल्लत रहती है, इस पर विशेष ध्यान देते हुए भारत सरकार द्वारा राजस्थान को सर्वाधिक राशि जारी किये जाने का कार्य किया गया हैं। लेकिन राजस्थान सरकार द्वारा केंद्र की योजना होने के कारण अभी तक इस पर प्रभावी कार्य नहीं किया गया है। राजस्थान में पिछले दिनों जल जीवन मिशन के तहत भ्रष्टाचार अनियमितता के कई मामले सामने आए हैं, सरकार द्वारा अभी तक इस विषय पर कोई भी प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है। जिसकी वजह से इतनी बेहतरीन योजना का क्रियान्वन सही नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों ही राजस्थान में दो कंपनियों के द्वारा जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ियाँ करने का मामला सामने आया था । मेरा सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान राज्य में जल जीवन मिशन के तहत सामने आ रही गड़बड़ियों व अनियमितताओं की शिकायतों की जांच केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा करवाई जाए, और राज्य सरकार को निर्देशित किया जाए कि इस योजना का सही क्रियान्वन करे ।

## (xvi) Regarding a policy of flexible working hours for women

**श्री भोला सिंह (बुलंदशहर):** भारत में, अपनी क्षमताओं, शिक्षा और योग्यता के बावजूद, विभिन्न सांस्कृतिक बाधाओं के कारण महिलाएं कार्यबल में प्रवेश करने में असमर्थ हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व नाममात्र का है। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार, 2021-22 के दौरान महिलाओं के लिए अनुमानित श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर) 32.8% थी। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की जेंडर गैप रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत 146 देशों में से 135वें स्थान पर है। श्रम और रोजगार मंत्रालय अमृत काल में 2047 के लिए अपना दृष्टिकोण तैयार कर रहा है। प्रधान मंत्री ने 2022 में श्रम मंत्रियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान इस बात की वकालत की है कि भविष्य में लचीले कार्यस्थलों, पारिस्थितिकी तंत्र और लचीले कार्य घंटे और घर से काम करने की आवश्यकता है। हम लचीले कार्यस्थलों जैसी प्रणालियों का उपयोग महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी के अवसरों के रूप में कर सकते हैं। सरकार को विभिन्न नीतिगत हस्तक्षेपों और विशेष प्रावधानों के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने की तत्काल आवश्यकता है। मैं माननीय श्रम एवं रोजगार मंत्री से कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए लचीले कार्य घंटों के लिए एक विस्तृत नीति पेश करने का अनुरोध करता हूं।

## (xvii) Need to waive the penalty for not linking Aadhar Number with PAN

**SHRI KOMATI REDDY VENKAT REDDY (BHONGIR):** As the House is aware, the Ministry of Finance has issued orders to mandatorily link the Aadhaar and PAN. In this context, it is not out of place to mention here that, people are facing various problems including Internet and server connections due to which they could not link the same and especially in Telangana, people are facing difficulties in Mee Seva Kendras to link Aadhar and PAN. Most people don't know what to do and how to link the same and penalizing the common man with rupees one thousand is an irony. Linking Aadhar and PAN Card numbers is very much sensitive, and cyber security issues will also pose many challenges which is a great concern for all of us. Around 30 crore people in the country have not linked PAN-Aadhar till now and for this they have to shell out Rs. 3 lakh crores which is a unnecessary financial burden. Therefore, I request the Hon'ble Minister of Finance, to kindly review the matter and re-think about common people for a moment in the interests of the common man and completely waive the penalty.

## (xviii) Need to restore deleted job cards under MGNREGS

**SHRI V. K. SREEKANDAN (PALAKKAD):** Over 5 crore job cards have been deleted in 2022-23 and 7.4 million so far during this financial year as per the Management Information System of MGNREGS and a reply given to a Starred Question in Lok Sabha on 25.07.2023. The main reason for the deletion of such a large number of job card holders was due to the non linkage of job cards with Aadhaar initiated by the Union Government for wage payment and digital attendance and not largely because of the reasons cited in the said reply. It is a well-known fact that net connectivity in rural areas is an issue. During Covid-19 several young children suffered education online due to poor net connectivity in rural areas. Rural masses should not be punished for lack of net connectivity which prevented them from linking job card with Aadhaar. The prime objective of MGNREGS is to take care of rural areas where everything lacks, including internet connectivity. MGNREGS is a right of rural people and not a consideration. Therefore, I request the Government to revert back to the method as existed earlier in respect of Aadhaar and wage payment and restore job cards of those whose names have been deleted urgently.

## (xix) Regarding development of park and associated area of Payyambalam into an open military museum in Kannur Parliamentary Constituency

**SHRI K. SUDHAKARAN (KANNUR):** The park and associated areas of Payyambalam in my Parliamentary Constituency, Kannur, urgently require rehabilitation as an open military museum. Payyambalam beach is a popular tourist spot within the Kannur Corporation limits, attracting visitors worldwide. The Kerala Tourism Department previously developed a park in the region by removing over 2000 tonnes of sand two decades ago. Additionally, it offers the best view of Payyambalam. However, the current state of the location is deplorable. The approximately 65-cent area is completely neglected and overgrown due to a legal dispute with the Ministry of Defence over ownership. Antisocial elements have taken advantage of the dilapidated condition, causing public disturbances. Transforming the area into a significant tourist center is crucial. Rehabilitating the center as an open military museum would attract thousands of tourists and provide a fresh experience for students and the public. The intervention of the Hon'ble Minister of Defence is requested to rehabilite the park and associated areas in Payyambalam into an open military museum.

## (xx) Regarding extension of train services to Salem

**SHRI S.R. PARTHIBAN (SALEM):** Currently, only two trains operate from Salem: the 13351 Alappuzha Express at 5:22 am and the 12626 Kerala Express at 9:45 am. Unfortunately, there is a gap of around four and a half hours between these two services, leaving passengers without transportation options. Similarly, from Coimbatore, the only trains available are the 17229 Sabari Express at 4:25 pm and the 16382 Pune Express at 8:00 pm, leaving a four-hour gap between them. This lack of train services during these intervals has severely impacted the lives of residents. Daily wage workers, contract workers, college students, government and officials, entrepreneurs, who heavily rely on bus transportation, face immense hardship. They are forced to spend a significant portion of their income on bus travel expenses, which creates a substantial financial burden for them and their families. To address this issue, we propose extending Train number 06801, currently running from Erode to Coimbatore at 7:50 am, to start from Salem at around 7 am. Similarly, Train number 06800, travelling from Coimbatore to Erode at 6:10 pm, could be extended to Salem. These extensions would greatly improve transportation options and alleviate the difficulties faced by the residents of Salem and its surrounding areas.

## (xxi) Regarding Polavaram Irrigation Project

**SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY):** The intermediate benefits from the Polavaram Irrigation Project on the Godavari River can be achieved with the swift execution of the project up to the Minimum Draw Down Level of +41.15 mts. The ad hoc funds required to assessed as Rs. 17,148 cr. I would like to request the Government that additional funds required to complete the project up to the Full Reservoir Level (FRL) +45.72 mts is assessed at Rs. 55,000 crore as revised estimation cost (2019-20) to realise the full contemplated benefits. However, the unprecedented floods in the Godavari experienced during 2021 & 2022 and their subsequent impact on the surrounding areas has expedited the need for immediate rehabilitation and relief provision to the project evacuees. The Centre has agreed to revise ad hoc grant estimates to Rs 17,148 crore from Rs 12,911 crore keeping in view the state government's request. Hence, due to the circumstances created by the Godavari floods, I request the Government to release the sanctioned funds on an ad-hoc basis, pending the final assessment of the revised costs so that the construction works of the project can proceed smoothly and to enable the Government of Andhra Pradesh to continue the execution of the multi-purpose irrigation project including land acquisition and providing rehabilitation facilities without any delay.

## (xxii) Need to extend rail travel concessions to partially visually impaired persons

**SHRI GAJANAN KIRTIKAR (MUMBAI NORTH-WEST):** Railway extends rail travel concessions to persons with disability. In the case of blindness, the rail travel concession is available to persons with 100% disability only and not to those whose disability is less than 100%. It has further been observed that persons with disabilities like hearing disability, the concession is available even if disability is upto 40% only. The denial of railway concession to partially blind persons has caused lot of difficulty to partially blind persons. This is huge injustice meted out to blind person with less than 100% blindness. I urge upon the Government to intervene immediately and carry out necessary amendments in the rules at the earliest to do away injustice being meted out to blind persons with less than 100% blindness.

## (xxiii) Regarding sharing of premium subsidy between the Centre and State under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** According to Section 21.5 of Revamped Operational Guidelines of PMFBY perils like hailstorm, inundation, landslide, cloudburst, natural fire due to lightening etc. have been included under risk scenario of localized calamity. However, as mentioned at Section 21.5.10, loss of crops like paddy, sugarcane, jute and mesta due to inundation are not included under this provision as they are considered hydrophilic crops. It is pertinent to mention that because of such exclusion the paddy growing farmers who account for more than 95% of the insured farmers are deprived of the benefits of the PMFB in case of loss to their crops because of inundation. I request the Government for appropriate amendments in the provisions of be Operational Guidelines of PMFBY so that more farmers can covered/benefitted under the Scheme. In Section 5.2.5 of the Revamped Operational guidelines the loss of crop due to attack by wild animals can be covered under PMFBY. However, it has been mentioned that the state government may provide premium subsidy for this risk coverage. I request the Union Government to consider sharing the premium subsidy between the Centre and State in the ratio of 80:20 instead of 50:20 under PMFBY.

## (xxiv) Regarding operationalisation of Shrawasti Airport, Uttar Pradesh

**श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** मैं सरकार का ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) में स्थित विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थल श्रावस्ती की तरफ दिलाना चाहता हूँ। जहां भगवान बुद्ध ने अपने जीवन काल के सबसे अधिक 24 से 25 वर्ष व्यतीत किये थे और धम्म परिवर्तन और विश्व शांति का उपदेश दिया था। इस विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक पर्यटन स्थल को देखने के लिए देश के कोने-कोने से और विदेशों से लाखों पर्यटक एवं बौद्ध अनुयायी प्रतिवर्ष श्रावस्ती आते हैं। यह जिला आकांक्षी जिलों के अंतर्गत आता है। दो साल पहले नागर विमानन मंत्रालय द्वारा श्रावस्ती एयरपोर्ट को चालू करने की घोषणा भी की गई थी, परंतु अभी तक श्रावस्ती एयरपोर्ट को चालू नहीं किया गया है। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि 'श्रावस्ती एयरपोर्ट' को जल्द से जल्द चालू कराया जाए जिससे श्रावस्ती बलरामपुर की जनता के साथ साथ ऐतिहासिक बौद्ध तीर्थ स्थल को देखने के लिए देश के कोने -कोने से और विदेशों से लाखों पर्यटक एवं बौद्ध अनुयायियों को इसका लाभ मिल सकें और इस क्षेत्र का विकास हो सके।

## (xxv) Regarding construction of bridges on rivers in Khagaria Parliamentary Constituency

**चौधरी महबूब अली कैसर (खगड़िया):** मैं सरकार का ध्यान खगड़िया लोक सभा के अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर ले जाना चाहता हूं मेरा संसदीय क्षेत्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है एवं यहां से बहुत सारी नदियां गुजरती हैं जो क्षेत्रों को कई भागों में बांट देती है। मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि खगड़िया जिला के अंतर्गत अलौली प्रखंड के मोहरा घाट, बेलदौर प्रखंड के केजरी घाट, सहरसा जिला अंतर्गत सिमरी बख्तियारपुर सबडिवीजन अंतर्गत चिकन घाट तथा समस्तीपुर जिला के विद्दल प्रखंड के परी घाट पर हाई लेवल पुल का निर्माण किया जाए।

## (xxvi) Regarding alleged under-utilization of funds under Pradhan Mantri Jan Vikas Karyakram (PMJVK)

**SHRI SYED IMTIAZ JALEEL (AURANGABAD):** I would like to draw the attention of the Government to a pressing concern regarding the unutilized funds under the Pradhan Mantri Jan Vikas Karyakram (PMJVK) within your Ministry. Recent reports have disclosed that a substantial amount of approximately Rs 4,500 crore allocated for the PMJVK remains unused by the states. This unfortunate situation arises due to the unavailability of utilization certificates, hindering the disbursement of further funds under the scheme. Equally concerning is the revelation that over 58,000 units of infrastructure projects have been sanctioned between 2008 and 2018-2019 which have been cancelled or dropped due to perceived viability issues, following discussions between the Ministry of Minority Affairs and the states. The Pradhan Mantri Jan Vikas Karyakram (PMJVK) earlier known as Multi-sectoral Development Programme (MsDP), a centrally sponsored scheme and is implemented in 1300 identified Minority Concentration Areas(MCAs) of the country with the objective to develop socio-economic assets and basic amenities in these areas. Since May 2018, the scheme has been implemented as the Pradhan Mantri Jan Vikas Karyakram (PMJVK). In light of these disconcerting revelations, I earnestly request the Honorable Minister to shed light on the reasons behind the under-utilisation of funds and present concrete measures to rectify this issue.

## (xxvii) Need to regularize the services of temporary employees in government sector and PSUs

**श्री नव कुमार सरनीया (कोकराझार):** केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में लाखों लोग अस्थायी तौर पर सालों से नौकरी कर रहे हैं। उन लोगों की नौकरी अभी तक नियमित नहीं हुई है और उन्हें सामाजिक सुरक्षा की कोई सुविधा भी नहीं मिलती है। सरकारी पीएसयू में भी ऐसे बहुत से लोग काम कर रहे हैं जिनकी नौकरी अभी तक नियमित नहीं हुई है। देश में लाखो अस्थायी कर्मचारी अपनी नौकरी स्थायी करने के लिए अभी भी सड़क पर छत्तीसगढ़ से लेकर, मध्यप्रदेश असम तक भूख हड़ताल तथा असहयोग आंदोलन कर रहे हैं और अनुकम्पा के आधार पर भी बहुत से लोगों की नौकरी पक्की नहीं हो पाई है। असम में भी स्कूल के शिक्षकों का नियमितिकरण और स्कूलों का सरकारीकरण नहीं हो रहा है। इसलिए मेरी मांग है कि इन लोगों के लिए केंद्र सरकार की ओर से कुछ विशेष आर्थिक पैकेज राज्यों को प्रदान करें और सभी हमारे अस्थायी कर्मचारी को नियमित करें और सभी तरह के सामाजिक सुरक्षा के दायरे में उन्हें लाना चाहिए और साथ ही असम के शिक्षकों का नियमितिकरण और स्कूलों का सरकारीकरण जल्द से जल्द हो।

## (xxviii) Need to declare the promotion results of DRDO and DAE Scientists

**श्री महाबली सिंह (काराकाट):** मैं डीआरडीओ डीएई वैज्ञानिकों की पदोन्नति परिणाम पूर्व की तरह समय सीमा के अंदर जारी करने के संबंध में भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। देश की सेवा में डीआरडीओ हमारे सशस्त्र बलों को रडार, मिसाइल, सिस्टम, टैंक, पनडुबी और विमान जैसी कई अत्याधुनिक प्रणालियां प्रदान करता रहा है | वैश्विक महामारी कोविड के दौरान डीआरडीओ वैज्ञानिकों ने नागरिकों को समय सीमा के अंदर चिकित्सा सुविधा प्रदान कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । मैं सरकार को यह भी अवगत कराना चाहता हूं कि पूर्व में डीआरडीओ के उच्च ग्रेड वैज्ञानिकों के साथ साथ डीएई वैज्ञानिकों को भी पदोन्नति को प्रदान किया जाता था, लेकिन पिछले दो वर्षों से 2021-2022 के प्रमोशन के नतीजों को रोक दिया गया है। जो कि हमारे वैज्ञानिकों को हतोत्साहित करने वाला निर्णय है। मैं केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि डीएई वैज्ञानिकों को पदोन्नति के परिणाम शीघ्रातिशीघ्र जारी किए जाएं।

---

**विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, मैं एक अनुरोध करना चाहता हूं कि आज की संशोधित कार्यसूची में आइटम नंबर 22 लिस्टेड है, उसके स्थान पर आइटम नंबर 23 और 24 अर्थात् दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023 को ले लिया जाए।

**माननीय सभापति**: क्या इस पर सभा की सहमति है?

**अनेक माननीय सदस्य**: हां-हां।

**माननीय सभापति**: आइटम नंबर 23 और 24 एक साथ लिए जा रहे हैं।

**<u>14.19 hrs</u>**

## STATUTORY RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI (AMENDMENT) ORDINANCE, 2023 (No. 1 of 2023) AND GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI (AMENDMENT) BILL, 2023

**माननीय सभापति**: अधीर जी, आप अपने स्थान पर आइए।

… (व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON:** I will wait. Please join.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Adhir Ranjan Chowdhury Ji.

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Hon. Chairperson, Sir, I beg to move the following resolution:

"That this House disapproves of the Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Ordinance, 2023 (No. 1 of 2023) promulgated by the President on 19.5.2023."

**गृह मंत्री तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह):** महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

माननीय महोदय, जब इसको संसद के सामने मेरे साथी नित्यानंद जी ने पेश किया, तब थोड़ा शोर-शराबा भी हुआ। … (व्यवधान)

**14.20 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

**माननीय अध्यक्ष**: अगर ऐसे सदन चले, तो अच्छा लगता है।

**श्री अमित शाह**: कुछ मान्यवर सदस्यों ने मुद्दे उठाए थे कि यह विधेयक, जिसे हम लेकर आए हैं, उस विधेयक को लाने का अधिकार नहीं है। संविधान के तहत संसद की कॉम्पिटेंसी पर भी सवाल उठाए गए हैं। दूसरा, यह मुद्दा उठाया गया कि मैं इस विधेयक को लेकर सदन के सामने उपस्थित हुआ हूं, तो यह विधेयक सुप्रीम कोर्ट के जजमेंट की भावनाओं के विरुद्ध है।

मान्यवर, सबसे पहले मैं इन दोनों चीजों का बहुत डिटेल्ड जवाब देना चाहता हूं, क्योंकि उस वक्त जब मैं खड़ा हुआ था, तब विपक्ष का मूड़ सुनने का नहीं था, लेकिन आज कुछ अच्छा मूड़ दिखता है। … (व्यवधान) मान्यवर, जहां तक कॉम्पिटेंसी का सवाल है तो संघ राज्य क्षेत्र का प्रशासन संविधान के भाग 8 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत आता है। अनुच्छेद 239 से 242 तक इसकी कार्यरीति को संविधान में वर्णित किया गया है। अनुच्छेद 239 के एए में विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिसके तहत दिल्ली विधान सभा सहित एक संघ शासित प्रदेश है, तो दिल्ली न तो पूर्ण राज्य है, न संघ शासित प्रदेश है, न संघ शासित प्रदेश विद असेंबली, क्योंकि यह राजधानी क्षेत्र है, इसको ध्यान में रखते हुए 239 एए में इसका एक विशेष प्रावधान संविधान के तहत किया गया है। मैं इसकी डिटेल बाद में बताऊंगा। अब कहा गया कि भारत सरकार को इसके बारे में कानून बनाने

का अधिकार नहीं है, ऐसा विषय कुछ सदस्यों के द्वारा रखा गया। मैं इस सदन का ध्यान अनुच्छेद 239 एए (3)(बी) की तरफ दिलाना चाहता हूं। अनुच्छेद 239 एए (3)(बी) बहुत स्पष्ट है। इसके तहत इस संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र या इसके किसी भी भाग के बारे में उससे संबंधित किसी भी विषय पर कानून बनाने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है। इसलिए कुछ सदस्यों ने जिस बात को इंट्रोडक्शन के वक्त यहां उठाने का प्रयास किया था, मेरा दायित्व बनता है, उस वक्त माहौल ठीक नहीं था, तो आज उसका मैं ढंग से जवाब दूं।

मान्यवर, कुछ सदस्यों ने हाथ में सुप्रीम कोर्ट का जजमेंट रखकर यह भी कहा कि सर्वोच्च अदालत के आदेश का उल्लंघन करके इसको लाया गया है। मैं उन सभी सदस्यों को विनती करना चाहता हूं कि आपने सर्वोच्च अदालत के आदेश का अपना मनपसंद हिस्सा ही पढ़ा है।

जब सर्वोच्च अदालत के आदेश को सदन में कोट करते हैं तो सम्पूर्ण आदेश का अध्ययन होना जरूरी होता है। उसका दूसरा हिस्सा भी पारदर्शिता के साथ सदन के सामने रखना चाहिए। खैर, जिन्होंने नहीं रखा, नहीं रखा, लेकिन मैं रख देता हूँ। मैं स्पष्ट करना चाहता हूँ कि यह जो विधेयक है, इसमें उन्होंने सर्वोच्च अदालत के निर्णय को रैफर किया है। मैं उसके पैरा 86, पैरा 95 और विशेषकर पैरा 164(एफ) की ओर ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। उसमें स्पष्टता से कहा गया है कि संसद को 239 एए के तहत दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के किसी भी विषय पर कानून बनाने का अधिकार है। यह अदालत ने अपने जजमेंट के अन्दर बहुत स्पष्ट कर दिया है।

मान्यवर, अब मैं थोड़ा विधेयक पर बात करना चाहूंगा। दिल्ली शासन की एक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि है। दिल्ली की स्थापना सन् 1911 में अंग्रेजों के शासन के द्वारा महरौली और दिल्ली, दो तहसीलों को पंजाब प्रांत से अलग करके की गई थी। सन् 1919 और 1935 में ब्रिटिश सरकार ने चीफ कमिश्नर प्रोविंस का नोटिफिकेशन किया और दिल्ली को चीफ कमिश्नर प्रोविंस के तहत रखा गया।

आजादी के बाद पट्टाभि सीतारमैया समिति ने दिल्ली को राज्य स्तर का दर्जा देने की सिफारिश की थी। हालांकि, जब सिफारिश संविधान सभा के समक्ष आई, चूँकि मेरा विपक्ष के

सदस्यों से विनम्रता से अनुरोध है कि इस बात को जरा गौर से सुनिएगा। पट्टाभि सीतारमैया समिति की सिफारिश जब सदन के सामने आई, तब पंडित जवाहर लाल नेहरू जी, श्रीमान सरदार पटेल जी, राजाजी, श्री राजेन्द्र प्रसाद जी और डॉ. अम्बेडकर जी जैसे नेताओं ने इसका विरोध किया कि यह उचित नहीं होगा कि दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया जाए। मैं फिर से एक बार रिपीट करता हूँ कि किस-किसने विरोध किया था। पंडित जवाहर लाल नेहरू जी ने किया था, सरदार पटेल जी ने किया था, राजाजी ने किया था, राजेन्द्र प्रसाद जी ने किया था और डॉ. अम्बेडकर जी ने भी इसका विरोध किया था। उस वक्त पंडित नेहरू जी की एक चर्चा के हिस्से को मैं सदन के सामने रखना चाहता हूँ – "दो साल पहले सदन ने एक समिति, सीतारमैया समिति की नियुक्ति की और अब जब रिपोर्ट आई है, तब दुनिया बदल गई है। भारत बदल गया है और दिल्ली काफी हद तक बदल गई है इसलिए दिल्ली में हुए इन परिवर्तनों की परवाह किए बगैर उस समिति की सिफारिशों को स्वीकार नहीं कर सकते हैं और स्वीकार करना वास्तविकता से पूरी तरह मुंह मोड़ लेना होगा।" एक समय तो नहेरू जी ने संविधान सभा के सदस्यों को यहां तक कहा कि "चूँकि नई दिल्ली में तीन-चौथाई सम्पत्ति केन्द्र सरकार की है इसलिए तर्क संगत यही होगा कि इसको केन्द्र के अधीन रखा जाए।" बाद में जब डॉ. अम्बेडकर जी ने समापन किया, तब उन्होंने कहा कि "जहां तक दिल्ली का सवाल है, हमें ऐसा लगता है कि भारत की राजधानी के रूप में शायद ही किसी स्थानीय प्रशासन को मुक्त अधिकार यहां पर दिए जा सकते हैं।" संयुक्त राज्य अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में जो राजधानी के क्षेत्र हैं, इसकी मिसाल भी उन्होंने वहां पर दी और उन्होंने कहा कि इसके लिए एक अलग व्यवस्था करनी चाहिए और संविधान सभा में इसको जोड़ना चाहिए। खैर, मैं इसलिए कहता हूँ कि आप जिस चीज का विरोध कर रहे हैं, यह सिफारिश किसकी थी, यह आपको मालूम होना चाहिए। यह पंडित जवाहर लाल नेहरू जी की सिफारिश थी।

मान्यवर, उसके बाद वर्ष 1951 पार्ट-सी स्टेट्स एक्ट के द्वारा दिल्ली को विधान सभा दी गई। परन्तु, वर्ष 1956 में राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों पर दिल्ली की विधान सभा हटा कर, उसको संघ राज्य घोषित किया गया। लगभग तीन दशक तक यह व्यवस्था चलती रही। वर्ष

1987 में सरकारिया कमेटी बनी, जो बाद में बालाकृष्णन कमेटी के रूप में जानी गई और वर्ष 1991 में 69वां संविधान संशोधन किया गया। इसके बाद दिल्ली राजधानी राज्य क्षेत्र शासन अधिनियम, 1991, जिसमें मैं आज संशोधन लेकर आया हूं, इसको इस महान सदन में पारित किया गया। उसी विधेयक के अंदर, संविधान संशोधन के अंदर आर्टिकल 239एए, जिसका मैंने जिक्र किया है, उसमें इस संसद को राजधानी क्षेत्र के किसी भी हिस्से के लिए, किसी भी कार्य के लिए कानून बनाने के लिए संपूर्ण अधिकार संसद को देने का काम किया गया है।

मान्यवर, समस्या कहां से शुरू हुई है? वर्ष 1993 से व्यवस्था चली आ रही थी। कभी भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई, कभी कांग्रेस पार्टी ने शासन किया। कभी ऊपर कांग्रेस का शासन था, तब वहां हमारी सरकार थी। कभी ऊपर कांग्रेस की सरकार थी, तब नीचे हमारा शासन था। मगर कोई झगड़ा नहीं हुआ। सब कुछ ठीक चल रहा था, क्योंकि किसी की मंशा अधिकार हथियाने की नहीं थी, सेवा करने की थी। कांग्रेस पार्टी ने भी भाजपा के साथ झगड़ा नहीं किया, भाजपा ने भी कांग्रेस सरकार के साथ झगड़ा नहीं किया और बहुत अच्छी तरह से चल रहा था। कोई डिसप्यूट नहीं, कोई झगड़ा नहीं। वर्ष 1915 में स्थिति बदली और यहां … (व्यवधान) सॉरी, वर्ष 2015 में यहां स्थिति बदली और यहां एक ऐसे दल की सरकार आई, मुझे कहने में कोई झिझक नहीं है, जिसका मकसद सेवा करना है ही नहीं, झगड़ा करना है।…(व्यवधान)

**श्री सुशील कुमार रिंकू (जालंधर):** अध्यक्ष महोदय, हमारा मकसद झगड़ा करना नहीं है।…(व्यवधान)

**श्री अमित शाह**: अनेक पार्टियों के मुख्य मंत्री रहे। अनेक पार्टियों की मिली-जुली सरकार रही, शुद्ध रूप से सरकार रही। मगर राष्ट्र सेवा करने में और जन सेवा करने में किसी भी पार्टी को कोई दिक्कत नहीं आई। मैं बाद में बात करूंगा कि क्या दिक्कत है? मैं उसकी भी डिटेल में बात करूंगा कि प्रॉब्लम क्या है? प्रॉब्लम ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार का नहीं है। विजिलेंस को कंट्रोल में लेकर बंगला जो बना दिया है, जिसका सत्य छुपाना है।…(व्यवधान) जो भ्रष्टाचार हो रहा है, इसका सत्य छुपाना है।…(व्यवधान)

**श्री सुशील कुमार रिंकू :** अध्यक्ष महोदय, लोग आम आदमी पार्टी को वोट कर रहे हैं।…(व्यवधान) आपकी नाक के नीचे…(व्यवधान)

**श्री अमित शाह**: मान्यवर, उसके बाद में वर्ष 2015 में अचानक ही दिल्ली राज्य सरकार ने एक सर्कुलर निकाला, जिसमें उन्होंने ट्रांसफर पोस्टिंग के अधिकार अपने हाथ में लिए। केन्द्र सरकार ने एक नोटिफिकेशन निकाला, उसको माननीय हाई कोर्ट में चैलेंज किया गया। माननीय हाई कोर्ट का फैसला केन्द्र सरकार के पक्ष में आया। इसको माननीय सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज कर दिया गया। उसमें खंडित जनादेश आया। फिर संविधान पीठ बनी। संविधान पीठ ने कुछ फैसले कर के नीचे फिर से दो जजों की बेंच को दिया। उसमें भी सहमति नहीं बन पाई और फिर से संविधान पीठ बनी, जिसने अभी-अभी फैसला दिया है।

मान्यवर, वह जो इंटरप्रेटेशन है, वह इंटरप्रेटेशन उन्होंने कानूनी और मोरल दृष्टि से नहीं किया। उन्होंने इंटरप्रेटेशन कानून की स्थितियों का करते हुए यह कहा है कि फिर भी देश की संसद और भारत सरकार को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र के लिए हर प्रकार का कानून बनाने का अधिकार है। वह अधिकार का उपयोग करके एक नोटिफिकेशन निकाला गया और वह नोटिफिकेशन इसलिए निकालना पड़ा कि संसद उस वक्त काम नहीं कर रही थी। मतलब संसद बैठी नहीं थी और बैठकें चल नहीं रही थीं तो नोटिफिकेशन निकला। संसद सत्र की अनुपस्थिति में जो नोटिफिकेशन निकला, इसको मैं यहां लेकर आया हूं और जिसे आज सदन में चर्चा के लिए मैंने आप सब के सामने रखा है। मेरी सभी पक्षों के सदस्यों से विनती है कि चुनाव जीतने के लिए किसी का समर्थन हासिल करने के लिए विधेयक का समर्थन करना या विरोध करना, ऐसी राजनीति नहीं करनी चाहिए। नया गठबंधन बनाने के अनेक प्रकार होते हैं… (व्यवधान) नया गठबंधन बनाने के अनेक प्रकार होते हैं। हम विधेयक और कानून देश के भले के लिए लेकर आते हैं। इसका विरोध या इसका समर्थन भी देश और दिल्ली के भले के लिए करना चाहिए। अगर हमारी राजनीति में स्वीकृति थोड़ी कम है, सब को मिलाना है तो दिल्ली का जो होना है, वह हो, जितना भ्रष्टाचार होना है, वह हो। मंत्री कुछ भी करें, मुख्यमंत्री करोड़ों रुपये के बंगले बनाएं, मगर हम विपक्ष में रहते हुए समर्थन करेंगे,

क्योंकि हमें गठबंधन बनाना है।… (व्यवधान) इस तरह से नहीं सोचना चाहिए। मेरी विपक्ष के सदस्यों से अपील है कि आप दिल्ली के बारे में सोचिये, अलायंस की मत सोचिये। अलायंस से फायदा नहीं होने वाला है।… (व्यवधान) अलायंस होने के बाद भी पूर्ण बहुमत से नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बनने वाले हैं। इसलिए इस अलायंस के कारण जनता के हितों की बलि मत चढ़ाइये।… (व्यवधान) जनता सब देख रही है। अगर आप अलायंस करके ऐसा सोचते हो कि जनता का विश्वास हासिल कर लिया जाएगा, जनता का विश्वास आपको मिला था, मगर जिस तरह से 10 साल यूपीए ने शासन चलाया, 12 लाख करोड़ रुपये के घपले, घोटाले करे, इसलिए आज आप वहां बैठे हैं।… (व्यवधान) मैं फिर से कहना चाहता हूं कि आप दिल्ली सरकार के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार को प्रच्छन्न रूप से अलायंस की गरज के कारण मदद कर रहे हो, पूरा देश देख रहा है और पूरा देश चुनाव में इसका हिसाब-किताब करेगा।… (व्यवधान)

मान्यवर, मैंने इस बिल को सदन के सामने रखा है। मेरा सभी से निवेदन है कि अलायंस के मद्देनजर इस पर अपना अभिप्राय न करें। देश के और राजधानी क्षेत्र के भले के लिए न्यूट्रैलिटी से बात करें। विशेषकर कांग्रेस पार्टी वालों को मैं वैसे भी बता देता हूं कि यह बिल पारित होने के बाद वह अलायंस में आपके साथ आने वाले नहीं हैं।… (व्यवधान) जो सच है, वह करिये। इतनी अपील करते हुए मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष**: प्रस्ताव प्रस्तुत हुए:

> “कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 19.5.2023 को प्रख्यापित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) अध्यादेश, 2023 (2023 का संख्यांक 1) का निरनुमोदन करती है।”

और

> “कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।”

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, आपको बोलने का मौका दिया जाएगा। लेकिन अगर आप बार-बार उठोगे तो आपको मौका नहीं दिया जाएगा। यह सदन है। सभी माननीय सदस्यों से आग्रह है कि आपको बोलने का मौका दिया जाएगा । आप एक पार्टी से हो और आपको बोलने का मौका देंगे, लेकिन बीच-बीच में नहीं उठते हैं, नहीं तो आपका समय खत्म हो जाएगा ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: नहीं । आप भी अपनी बात कहना ।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: श्री अधीर रंजन चौधरी ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, आपको विराजमान होते हुए देखकर हम बड़े प्रसन्न होते हैं। सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि कल ही यह मुद्दा सदन में आने वाला था। हम तैयार होकर यहां बैठे भी थे, यह लिस्टेड भी हुआ था, लेकिन पता नहीं सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: कल मैं आसन पर नहीं था, इसलिए नहीं हुआ ।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से कल सदन को ठप कराया गया। हमने संसदीय परंपरा में ऐसा नहीं देखा कि सत्तारूढ़ पार्टी खुद संसद ठप कराती है और दूसरा यह देखा कि हमारे गृह मंत्री जी सदन से नदारद रहें तथा स्टेट मिनिस्टर, होम भी नदारद रहें। बाद में पता चला कि अंदर की बात क्या है? अंदर की बात यह है कि मोदी जी के साथ हमारे अमित शाह जी शायद कहीं घूमने गए थे और सदन को भगवान की मर्जी पर खिलौने की तरह फेंक कर चले गए।

आज जब वे सदन में आए… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आप विषय पर बोलें ।

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, क्या अमित शाह जी विषय पर बोल रहे थे? … (व्यवधान)

आज जब वे सदन में आए, तो अच्छा लग रहा था कि अमित शाह जी बार-बार जवाहरलाल नेहरू जी की और कांग्रेस पार्टी की तारीफ कर रहे थे। मुझे लगा, मैं क्या देख रहा हूँ, यह दिन है या रात है। मैंने तो सोचा कि मैं दौड़कर जाऊँ और अमित शाह जी के मुँह में शक्कर और शहद डालूँ क्योंकि अमित शाह जी के मुँह से नेहरू जी की तारीफ और कांग्रेस की तारीफ की बात आई, यह मेरे लिए बहुत अचरज की बात है।... (व्यवधान) लेकिन कुछ ही समय बाद यह पता चला... (व्यवधान)

**श्री अमित शाह:** माननीय अध्यक्ष जी, मैंने पंडित नेहरू जी की तारीफ नहीं की। पंडित नेहरू जी ने जो कहा था, उसको मैंने कोट-अनकोट कहा है। यदि उसको तारीफ मानना है, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** मान्यवर, मैं एक ही बात कहना चाहता हूँ कि:

इधर-उधर की बात न कर,

यह बता कि काफ़िला कैसे लुटा।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि जब आपको जरूरत पड़ती है, तो आपको नेहरू जी का सहारा लेना पड़ता है। अगर आप बराबर नेहरू जी का सहारा लेते रहते, तो आज हिन्दुस्तान में मणिपुर और हरियाणा हमें देखने को नहीं मिलता। आप यह मानकर चलिए।... (व्यवधान) यह दिल्ली है दिल्ली। यह दिल्ली हमारा दिल है।... (व्यवधान) एक दिन मैंने अपनी रूह से पूछा कि ये दिल्ली क्या है, तो जवाब में यह बताया गया, मानो आसमान जिस्म है, तो दिल्ली उसकी जान है। दिल्ली के साथ बार-बार क्यों छेड़खानी की जा रही है, यह मैं आप लोगों से पूछना चाहता हूँ। आपने खुद अपने वक्तव्य में कहा कि वर्ष 1911 में कलकत्ता से उठाकर दिल्ली को राजधानी बनाया गया। यह आपने बिल्कुल सही बताया। वर्ष 1990 में बालाकृष्णन कमेटी की रिपोर्ट और रिक्मेंडेशन आई। The Sixty-Ninth Amendment Act 1991 was passed by the Parliament which inserted Articles 239AA and 239BB in the Constitution and provided for a Legislative Assembly in Delhi. In short, the Sixty-Ninth Amendment Act roughly

restored the kind of governance system that was offered to Delhi in 1952 – A Union Territory with a Legislative Assembly, Council of Ministers, and an elected Chief Minister with a limited mandate. यह वर्ष 1956 में यूनियन टेरिटरी बना।

देखिए, मेरा सिर्फ यही कहना है कि आप जो भी कहें, हमारी शंका सिर्फ इसलिए है कि हिन्दुस्तान में सिर्फ एक ही राज्य दिल्ली नहीं है। अगर दिल्ली में इस तरह की छेड़खानी होती रहेगी, तो इसके कारण आप धीरे-धीरे आप हिन्दुस्तान के बाकी राज्यों में एक किस्म का ही हमला करते रहेंगे। अगर आपको लगता है कि यहाँ घोटाले होते रहते हैं, तो क्या घोटाले रोकने के लिए यह बिल लाना जरूरी था? आपके हाथों में ईडी है, सीबीआई है, कितनी सारी फौज है आपके हाथों में, आपकी जेब में कितनी सारी शक्तियाँ हैं, आप उनका इस्तेमाल क्यों नहीं करते? घोटाले के चलते, घोटाले का विरोध करने के लिए क्या आपको यह बिल लाना जरूरी था? मैं यह सवाल पूछना चाहता हूँ।

मेरा दूसरा सवाल है, देखिए अध्यादेश की घोषणा, लोकतांत्रिक और न्यायिक विचार-विमर्श को दर-किनार करने का एक स्पष्ट प्रयास है। मैं बता रहा हूँ, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2023 के संविधान पीठ के फैसले के तहत छः दिन बाद ही 17 मई, 2023 को अध्यादेश को मंज़ूरी देने वाले कैबिनेट प्रस्ताव को पारित किया गया था, जबकि अध्यादेश को 19 मई को ही कानूनी रूप दिया गया और उसी शाम को, जैसे ही सुप्रीम कोर्ट की छुट्टियाँ शुरू हुई, इस अध्यादेश को जनता के लिए लागू कर दिया गया।

इतनी जल्दबाजी क्यों? आपने अध्यादेश के तहत यह बिल लाना क्यों जरूरी समझा? … (व्यवधान) यह अध्यादेश लाने की क्या जरूरत थी? आप तो सीधे बिल ला सकते थे। ऐसी क्या जरूरत थी? ऐसी क्या इमरजेंसी थी? उस समय क्या एक्सट्राऑर्डिनरी सिचुएशन थी? आपको सदन में यह बताना पड़ेगा।

In 1991, Parliament passed the Government of the National Capital Territory of Delhi Act to supplement the constitutional provision relating to the

Legislative Assembly and the Council of Ministers, which confers on the Assembly the power to legislate on all matters in the State List as well as the Concurrent List except land, police, and public order. Further, in 2018, the Constitution Bench of the Supreme Court dealt with the issue of the powers of the Delhi Government. The Supreme Court was involved in the interpretation of Article 239AA of the Constitution, which deals with the Government structure of the National Capital. In the ruling, the Constitution Bench held that although Delhi could not be accorded the status of a State, the concept of federalism could still apply to it. हमें संघीय ढांचे के लिए यह चिंता जरूर करनी पड़ेगी, क्योंकि अगर हिंदुस्तान में संघीय ढांचा नहीं बचेगा, तो हिंदुस्तान तबाह हो जाएगा। इस कगार पर हिंदुस्तान न आ जाए, इसलिए हमें चिंता करनी जरूरी है। The 2018 ruling said that with the introduction of Article 239AA in the constitution, Parliament envisages a representative form of Government for Delhi while seeking to provide a directly elected Legislative Assembly with legislative powers over matters within the State List and the Concurrent List, barring those exempted. परसों सदन में इस पर चर्चा होते समय, हमने जब विरोध करना जरूरी महसूस किया, तो कोई ज्ञानी नेता यहां उठकर कह रहे थे कि हम लोग erudite नहीं हैं, यह कानून नहीं समझते हैं। हम यह मानते हैं। उन जैसा flamboyant, legal luminary मैं कम से कम नहीं हूं। यह मैं बिलकुल मानता हूं। लेकिन एक बात मैं जरूर कहना चाहता हूं कि आपकी तरफ से जो बयान दिया गया था, वह भी हमारे पास है।

वह बयान यह था, आपने माना कि the verdict itself noted that since there is no Central legislation governing the services and the decision-making process in Delhi, the power would lie with the elected Government. यह आपका तर्क है। आपका दूसरा तर्क यह है the Centre has removed the basis and reason for which the

judgement was given. The Supreme Court decision on the interpretation of Article 239AA, Entry 41, in the absence of any specific Parliament legislation dealing with the subject of services seems to be an acknowledgement of the Supreme Court as the superior authority of Parliament to make laws for the National Capital. आपका तर्क यही है? इसके साथ मैं यह कहना चाहता हूं कि आपका तर्क बिलकुल सही है, लेकिन यह भी सही है कि - the review petition filed by the Centre in the Supreme Court claims that Delhi is not a full-fledged State but only a Union Territory, which is an extension of the Union. आपकी सुविधा के लिए मैं यह बता रहा हूं। The Parliament is Delhi's true Legislature, the Centre has argued. However, the May 11 judgement addresses the contention by acknowledging that though Delhi is not a full-fledged State, its Legislative Assembly is constitutionally entrusted with the power to legislate upon the subjects in the State List and the Concurrent List. यह भी आपने कहा था। आपके यहां बहुत बड़े-बड़े वकील बैठे हुए हैं। श्री रवि शंकर प्रसाद जी भी हैं। …(व्यवधान) मैं एक मेनस्ट्रीम पेपर से यह उद्धृत करता हूं कि - the unanimous judgement held that though Delhi is not a State under the First Schedule to the Constitution, it is conferred with power to legislate upon subjects to give effect to the aspirations of the people of NCTD. It has a democratically elected Government that is accountable to the people of the NCTD. Under the constitutional scheme envisaged in Article 239AA, Clause 3, the NCTD was given legislative power that, though limited in many aspects, is similar to that of a State in the sense that, with the addition of Article 239AA, the Constitution created an asymmetric federal model with the Union of India at the Centre, and the NCTD at the regional level.

सर, हमें यह कहना है कि जब नुमाइंदे चुनकर आते हैं और लेजिस्लेटिव असेंबली बनती है, तो क्या उनको लेजिस्लेट करने का अधिकार नहीं दिया जाएगा? क्या वह अधिकार छीन लिया जाएगा? हम बचपन से सुनते आते हैं कि चोर कोतवाल को डांटे, यहाँ तो लगता है कि चोर सिर्फ कोतवाल को नहीं, कलेक्टर को हुक्म कर रहे हैं। हमारी जो सारी लेजिस्लेटिव असेंबलीज रहेंगी, उन लेजिस्लेटिव असेंबलीज को खत्म करते हुए सारी जिम्मेदारी, सारे अधिकार ब्यूरोक्रेट्स को सौंपे जाते हैं।... (व्यवधान) ब्यूरोक्रेट्स फैसला करेंगे कि सरकार कैसे चलेगी, क्या यह देश के लिए सही होगा?... (व्यवधान)

**श्री रवि शंकर प्रसाद (पटना साहिब):** सर, चोर अनपार्लियामेन्टरी है।... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, जहाँ आपको गलत लगे, छांट दीजिएगा। कोई हर्ज नहीं है।... (व्यवधान) मैंने कहा कि यह कहावत है।... (व्यवधान) मैं अपनी बात नहीं कह रहा हूँ। The court upheld that the Executive power of the Delhi Government was co-extensive with its Legislative power. That is the Executive arm of the Government. It covers all the subjects, including Services, public order, police, land for which the legislative arm can make laws.

आप यह कह सकते हैं कि हमारी पार्लियामेंट उससे भी शक्तिशाली है। आप बिल्कुल ऐसा कह सकते हैं। आपको इसका अधिकार है, लेकिन इसमें एक और बात है। यह मैं नहीं कह रहा हूँ, इसे भूतपूर्व सेक्रेटरी जनरल पीडीटी आचार्य कह रहे हैं।

> “When we analyse the key provisions of this Ordinance in terms of article 239AA as well as GNCTD Act, 1991, it will be found to not be in conformity with the Constitution. Article 239AA, clause (7) empowers Parliament to make a law to supplement the provisions contained in that article.”

हम मानते हैं, लेकिन इसके साथ क्या होता है। To supplement the provisions does not mean making contrary provisions. Parliament has not been given any power by this Article to make a law conferring all powers on the Lieutenant-Governor with respect to the administration of the territory of Delhi.

हमारी आपत्ति यह है। यह कानूनी आपत्ति है। कोई एलायन्स के चलते या किसी दूसरी वजह से हम कोई मनगढ़ंत आपत्ति नहीं करते हैं। इससे हमारा फेडरल स्ट्रक्चर बड़े संगीन हालात से गुजर सकता है, इसलिए हम पहले ही चेतावनी देना चाहते हैं। आप यहाँ कहते हैं कि हम एक नया ढांचा एनसीसीएसए बनाएंगे। उसमें क्या होगा? उसमें जो चीफ मिनिस्टर रहेंगे, उनकी बात नहीं चलेगी। जो सेक्रेटरी होंगे, वे फैसला करेंगे और सेक्रेटरी अगर चाहे तो चीफ मिनिस्टर के सिद्धांत में वे वीटो भी दे सकते हैं। चीफ सेक्रेटरी क्या करते हैं? The Chief Secretary would represent the will of the officers of the GNCTD, Government of National Capital Territory of Delhi.

सुप्रीम कोर्ट क्या कहती है? The Supreme Court had envisaged a neutral civil service carrying out the day-to-day decisions of the Council of Ministers. The NCCSA is an attempt to bring the civil service officers out of the administrative control of the elected Ministers, who embody the will of the people, and transform them into a power lobby.

हमारा यही कहना है कि अगर आप सारी क्षमता ब्यूरोक्रेट्स पर छोड़ देंगे तो हमें यहाँ चुनकर आने की क्या जरूरत है? हमारा जो ट्रिपल कमांड सिस्टम चलता है, एक बार जनता हमें चुनती है, हम चुनने के बाद यहाँ आते हैं और यहाँ आम लोगों के लिए अपनी जिम्मेदारी दिखाते हैं। हमें अपनी जवाबदेही आम लोगों के सामने रखनी पड़ती है। यह जो हमारी ट्रिपल चेन कमांड हैं, यह ट्रिपल चेन कमांड हमारे देश के बुनियादी ढांचे का एक अहम हिस्सा है। आप इसे तोड़ने की कोशिश करते हैं, इसलिए हमें आपके विरोध में यहाँ खड़े होना पड़ता है।

महोदय, मैं अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ। एक बात और है। There is yet another provision. It is 45J (4) which introduces a new procedure for summoning and proroguing a Session of the Assembly. Under the present Constitutional system, the decision to convene a Session of the Legislature is taken by the Cabinet. यहाँ भी ऐसा होता है, आप फैसला करते हैं कि कब सदन चलेगा और कब नहीं चलेगा।

Thereafter, it is conveyed to the Governor. आप क्या करते हैं? प्रेजिडेंट को भेजते हैं या पहले गवर्नर को भेजा जाता है, who signed the summon. This is the practice followed in all countries where the parliamentary system of Government exists. But a strange and inscrutable procedure has been introduced by this Ordinance. Under this new procedure, the proposal for convening the Assembly shall be submitted through the Chief Secretary to the Lieutenant Governor and the Chief Minister for their opinion before issuing the summon. क्या आप यहां कभी ऐसा मानेंगे? यदि हम तय नहीं करेंगे और नौकरशाह तय करेंगे, तो क्या हम मानेंगे? दिल्ली में फैसले सूबे की सरकार लेती थी। हमें सोचना पड़ेगा कि हर सूबे की सरकार के अपने-अपने क्षेत्र में सेवा देना जरूरी होता है। इस आर्डिनेंस के कारण दिल्ली के लोगों के लिए काम करने वाली 50 से अधिक संस्थाएं इस व्यापक प्रावधान से प्रभावित होंगी। इनका नियंत्रण दिल्ली के लोगों से लेकर केंद्र के पास चला जाएगा। ये संस्थाएं दिल्ली के ज्यादातर जल, परिवहन और बिजली आपूर्ति जैसी विभिन्न क्षेत्र में काम करती हैं। इनमें दिल्ली ट्रांसपोर्टेशन, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कोऑपरेशन, दिल्ली विमेन कमिशन, दिल्ली इलेक्ट्रीसिटी रेगुलेटरी बोर्ड सहित बहुत-सी महत्वपूर्ण संस्थाएं शामिल हैं। इन सभी संस्थाओं को विशेष रूप से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के मतदाताओं की जरूरत को पूरा करने के लिए गठित किया गया है और ये दिल्ली की जनता की रोजमर्रा की जीवन को प्रभावित करती है। ये संस्थाएं राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली द्वारा वित्त पोषित हैं। सिविल सर्विसेज के बाद ये संस्थाएं दिल्ली

में प्रशासनिक कार्य करती हैं और प्रशासन का केंद्र है। इस प्रावधान के तहत सबसे बड़ी मनमानी ये की गई है कि इन सभी संस्थाओं के लिए बजट दिल्ली विधान सभा से पारित किया जाएगा, लेकिन इनमें नियुक्तियां केंद्र सरकार द्वारा की जाएगी। मेरा कहना है कि मनमाने तरीके से इस तरह का बिल मत लाया कीजिए। आप ब्यूरोक्रेट्स पर सारी जिम्मेदारी मत छोड़िए, क्योंकि हमारे हिंदुस्तान में चैक्स एंड बैलेंसेज होते हैं। इन चैक्स एंड बैलेंसेज को मत तोड़िए। यदि चैक्स एंड बैलेंस टूट जाएगा, तो हिंदुस्तान नामक जो देश है, इसके लिए बड़ा खतरा पैदा होगा। मैं इसलिए कहता हूं कि भगवान आपको ज्यादा ज्ञान दे, आपको ज्यादा बुद्धि दे।

**वाणिज्य और उद्योग मंत्री; उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री तथा वस्त्र मंत्री (श्री पीयूष गोयल):** इनके पंजाब के माननीय सदस्य बिट्टू जी बैठे हैं, मनीष जी बैठे हैं, अमर सिंह जी बैठे हैं। दिल्ली के नेता संदीप दीक्षित जी रोज बयान पर बयान देते हैं। मैं अपने माननीय मित्र से सिर्फ इतना पूछना चाहता हूं कि इस बारे में इनका क्या मत है?... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** आप हमारे बीच दरार पैदा करने की कोशिश न करें, तो बेहतर होगा।

'इधर-उधर की बात मत कर, बता काफिला कैसे लुटा।'... (व्यवधान)

**श्री पीयूष गोयल:** बात तो तब हो, जब दरार न हो। यहां तो दरार आ चुकी है।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य आप बैठे-बैठे टिप्पणी मत कीजिए। माननीय मंत्री जी केबिनेट मंत्री हैं। आप सभी जानते हैं कि उन्हें बोलने का अधिकार भी है और बैठने का अधिकार भी है।

श्री रेमेश बिधूड़ी जी ।

... (व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** अध्यक्ष जी, आपने बहुत ही संजीदगी के साथ मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया। देश की अस्मिता, वैभव को चोट पहुंचाने वाली जो मानसिकता है, उसे रोकने के लिए यह बिल लाया गया है। दिल्ली भारत का दर्पण है। दिल्ली के अंदर जहां भारत में दुनिया के देशों के दूतावास हैं। यहां सभी राज्यों के भवन हैं। दुनिया भर के डेलिगेट्स भारत में जब आते हैं, तो दिल्ली में वे भारत को देखते हैं कि दिल्ली ऐसी है तो भारत भी वैसा ही होगा। जहां

भारत को शर्मिंदगी से बचाना है, वहां इस प्रकार के बिल लाने आवश्यक होते हैं, जब अनार्की वाले लोग सत्ता में बैठ जाते हैं। हम सभी ने बचपन में पढ़ा है और महाभारत पढ़ी है। महाभारत का एक श्लोक है

"यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत।
अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम् ।।"
"परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्।
धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे ।।"

अध्यक्ष जी, महाभारत में कहा गया है कि जब-जब धरती पर अधर्म पैदा होगा, तब-तब मैं आगे आता हूं।

**14.59 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी:** जब-जब अधर्म बढ़ता है तब मैं सज्जन लोगों की रक्षा के लिए आता हूं। दुष्टों के विनाश करने के लिए मैं आता हूं, धर्म की स्थापना के लिए मैं आता हूं और युग-युग में हमेशा जन्म लेता हूं। यह हमारे महाभारत में कहा गया है।

**15.00 hrs**

सभापति जी, यह बिल दिल्ली में पिछले आठ वर्षों से हो रहे, अधर्मी सरकार के अधर्म को समाप्त करने के लिए लाया गया है।

सभापति जी, महाभारत में एक चरित्र था, जिसका नाम था - दुर्योधन। आज दु:ख है कि दिल्ली राज्य में भी उसी चरित्र का, उसी नकारात्मक मानसिकता का एक व्यक्ति इस दिल्ली में दुर्योधन के रूप में बैठा हुआ है। फर्क इतना है कि वह दुर्योधन लम्बा-चौड़ा था, यह दुर्योधन थोड़ा बौना है। दूसरा, उसके पास शकुनि था और इस बौने दुर्योधन के पास बहुत भ्रष्टाचारी, परिवारवादी, सनातनी विरोधी, ऐसे गठबंधन के लोग साथ लग गए हैं।

सभापति जी, राज्य के एडमिनिस्ट्रेशन और जन प्रतिनिधि के बीच तालमेल की आवश्यकता होना जरूरी है, मैं सहमत हूं जैसा कि नेता, प्रतिपक्ष ने अभी कहा है। दोनों को मिलकर जनता के काम और जनता की सेवा करनी चाहिए, यह उन्होंने बिल्कुल ठीक कहा, परन्तु, जब छलिया, अहंकारी, भ्रष्ट, कायर जन प्रतिनिधि सत्ता में बैठ जाते हैं तब जनसेवा में लगे व्यवस्था पक्ष को संरक्षित करना अति आवश्यक हो जाता है।

सभापति जी, इस बौने दुर्योधन के चरित्र की विशेषता, मैंने पहले ही कहा कि यह छलिया के रूप में है। मैं इनकी राजनीति की यात्रा के बारे में बताता हूं। सदन को और यहां जो माननीय सदस्य बैठे हैं, उन्हें अपने आप ही इनके बारे में सब पता चल जाएगा। पहला चरित्र था - विश्वासघात। अन्ना जी जैसे लोगों को, कुमार विश्वास जैसे लोगों को, जिन लोगों को जनमानस का एक विश्वास था, सत्ता पर बैठने के बाद उनके साथ विश्वासघात किया, जिनके दम पर राजनीति में यह कह कर आया था कि पढ़े-लिखे लोग होने जरूरी नहीं हैं, अन्ना जी भले ही अनपढ़ हैं, लेकिन शासन व्यवस्था बहुत बढ़िया चलाएंगे। यह बौने दुर्योधन ने बोला था, इसीलिए उनको धोखा दिया। दुर्योधन ने ऐसा ही विश्वासघात अपने चचेरे पांडव भाइयों के साथ किया, इन्होंने भी वही किया। दुर्योधन ने छल-कपट के साथ सत्ता हथियाई। दिल्लीवासियों के साथ छल-कपट करके, झूठे वायदे करके इस बौने दुर्योधन ने कहा कि मैं पूरी दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगवाऊंगा। पता नहीं ये कांग्रेसी कहां सीसीटीवी कैमरे ढूँढ़ रहे हैं? यह कहा था कि मैं 500 स्कूल्स बनाऊंगा, पता नहीं कहां इन कांग्रेसियों ने 500 स्कूल्स गिन लिए? यह भी कहा था कि मैं 500 स्कूल्स के साथ 20 कॉलेजेज बनाऊंगा, दिल्ली को फ्री वाई-फाई दूंगा, दिल्ली को लंदन, पेरिस बनाऊंगा, पेरिस बनाने के बाद हर घर में नल का जल दूंगा। इस छलिए ने छल-कपट करके यह कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जन लोकपाल लेकर आऊंगा, दो लाख पब्लिक टॉयलेट्स बनाऊंगा, 30,000 बेड्स के नए अस्पताल बनाऊंगा। आप देश की राजधानी दिल्ली में माननीय सांसद के रूप में बैठे हुए हैं, दिल्ली में कोई गिनवाकर यह बताए और यह रिपोर्ट रखे कि इस छलिए ने जो कहा था, उसमें दिल्ली का कितना विकास हुआ है।

सभापति जी, कृष्ण भगवान ने भी अहंकार में पड़े दुर्योधन को बार-बार यह कहा था कि पांडवों को पाँच ग्राम दे दो और दुर्योधन ने बोला था कि उन्हें एक सूई की नोक के बराबर भी नहीं दूंगा। उन्हें जन प्रतिनिधि के सेवा भाव के साथ काम करना चाहिए था, लेकिन बौना दुर्योधन क्या कहता है - मैं दिल्ली का मालिक हूं। न खाता न बही, जो यह कहे, वह सही। वह कहता है कि मैं दिल्ली का मालिक हूं, इल्लीगल काम करने के लिए, अनैतिक, असंवैधानिक काम करने के लिए। सभापति जी, यह गुंडागर्दी, दादागिरी का परिचायक बन रहा है। मैं उदाहरण देना चाहता हूं। एक-एक करके दिल्ली में 1,000 नई बसें लानी थीं। दिल्ली की कैबिनेट ने उसका एक प्राइवेट निजी कम्पनी को अपना एप्रूवल दे दिया। ढाई हजार करोड़ रुपये का घोटाला है। बस की कीमत होगी एक करोड़ रुपये और बस की मेनटेनेंस में कम्पनी को पैसे दिए जाएंगे - तीन करोड़ रुपये। उस समय जो कमिश्नर, ट्रांसपोर्ट थीं, उन्होंने कहा कि इसके लिए डीपीआर बनाइए, टेन्डर होगा, क्या ऐसे टेन्डर दिए जाते हैं? कमिश्नर ने मना कर दिया तो कहा कि हम कह रहे हैं, आप दे दीजिए। बुराड़ी में कमिश्नर ऑफिस में इंस्पेक्शन के बहाने आम आदमी पार्टी के … * उस महिला अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार किया गया, उस पर दबाव बनाया गया कि तुम, जाने के बाद, यह टेन्डर पास कर दो। यह ढाई हजार करोड़ रुपये का घोटाला वह करना चाहता था।

सभापति जी, अभी अधीर दादा कह रहे थे कि अधिकारियों के खिलाफ व्यवस्था चलाने की लोकतांत्रिक पद्धतियां होनी चाहिए। उन्होंने बिल्कुल ठीक कहा। लेकिन, चीफ सेक्रेटरी को यह कहा गया कि जो हमने कहा, वह करो, वरना विधायकों को बुलाकर, इस देश के 38 राज्यों/केन्द्रशासित प्रदेशों में एक उदाहरण बता दीजिए, चीफ सेक्रेटरी को अपने दफ्तर में बुलाकर विधायकों से सार्वजनिक रूप से पिटवाया जाए। उनके साथ बदतमीजी की गयी, गुंडागर्दी की गयी।

सभापति जी, मैं ऐसे अधिकारियों का नाम नहीं लेना चाहता। इसी परेशानी के कारण दिल्ली के आठ अफसरों ने एल.जी. साहब को चिट्ठी लिखी। अगर आप कहेंगे तो मैं उसे सदन के

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

पटल पर रख दूंगा या अफसरों के नाम भी ले सकता हूं। लेकिन, यह कहा जाता है कि सदन में किसी का नाम नहीं लेना चाहिए।

सभापति जी, 2 अधिकारियों, शूरवीर और मधु प्रभना, उनका तो नाम मैं लेना चाहता हूँ, उनके परिवार पंजाब में रहते हैं। उन अधिकारियों के परिवारों को वहां टॉर्चर करने का काम किया जा रहा है। इनका इस प्रकार अहंकार है। इस बौने दुर्योधन ने, भ्रष्टचार के लिए जनता के सामने कहा था कि भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा, राम राज्य ले कर आऊंगा, यह दलदल है। इसी ने कहा था - सोनिया चोर है, लालू चोर है, डी.के. शिवकुमार चोर है, शरद पवार चोर है, नीतीश कुमार चोर है, मुलायम सिंह चोर है, इसने सबको चोर और भ्रष्टाचारी बताया था। सर, इसी ने बताया था, हमने नहीं बताया था। सर, एज़ पर केजरीवाल ये सब चोर बैठे हैं। बाद में इन्हीं के झूले में आ कर झूलने लगा। … (व्यवधान) इससे बड़ा छलिया कौन होगा? उसने कहा था कि इन्हें जेल भेजूंगा। शीला दीक्षित के खिलाफ मेरे पास 300 पन्नों का सबूत है। सभापति जी, मैंने तो एज पर केजरीवाल बोला है। यह सब मैं नहीं कह रहा हूँ। उसके बाद यह दुर्योधन जा कर इन्हीं की गोद में झूल रहा है।

सभापति जी, अब मैं इसके बारे में बताता हूँ। इसके भ्रष्टाचार की सूची – लिकर स्कैम किसको नहीं पता है? उसका मंत्री जेल के अंदर है। हवाला स्कैम किसको नहीं पता है, उसका मंत्री जेल में है।

सर, अभी अधीर दादा कह रहे थे कि आपके पास ईडी है, सीबीआई है, उनसे एक्शन कराओ। जब उनसे एक्शन कराते हैं तो ये तिलमिलाते हैं, जैसे इनको ताते तवे पर बिठा दिया हो, आप लोग उछलते हो। जब सीबीआई से एक्शन नहीं कराते हैं, कानून बदलते हैं तो कह रहे हैं कि आप लोग कानून गलत ले कर आ रहे हो। एक ज़बान पर तो टिकिए। हाउस के अंदर कहिए कि सीबीआई और ईडी ठीक काम कर रही है। हिम्मत है तो फिर दोबारा कर के दिखाइए।

सभापति जी, सीबीआई और ईडी अपना काम करती है। 5,000 लोगों पर सीबीआई और ईडी ने रेड डाली थीं, देश का डेढ़ लाख हज़ार करोड़ रुपये रिकवर किया है। इनके 10 नेताओं पर छापा डल गया तो कहते हैं कि सीबीआई गलत कर रही है। क्योंकि यूपीए के टाइम पर इन्होंने

लाखों-करोड़ों रुपये हज़म किए हुए हैं। इनको डर है कि सीबीआई वह न पकड़ ले। कहीं मोदी साहब यह न कह दें कि वह ढाई लाख करोड़ रुपये भी ले कर आओ, जिसके बारे में अभी माननीय गृह मंत्री जी ने हवाला दिया था।

सर, अब मैं आगे बताता हूँ कि स्कूल के रूम्स बनाने के लिए कमरों के कंस्ट्रक्शन का घोटाला किया गया। जल बोर्ड के अदंर 8 साल तक ऑडिट नहीं हुआ है। जल बोर्ड आज लाखों-करोड़ों रुपये के घाटे में चल रहा है। इस प्रकार से दिल्ली में शासन चल रहा है। बिजली के अंदर, बिजली कंपनियों ने दावा किया कि हमारे 26,000 करोड़ रुपये चाहिए। बिजली कंपनियों की पेमेंट नहीं हो रही है। मैं उन कंपनियों की वकालत नहीं कर रहा हूँ। वे भी …* हैं। लेकिन किसके नीचे? पहले शीला दीक्षित …* थीं, अब यह बौना दुर्योधन …* आ गया । इसीलिए मैं आपको बताना चाहता हूँ। … (व्यवधान) सर, कर दो, एक्सपंज कर दो। … (व्यवधान) उस 26,000 करोड़ रुपये की लेनदारी के लिए कंपनियां APTEL कोर्ट में गईं APTEL कोर्ट ने कंपनियों के फेवर में आदेश दिया कि सरकार इनका पैसा लौटाए। सर, 26,000 करोड़ रुपये का मतलब है, दिल्ली सरकार का बजट 68,000 करोड़ रुपये का है, उस हिसाब से ये 26,000 करोड़ रुपये दिल्ली के बजट के एक तिहाई होते हैं। क्या होगा, जब यह बौना दुर्योधन छोड़ कर भागेगा, तब उन कंपनियों के पैसे को कौन भरेगा? उन कंपनियों के पैसे को कौन भरेगा? ये कंपनियां अगर दिल्ली छोड़ कर भाग गईं तो दिल्ली अंधेरे में हो जाएगी। सर, कौन संभालेगा, यह प्राइवेट कंपनी है। उसके खिलाफ इस बौने दुर्योधन ने करोड़ों रुपये का वकील कर APTEL कोर्ट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गए हैं। डीटीसी का स्कैम आपके सामने है। जो कहता था कि मुलायम सिंह यादव परिवारवादी है, लालू परिवारवादी है, वहीं इसने अपने साढ़ू को पीडब्ल्यूडी के अंदर 10 करोड़ रुपये का ठेका बिना डीपीआर के दिलावाया है। उस साढ़ू ने, बेचारे ने शर्म के मारे आत्महत्या कर ली और उसका बेटा जेल गया। इस बात को शायद देश नहीं जानता होगा। … (व्यवधान)

---

* Not recorded

सर, इसने कहा कि लालू पारिवारवादी है, मुलायम सिंह परिवारवादी है, सोनिया जी परिवारवादी है और आज सारे लोग उसी के पिछलग्गू बने हुए हैं। पता नहीं क्या मजबूरी है? पर कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं ही कोई बेवफा नहीं होता है। … (व्यवधान) सर, आप नेताओं के परिवार वालों को पिछले दरवाज़े से, जो इनके विधायक हैं, जो इनके मिनिस्टर हैं, उनके चहेतों को डेढ़ से ढाई लाख रुपये दिए गए। कोई ओबीसी नहीं, कोई एससी नहीं, कोई किसी प्रकार का रिज़र्वेशन नहीं, 437 लोगों को ओबीसी रिज़र्वेशन के नाम से 2,000 करोड़ रुपये की बंदरबांट की, जो बात लेफ्टिनेंट गवर्नर साहब ने कही, यहां पर प्रदर्शित नहीं कर सकता, टेबल जरूर करूंगा। इनके खानदानों के लोगों को डेढ़ लाख से ढाई लाख रुपये तक की नौकरी दे कर इन्होंने भ्रष्टाचार किया है। यह 2,000 करोड़ रुपये, इन आदमी पार्टी के विधायकों के बेटी, बेटा, बहु, मौसी, फूफी, चाची, ताई आदि को बांटा जाता है। इसीलिए, इस बारे में जो ये अभी 2 मिनट पहले बोल रहे थे कि वे बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं, असल में ये बंदरबांट करने का काम कर रहे हैं।

सर, दुर्योधन कायर था, वह लड़ाई नहीं लड़ सकता था। वह शकुनी के माध्यम से चाले चलता था। क्या दुनिया में ऐसा कोई मुख्यमंत्री है, क्या भारत में ऐसा कोई मुख्यमंत्री है, जिसके पास एक भी विभाग नहीं है? इसके पास कोई भी विभाग नहीं है। यह इतना कायर है कि अपने ऑफिसरों से साइन कराता है। ऑफिसर मरने के लिए क्यों साइन करेंगे, मुख्यमंत्री क्यों नहीं साइन करेगा? वह अपने मंत्रियों से साइन कराएगा। उसने अपने दो मंत्रियों को जेल भेज दिया है। क्या यह लीगल है? वह उनसे साइन करवाएगा। इससे बड़ा कायर कौन होगा? जो आदमी कोई जिम्मेवारी नहीं लेता है, अगर परिवार का कोई सदस्य अपनी जिम्मेवारी से भागे तो क्या उससे बड़ा नालायक कोई परिवार का मुखिया होगा? वह परिवार की जिम्मेवारी लेने के लिए तैयार नहीं है। इससे बड़ा कायर कौन हो सकता है? अगर ऐसा कायर व्यक्ति दिल्ली की गद्दी पर बैठेगा तो यहां का प्रशासन कैसे चलेगा? दिल्ली देश की राजधानी है। सर, 2-जी स्पेक्ट्रम के अंदर गेम चल रहा था। 2-जी स्पेक्ट्रम के दौरान अगर भारत की अस्मिता लूटेगी, तो भारत बदनाम होगा। इनकी एक मंत्री विदेश में गई है। वह एक प्राइवेट प्रोफेसर की कॉल पर गई और यहां मैसेज दिया कि उनको कैम्ब्रिज

यूनिवर्सिटी ने बुलाया है। इनकी मंत्री राहुल बाबा की तरह वहां जाकर कहती है कि दिल्ली में पाँच करोड़ लोग भूखे सोते हैं। उनको पता नहीं, क्या पंजाब से अफीम खाकर लोग सोते हैं? मोदी जी के माध्यम से विगत तीन सालों से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में खाना दिया जा रहा है। वह कह रहे हैं कि पाँच करोड़ लोग भूखे सोते हैं। 25 करोड़ लोगों के पास मकान नहीं है।… (व्यवधान)

सर, यह भी रफ्फूगर है। इसके माँ-बाप ने कहीं इसकी फूफी को नौकरी लगा दिया होगा।… (व्यवधान) इसके भी माँ- बाप ने कहीं न कहीं फूफी को नौकरी दे दी होगी।… (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य, जब आपको अवसर मिलेगा तो आप भी बोलिएगा।

… (व्यवधान)

**श्री रमेश बिधूड़ी :** सर, मैं अभी अपनी वाणी को विराम देता हूं।… (व्यवधान) मैं ऑन रिकॉर्ड कहता हूं। यह नकारात्मक सोच और शिक्षा की राजनीति करने वाला व्यक्ति है। भाटी के अंदर कॉलेज खुलना था, उसके लिए आठ एकड़ जमीन चाहिए थी। इसकी डीएम बोलती है कि बिधूड़ी से जमीन ले लीजिए। मैंने कहा कि बिधूड़ी अपने घर के लिए जमीन नहीं मांग रहा है। वहां दिल्ली विश्वविद्यालय का कॉलेज खुलेगा। उन्होंने मिनट्स में लिखा है। डीएम मिनट्स में लिख कर चली गई कि बिधूड़ी जी को जमीन नहीं देने वाले हैं। ऑनरेबल एल.जी. के पास मुझे कितना भागना पड़ा। एल.जी. साहब को उस लैंड को पहले अर्बनाइज कराना पड़ा, तब वहां जमीन दी गई। क्या दिल्ली के गरीब बच्चे-बच्चियों के पढ़ने के लिए दिल्ली के अंदर कॉलेज नहीं खुलना चाहिए? इसने कहा कि 20 कॉलेज खोलूंगा, लेकिन नकारात्मक सोच के कारण इसने एक कॉलेज की भी इजाजत नहीं दी। मैं बता देना चाहता हूं। ये लोग सुप्रीम कोर्ट का रोना रो रहे हैं। ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट ने कहा था। अभी सुप्रीम कोर्ट की बड़ी तारीफ की जा रही थी। ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि तुम्हारे पास 13 हजार करोड़ रुपये विज्ञापन के लिए हैं, लेकिन रैपिड रेल के लिए 450 करोड़ रुपये नहीं हैं, जिससे दिल्ली से गाजियाबाद होते हुए मेरठ तक रैपिड रेल का संचालन हो। यह किसने टिप्पणी की है? यह टिप्पणी ऑनरेबल सुप्रीम कोर्ट ने की है। सुप्रीम कोर्ट की यह बात भी तुम्हें याद करनी

चाहिए। इस बारे में भी बौने दुर्योधन को बताना चाहिए। इसने 13 हजार करोड़ रुपये विज्ञापन और प्रचार-प्रसार पर लगा दिया, लेकिन 450 करोड़ रुपये रैपिड रेल के डीपीआर के लिए नहीं दिये।

सर, दिल्ली में वर्ष 2018 में 'आयुष्मान भारत योजना' को रोक दिया गया। यह उसकी नकारात्मक सोच थी। पूरे देश में गरीबों के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' चल रही है। बीजू पटनायक जी ने अपनी योजना चला रखी है। सभी सरकारों ने अपनी योजना चला रखी है। दिल्ली के अंदर गरीब का बेटा, माँ, बहन, बहू बगैर इलाज के जीवन न खो दें, इसलिए यहां के लोगों को भी इस योजना का लाभ देना चाहिए। दिल्ली में 'आयुष्मान भारत योजना' आज तक इस बौने दुर्योधन ने लागू नहीं की। दिल्लीवासियों ने इनको मुख्यमंत्री बनाया है। इनकी दुश्मनी बी.जे.पी. से हो सकती है, लेकिन दिल्ली की ढाई करोड़ लोगों से आपकी क्या दुश्मनी है? मोदी साहब ने गरीबों के लिए 'आयुष्मान भारत योजना' दी। इस योजना को दिल्ली में आज तक लागू नहीं किया गया। इसलिए, मैं नकारात्मक सोच की बात बता रहा हूं। मैं अपनी बात खत्म करने से पहले आपसे निवेदन करना चाहता हूं। 26 जनवरी को देश के रिपब्लिक डे पर बाहर से विदेशी डेलीगेट्स आते हैं, लेकिन यह बौना दुर्योधन 26 जनवरी को राजपथ पर धरने पर बैठ गया। क्या कोई मुख्यमंत्री धरने पर बैठता है? ये लोग संविधान की बात कर रहे हैं। ये लोग केजरीवाल के पास जाकर पूछें कि देश बड़ा है या बौना दुर्योधन बड़ा है। इन लोगों को उनसे पूछना चाहिए। इनके एक मंत्री ने लंदन में जाकर भाषण दिया है। इसके बारे में मैंने पहले कहा है। अभी अधीर दादा बोल रहे थे। मैं इनकी बात का जवाब देना चाहता हूं। अगर जवाहर लाल नेहरु ने बहुत अच्छा किया था तो मणिपुर क्यों जल रहा था? वर्ष 1993 में इसी मणिपुर में 9 महीने तक दंगे हुए और 750 लोगों की हत्याएं हुईं, लेकिन तुम्हारे प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने झांका भी नहीं। हमारे ऑनरेबल गृह मंत्री साहब ने 2 महीने में दंगों को रोक कर देश को एक संदेश दिया है।

ऐसा अब नहीं चलेगा। आपने मणिपुर के बारे में बोला था। क्या कश्मीर की माताओं-बहनों का दर्द याद नहीं है? यह कौन लेकर आया था? कौन देश को चला रहा था? नेहरू जी, पंडित जी ही चला रहे थे। कश्मीर के अन्दर कितने हिन्दुओं को बेघर कर दिया, कितनी माताओं-बहनों की

अस्मितायें लूटी गईं, यह किसने किया? नेहरू जी के कारण देश बर्बाद हुआ। अधीर दादा, मणिपुर की डेढ़ सौ, ढाई सौ मौतें नहीं होनी चाहिए थी - यह शर्मनाक है, लेकिन साढ़े सात सौ मौतें हुईं तो कांग्रेस के राज्य में हुईं। इसका जवाब आपको देना पड़ेगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL):** Thank you, Chairman Sir, for giving us an opportunity to speak on this Bill.

Firstly, I would like to thank the Speaker. It was nice to see the Speaker come to the House. The Speaker had made a request to all the Opposition Leaders, and we have behaved well. All we asked the Speaker was that he should be neutral. Although, he is elected from the BJP, but the moment he sits in the Chair he becomes a neutral person and all we wanted was the Prime Minister to be present in the House not only in this Session, but in the previous Session also when we wanted to speak about the Adani issue. The Prime Minister does not come here. … (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Please come to the Bill.

… (*Interruptions*)

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** He spoke so many things. … (*Interruptions*) Even this time, all we asked was about Manipur. … (*Interruptions*) When you are speaking about G20, Vasudhaiva Kutumbakam -- the whole world is one family, and one part of Manipur is burning and so many people are dying; two women were raped and made to walk nude, all we wanted was the Prime Minister to … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** उसके बारे में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा करते समय बोलिए।

… (व्यवधान)

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** It is related to this. … (*Interruptions*) All we wanted was instead of talking outside the Parliament for him to come into the House, sit in his Chair and answer the question. … (*Interruptions*) This is what we asked. … (*Interruptions*) We never asked anything. … (*Interruptions*) The Speaker should have done it. … (*Interruptions*) The House would have run peacefully, and we would have had more productive conversation in this House. … (*Interruptions*)

Sir, the cat is out of the bag. When our hon. Home Minister said that the Aam Aadmi Government wants to fight, we understand it. For the last 25 years you could not rule Delhi. The frustration is burning in your stomach. … (*Interruptions*) And moreover, now the Aam Aadmi Party is ruling Punjab. How can that happen? … (*Interruptions*) Now, you have to use your friends or your alliance. It is not this alliance, but your ...*, the ...*, the ...*. These are your allies whom you use. … (*Interruptions*)

Sir, I am asking this. What did the Supreme Court say? The Supreme Court said in its judgement that: "… handed over the control of services in Delhi, excluding police, public order and land to the elected Government". Sir, this is a Government elected by the people not once but twice it has been elected. But what do you want to do, you cannot do it. What is your formula? The formula followed by the Home Minister is simple -- wherever BJP cannot win, we will send the ... *, we will send the ... * and ensure all the ... * come to him. … (*Interruptions*) Till then, they are culprits and thieves. … (*Interruptions*)

---

* Expunged as ordered by the Chair

This is what happened in Maharashtra. The NCP – the National ... * Party, that is what their Members have said. In fact, the local BJP leader said that never ever we will have an alliance with NCP. … (*Interruptions*) But when it suited you, you arrested the Ministers whoever are coming in your Cabinet now. They were all arrested on ED charges. They were facing charges and languishing in the prison. But your 'washing machine' and 'nirma' changes all that. The moment they come to you, they become pure. … (*Interruptions*) What formula is that? It is not the peoples' verdict. It is the forced verdict where you are forcing a verdict. And what you did wherever you cannot? What did you do in Madhya Pradesh? You ensured that the Congress MLAs were ....* This is what you were doing throughout. What did you do in Karnataka previously? You ... * the MLAs. I do not know where that money is coming from? … (*Interruptions*) You call yourself not to be corrupt, but where do you get this? … (*Interruptions*) So, all that I am asking is this. … (*Interruptions*) The truth hurts. … (*Interruptions*) When I talk the truth, it hurts. … (*Interruptions*)

**विधि और न्याय मंत्रालय के राज्य मंत्री; संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** इनको बिल पर ही बोलना चाहिए।…(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री**; **कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** इनको बिल पर ही बोलना चाहिए । … (व्यवधान) Sir, he has to talk on the Bill. … (*Interruptions*) तमिलनाडु में क्या हो रहा है? वह भी थोड़ा बोलिए। … (व्यवधान)

* Expunged as ordered by the Chair.

**SHRI DAYANIDHI MARAN:** I rise to speak and present myself. DMK stands against the proposed Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2023. … (*Interruptions*)

Sir, why did you go to the Supreme Court? … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** एक सेकेंड रुक जाइए।

… (व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** पॉइंट ऑफ आर्डर 369, which states that: "A paper or document to be laid on the Table shall be duly authenticated by the member presenting it".

एक फेडरल देश नहीं है और फेडरलिज्म इसके आईन का हिस्सा नहीं है। केशवानन्द भारती केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि फेडरलिज्म एक बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा है। इसको पामाल दिए जाने की कोई इजाजत नहीं है। दरअसल, बात क्या है? मामला यह है कि लोकशाही और अफसरशाही के दरम्यान ही एक मामला है। यह प्रयास किया जा रहा है कि अफसरशाही हो और लोकशाही न हो। जब हमने खुद को एक आईन दिया तो हमने एक नजरिया दिया और यह कहा कि हमारा मुल्क कैसे चलेगा। उसमें रियासतों को हुकूक दिए गए और मरकज़ को हुकूक दिए गए, उनको डिमार्केट किया गया कि उनकी स्फेयर एक्टिविटी क्या होगी तथा अपना-अपना क्या स्फेयर होगा। लेकिन यह जो बिल है, इस बिल से यह कोशिश की जा रही है कि जो हुकूक हैं, दिल्ली सरकार के जो भी इख्तियारात हैं, वे कम किए जाए । यहां पर बार-बार जम्मू-कश्मीर का जिक्र हुआ है और होना भी चाहिए, क्योंकि इस सरकार का आईन पर आक्रमण करने का मामूल बन गया है। यह आक्रमण 5 अगस्त, 2019 को हुआ, जब एक स्टेट के दो हिस्से किए गए और दफा 370 और 35 ए को पामाल किया गया और आईन को रौंदकर वे सारे फैसले किए गए। आपके द्वारा आर्टिकल 356 का सहारा लेकर जम्मू-कश्मीर को लेबोरेटरी बनाया गया। जो लेबोरेटरी बन गई और तजुर्बा किया गया, वह किसी भी सूबे के साथ या किसी भी स्टेट के साथ किया जा सकता है। आर्टिकल 356 का सहारा लेकर एक स्टेट के दो हिस्से किए गए और आर्टिकल 356 के तहत संविधान में सबस्टेंटिव चैंजेज किए गए, अमेंडमेंट्स किए गए, जबकि आर्टिकल 356 एक इमरजेंसी प्रोविजन है और वह एक रेस्टोरेटिव है। वह सिर्फ जम्हूरियत बहाल करने का एक प्रयास है। 9 सालों से डेढ़ करोड़ लोगों के पास कोई असेंबली नहीं है। कोई हुकूमत का नुमाइंदा नहीं है।

**माननीय सभापति:** आप बिल पर बोलिए ।

… (व्यवधान)

**श्री हसनैन मसूदी:** सर, मैं बिल पर ही आऊंगा । यह उससे ही संबंधित है। वहां पर कोई हुकूमत नहीं है और न ही असेंबली का इंतेखाब करने के लिए इनके पास हिम्मत है। इस तरह की नॉर्मल्सी का एक नरेटिव बनाया जा रहा है।… (व्यवधान) आज जम्मू-कश्मीर में जो छोटे व्यापारी हैं, उनकी

जायदादें जब्त की जा रही हैं। कल यहां पर कहा गया कि 800 यूनिट्स बनाए गए हैं, लेकिन आज ही मुझे कश्मीरी पंडित दोस्त ने फोन किया कि उनको जम्मू-कश्मीर के काज़ीगुंड में रखा गया है।

**माननीय सभापति**: आप बिल पर बोलिए।

… (व्यवधान)

**श्री हसनैन मसूदी:** मैं अब बिल पर आता हूँ। जनाब, यह भी उसी तसलसुल में है। जो वहां पर किया गया, वह भी उसी तसलसुल में है और यही बाकी स्टेट्स में भी हो सकता है। एक स्टेटमेंट है कि इंडिया में फेडरलिज्म नहीं है। यह फेडरल स्टेट नहीं है। आप इस बिल को देखिए। सारा प्रयास यही है कि पूरी पावर केन्द्र सरकार के पास आ जाए, ताकि जो चुनी हुई सरकार है, उस चुनी हुई सरकार के जो हुकूक हैं, उनको बिल्कुल खत्म किया जाए और उनको बिल्कुल गैर-मोअस्सिर बनाया जाए।

इसमें यह कहा गया है कि एक नेशनल कैपिटल सिविल सर्विस अथॉरिटी भी बनाई जाएगी, जिसमें सारी पावर्स केन्द्रीत होंगी। अब उसके क्या इख्तियारात हैं? अगर वहां पर सर्व-सहमति भी हो, अभी यह कहा गया कि चीफ मिनिस्टर्स को ओवर रूल करेंगे, दो ब्यूरोक्रेट्स जो मरकज़ के बनाए हुए होंगे। यह कैसा सिस्टम है? अगर वह सहमति भी हो, रेकमेंडेशन यूनैनिमस भी हो, फिर भी लेफ्टि. गवर्नर को उसे दरकिनार करने का, वापस भेजने का इख्तियार है। जनाब, यह कैसा सिस्टम बनाया जा रहा है? यह कैसा स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, क्योंकि जो चुनी हुई सरकार है, जो चुनी हुई असेम्बली है, उसके भी इख्तियारात हैं। उसका जो चुना हुआ वजिरेआला है, उसको बिल्कुल डाउनग्रेड करके, उसके सारे इख्तियारात को बिल्कुल डाउनग्रेड करके, एक इख्तियारात मरकुज़ किए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के सिलसिले में जनाब सदरे जमहूरियत ने खुद यह कंकरंस ली, क्योंकि वहां के गवर्नर उनके बनाए हुए थे। वह कैसा कंसल्टेशन हुआ, जो आईन का तकाजा था, वह दरकिनार किया गया।

जनाब, यह मुल्क बहुत ही खतरनाक दिशा की ओर जा रहा है। यह क्या किया जा रहा है? जम्मू-कश्मीर के मामले में बाकी जगह तीन लिस्ट्स थीं, कंकरंट लिस्ट, यूनियन लिस्ट एंड स्टेट

लिस्ट। लेकिन जम्मू-कश्मीर की जो खुद मुखतार थी, उसमें स्टेट लिस्ट थी ही नहीं। क्योंकि हम ने जो केन्द्र को दिया था, सिर्फ वही केन्द्र के पास था।

**माननीय सभापति:** आप बार-बार उस तरफ चले जाते हैं।

**श्री हसनैन मसूदी:** सर, और कहां जाऊं। मैं जम्मू-कश्मीर को रिप्रजेंट करता हूं। जम्मू-कश्मीर के अलावा और कहां जाऊं।...(व्यवधान) सर, अब मैं कंक्लूड करूंगा।

जनाब, एक और बात कॉंस्टिट्युशनल मोरालिटी की है। अगर यह कहा जा रहा है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला है, तो प्रोपरायटी यह है, मोरालिटी यह है, कॉंस्टिट्युशनल इथिक्स यह है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट का इंतजार किया जाए कि वह क्या कहेगा, फिर यह किया जाए। यह हो नहीं रहा है। जिस तरह से यहां बिल अमेंड हो रहा है, तो कांस्टिट्युशनल मोरालिटी यह है कि हम टॉप कॉंस्टिट्युशनल कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। उनको अपना फैसला देने दें। जैसे ऑर्डिनेंस बिल की जो अमेंडमेंट लाई गई है और उसको ऑपरेशनल किया गया, जो मोरा :टी है, जो इथिक्स है, जो संविधान का एक हिस्सा है, उससे इसको पास कीजिए।

मै अपनी पार्टी की तरफ से इस बिल की मुखालिफत करता हूं और यह इल्तिजा करता हूं कि इसको वापस लिया जाए, क्योंकि यह बिल आईन के मुखालिफ है।

[جناب حسنین مسعودی صاحب (اننت ناگ): چیرمین صاحب،آپ نے مجھے اس بِل پر بولنے کی اجازت دی اس کے لئے آپکا بہت شکریہ ، جناب میں گورنمنٹ آف نیشنل کیپیٹل ٹیریٹری آف دہلی بِل 2023 کی مخالفت میں کھڑا ہوا ہوں۔ جناب یہ دراصل آئین پر حملہ ہے اور آئین کی جو بنیادی روح ہے اس پر حملہ ہے۔ مجھے بڑا تعجب ہوا جب یہ کہا گیا کہ انڈیا ایک فیڈرل اسٹیٹ نہیں ہے، اور فیڈرلزم اس کے آئین کا حصہ نہیں ہے۔ کیشونند بھارتی کیس میں سپریم کورٹ نے صاف کیا کہ فیڈرلزم ایک بیسِک اسٹرکچر کا حصہ ہے اس کو پامال کئے جانے کی کوئی اجازت نہیں ہے۔ دراصل بات کیا ہے، معاملہ یہ ہے کہ لوک

شاہی اور افسر شاہی کے درمیان ایک معاملہ ہے، اور یہ کوش کی جارہی ہے کہ افسر شاہی ہو اور لوک شاہی نہ ہو۔ جناب ہم نے خود کہ ایک آئین دیا تو ہم نے ایک نظریہ دیا اور یہ کہا گیا ہے ہمارا ملک کیسے چلے گا۔ اس میں ریاستوں کو حقوق دئے گئے اور مرکز کو حقوق دئے گئے، ان کو ڈیمارکیٹ کیا گیا کہ ان کی اسفیر ایکٹیوِیٹی کیا ہوگی اور اپنا اپنا اسفیر کیا ہوگا۔ لیکن یہ جو بِل ہے اس بِل سے یہ کوشش کی جارہی ہےکہ جو حقوق ہیں دہلی سرکار کے جو بھی اختیارات ہیں، وہ کم کئے جائیں۔ یہاں پر بار بار جموں و کشمیر کا ذکر ہوا، اور ہونا بھی چاہئیے، کیونکہ اس سرکار کا آئین پر حملہ کرنے کا معمول بن گیا ہے۔ یہ حملہ 5 اگست، 2019 کو ہوا، جب ایک اسٹیٹ کے دو حصّے کئے گئے اور دفعہ 370 اور 35اے کو پامال کیا گیا اور آئین کو روند کر وہ سارے فیصلے لئے گئے۔ آپ کے ذریعہ آرٹیکل 356 کا سہارا لے کر جموں وکشمیرکو لیبوریٹری بنایا گیا جو لیبوریٹری بن گئی اور تجربہ کیا گیا، وہ کسی بھی صوبے کے ساتھ یا کسی بھی اسٹیٹ کے ساتھ کیا جا سکتا ہے ۔ آرٹیکل 356 کا سہارہ لیکر ایک اسٹیٹ کے دو حصّے کئے گئے، اور آرٹیکل 356 کے تحت آئین میں سبسٹینٹیو چینجز کئے گئے، امینڈمینٹس کئے گئے، جبکہ آرٹیکل 356 ایک ایمرجینسی پرووِیزن ہے اور وہ ایک ریسٹوریٹیو ہے۔ وہ صرف جمہوریت بحال کرنے کی ایک کوشش ہے۔ 9 سالوں سے ڈیڑھ کروڑ لوگوں کے پاس کوئی اسمبلی نہیں ہے۔ کوئی حکومت کا نمائندہ نہیں ہے۔

جناب، میں بِل پر ہی آؤں گا۔ یہ اس سے ہی متعلق ہے۔ وہاں پر کوئی حکومت نہیں ہے، اور نہ ہی اسمبلی کے انتخابات کرانے کی ان میں ہمت ہے۔ اس طرح کا نارمیلسی کا ایک نریٹیو بنایا جا رہا ہے۔ (مداخلت)۔ آج جموں و کشمیر میں جو چھوٹے کاروباری ہیں، ان کی جائدادیں ضبط کی جا رہی ہیں۔

کل یہاں پر کہا گیا کہ 800 یونٹس بنائے گئے ہیں، لیکن آج ہی مجھے میرے ایک کشمیری پنڈت دوست نے فون کیا کہ ان کو جموں و کشمیر کے قاضی کُنڈ میں رکھا گیا ہے۔

میں اب بِل پر آتا ہوں۔ جناب، یہ بھی اسی تسلسل میں ہیں، جو وہاں پر کیا گیا، وہ بھی اسی تسلسل میں ہیں، اور یہ باقی اسٹیٹس میں بھی ہو سکتا ہے۔ ایک اسٹیٹمینٹ ہے کہ انڈیا میں فیڈرلزم نہیں ہے۔ یہ فیڈرل اسٹیٹ نہیں ہے۔ آپ اس بِل کو دیکھئے۔ ساری کوشش یہی ہے کہ پوری پاور مرکزی سرکار کے پاس آجائے، تاکہ جو چُنی ہوئی سرکار ہیں، اس چُنی ہوئی سرکار کے جو حقوق ہیں، ان کو بالکل ختم کیا جائے اور ان کو بالکل غیر موثر بنایا جائے۔ اس میں یہ کہا گیا کہ ایک نیشنل کیپٹل سِول سروِس اتھارٹی بنائی جائے گی، جس میں ساری پاور کیندرت ہوگی۔ اب اس کو کیا اختیارات ہیں؟ اگر وہاں پراتفاق رائے بھی ہو، ابھی یہ کہا گیا کہ چیف منسٹر کو اور رول کریں گے، دو بیروکریٹس جو مرکز کے بنائے ہوئے ہوں گے، یہ کیسا سسٹم ہے؟ اگر وہ سہمتی بھی ہو، ریکمنڈیشنس یونینمس بھی ہوں، پھر بھی لیفٹننٹ گورنر کو اسے درکنار کرنے کا واپس بھیجنے کا اختیار ہے۔ جناب، یہ کیسا سسٹم بنایا جا رہا ہے؟ یہ کیسا اسٹرکچر بنایا جا رہا ہے، کیونکہ جو چُنی ہوئی سرکار ہے، جو چُنی ہوئی اسمبلی ہے، اس کے بھی اختیارات ہیں۔ اس لا کو چُنا ہوا وزیرِ اعلیٰ ہے، اس کو بالکل ڈاؤن گریڈ کرکے، اس کے سارے اختیارات کو بالکل ڈاؤن گریڈ کرکے یہ اختیارات مرکوز کئے جا رہے ہیں جو نومینی ہے۔ جموں کشمیر کےسلسلے میں جناب صدرِ جمہوریہ نے خود یہ کنکرنس لی، کیونکہ وہاں کے گورنر انکے بنائے ہوئے تھے، وہ کیسا کنسلٹیشن ہوا، جو آئین کا تقاضہ تھا وہ درکنار کیا گیا۔

جناب، یہ بہت ہی خطرناک سِمت میں ملک جا رہا ہے۔ یہ کیا کیا جارہا ہے؟ جموں کشمیر کے معاملے میں۔ باقی جگہ تین لِسٹس تھے، کنکرن لِسٹ، یونین لِسٹ اوراسٹیٹ لِسٹ۔ لیکن جموں کشمیر کی جو خود مختیاری تھی اس میں اسٹیٹ لِسٹ تھا ہی نہیں۔ کیونکہ ہم نے جو مرکز کو دیا تھا، صرف وہی کیندر کے پاس تھا۔

سر میں اور کہاں جاؤں، میں جموں کشمیر کی نمائندگی کرتا ہوں۔ جموں کشمیر کے علاوہ اور کہاں جاؤں (مداخلت)۔ سر اب میں کنکلوڈ کروں گا۔

جناب، ایک اور بات کانسٹی ٹیوشنل موریلٹی کی ہے۔ اگر یہ کہا جا رہا ہے کہ مانئے سپریم کورٹ کے سامنے یہ معاملہ ہے، تو پرایوریٹی یہ ہے، کانسٹی ٹیوشنل ایتھِکس یہ ہے کہ مانئے سپریم کورٹ کا انتظار کیا جائے۔ وہ کیا کہے گا، پھر یہ کیا جائے۔ یہ ہو نہیں رہا ہے۔ جس طرح سے یہ بِل امینڈ ہو رہا ہے، تو کانسٹی ٹیوشنل موریلٹی یہ ہے کہ ہم ٹاپ کانسٹی ٹیوشنل کورٹ کے فیصلے کا انتظار کریں۔ ان کو اپنا فیصلہ لینے دیں۔ جیسے آرڈینینس بِل کی جو امینڈمینٹس لائی گئی ہیں اور اس کو آپریشنل کیا گیا، جو موریلٹی ہے، جو ایتھِکس ہے، جو آئین کا حصہ ہے، اس سے اس کو پاس کیجئے۔

میں اپنی پارٹی کی طرف سے اس بِل کی مخالفت کرتا ہوں اور یہ التجا کرتا ہوں کہ اس کو واپس لیا جائے کیونکہ یہ بِل آئین کےمخالف ہے۔ ]

**DR. M. P. ABDUSSAMAD SAMADANI (MALAPPURAM):** Thank you, hon. Chairperson Sir, for giving me this opportunity.

Sir, I oppose the Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2023. It is a very critical legislation that is definitely going to

upset and disrupt the delicate balance between the Centre and the States. It is against the very basic Constitutional dictum that India shall be a Union of States. I am sorry to say that it is a move for greater centralisation, which is against Part XI of the Constitution, which governs relations between the Centre and the States. This is not well-intended and is ill-motivated. The motive behind this legislation is very ulterior. It is equal to nullifying the recent verdict of a Constitutional Bench which says:

> "The subject of 'Services', covered under Entry 41 (State List), will fall under the Executive and Legislative domains of the Delhi Government."

Sir, that is why, the legislative quality and competence of this Bill is under question. We all know that it is against cooperative federalism. Nobody can justify it. Whatever points may be brought forward by the learned Members on the other side, you cannot conceal the negative aspects of this Bill which goes against the very spirit of cooperative federalism.

Sir, it is highly condemnable that potentially divisive issues are brought to focus. It is not for the good of the nation. Maybe, it is done by the Government in the run up to the next year's elections. But, Sir, it will not be for the good of the nation.

Sir, another worst example of this kind of negative attitude is pitchforking and triggering the dormant and contentious debates around the Uniform Civil Code. That is also done at this juncture.

India has remained uniquely unified despite infinite multiplicities of the country in various ways of its life. We have to protect the values and ethos of cooperative federalism. It is by protecting the diversity alone. Will we be able to protect the values of federalism. The diversity cannot be subsumed in an artificial uniformity. That is what we want from the Government also. I cannot understand why the Government is rushing for and pushing for this kind of negative legislation, which is against the norms of social, religious, linguistic, ethnic, and political diversity of the country. It is going to surely affect badly our structures of fiscal federalism, linguistic federalism, cultural federalism, and also political federalism. I would also add our service federalism, which this new legislation is definitely going to badly affect. So, I have to say that it is an attempt to bolster Centre's hold on the Capital's administration, an encroachment on the remit of the State Government, and expanding the ambit of the Centre.

Sir, we can't understand this legislation. Instead of intervening in the matters and setting right the burning matters in States like Manipur and Haryana, why is the Government bringing this kind of very negative legislation, which are against the spirit of the Constitution? This Bill, under discussion, is against Article 239AA, and also it is against the recommendations of the Sarkaria Commission, the Venkatachelliah Commission. Nobody can conceal this. The foundation of this enactment is very weak.

जो शाख़-ए-नाज़ुक पे आशियाना बनेगा वो ना-पाएदार रहेगा । The nest built on a very weak and tender branch of the tree will not last. सर, यह सारी कोशिश दिल्ली

को जीतने के लिए हो रही है। दिल्ली को हिन्दुस्तान का दिल कहा जाता है। दिल जीतने के लिए यह काफी नहीं होगा। इस तरह के कानून से दिल को जीत नहीं सकते हैं। दिल्ली को जीतने के लिए मोहब्बत, प्यार, रवादारी और भाई-चारा चाहिए। यह आपके पास नहीं है और इसके लिए राजनीतिक शक्ति भी चाहिए, जो गवर्नमेंट के पास नहीं है।

I have to remind the Government that the Supreme Court had held that States are not mere appendages of the Centre. This is the decision and declaration made by the Supreme Court. Also, I have to request the Government to pay urgent notice to Ambedkar's December 1952 lecture – On Conditions *Precedent for the Successful Working of Democracy*. What I feel is that this kind of negative legislations will affect the spirit of our federalism, our cooperative federalism. Hence, I oppose this kind of an enactment, and I would request the Government to withdraw this kind of legislation. Thank you, Sir.

**श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली):** सभापति महोदय, आज मैं जब संसद में आ रहा था, तो हमें दिल्ली का एक व्यक्ति मिला और बोला कि जरा मुझे बताना कि जो व्यक्ति लगातार सब को चोर कहता रहा, आज उसी को सही ठहराने के लिए कैसे लोग बैठे हैं? मैं यह बात छोड़ देता हूं, लेकिन एक बात सदन को ध्यान रहे कि दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर आज जो व्यक्ति बैठा है, वह पहला मुख्यमंत्री नहीं है। वह 5वां मुख्यमंत्री है। इनके पहले शीला दीक्षित जी बैठी थीं, उनके पहले सुषमा स्वराज जी बैठी थीं, उनके पहले साहिब सिंह वर्मा जी बैठे थे और दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना जी थे। कभी भी इस तरह का संकट दिल्ली में नहीं आया था, जो आज आया है।

अभी थोड़ी देर पहले हमारे एक सदस्य लोकलाज की बात कर रहे थे। वह बिहार के नेता हैं। बिहार के नेता के मुंह से लोकलाज सुनकर मुझे भोजपुरी की एक कहावत याद आ रही है।

"सुपवा बोले त बोले, चलनियों बोलत् बाटे, जौना में बहत्तर छेद बाटे।"

माननीय सभापति महोदय, हम भी चुनकर आए हैं। हमारे साथियों ने कई बार कहा कि वे चुनकर आए हैं, चुनकर आए हैं। हम भी चुनकर आए हैं, दो-दो बार चुनकर आए हैं। यही नहीं, हम निगम में भी चुनकर आए। ये सभी चुनकर आए हैं, जो ये कानून बनाने वाले लोग हैं। लेकिन पता नहीं, क्यों उनको अपने ही कानून बनाने की क्षमता और योग्यता पर संदेह हो गया है। कोई बात नहीं, इसे देश की जनता डिसाइड करेगी।

जब कोविड आया था, तो याद कीजिए क्या हुआ था। देश के गृह मंत्री श्री अमित शाह जी सड़कों पर थे। जब कोविड आया, तो ये अस्पताल-दर-अस्पताल दिल्ली का दौरा कर रहे थे। जो दिल्ली के मुख्यमंत्री थे, वे कहीं अन्दर, पता नहीं कौन-सी मच्छरदानी ओढ़कर बैठे हुए थे। जब दिल्ली में बाढ़ आई, तो अमित शाह जी की व्यवस्था उसे संभाल रही थी। जब इस व्यक्ति के घर में पानी घुसने लगा, जैसे कभी-कभी बिल में पानी जाता है, तो कुछ जानवर निकलकर बाहर आ जाते हैं, उस तरह से हमने देखा और दिल्ली बर्बाद हो गई।

माननीय सभापति महोदय, आज मैं आपको बहुत ही विनम्रता से कहना चाहता हूँ कि उस समय दिल्ली के मुख्यमंत्री या तो शीशमहल में सो रहे होते हैं या शराब घोटाले की प्लानिंग कर रहे होते हैं। मैं बहुत ही विनम्रता से आपके सामने बताना चाहता हूँ कि इस डिबेट से वह व्यक्ति बहुत खुश होगा, क्योंकि उससे तो अब कोई सवाल ही नहीं पूछ रहा है। कोविड में जिसने किरायेदारों से वादा किया था कि किरायेदार लोग यहाँ से भागना मत, तुम्हारा किराया दिल्ली सरकार देगी। लेकिन आज तक किरायेदारों को यह सुविधा नहीं मिली। यहाँ के लोग पूछ रहे हैं, हमारे साथियों ने भी कहा कि यमुना गंदी कैसे हो गई, डीटीसी घोटाला कैसे हो गया, यहाँ पीएम आवास योजना क्यों नहीं चालू है, दिल्ली में आयुष्मान योजना क्यों बंद हो गई, यहाँ बुज़ुर्गों का पेंशन क्यों बंद है, यहाँ जल बोर्ड घोटाला क्यों हो गया, यहाँ नौ साल से गरीबों का राशन कार्ड क्यों नहीं बन रहा है?

माननीय सभापति महोदय, आप वहाँ बैठे हैं, देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जहाँ गरीबों के लिए कितनी भारी मात्रा अनाज दे रहे हैं, वहीं जब आप दिल्ली की गलियों में जाएंगे, तो देखेंगे कि राशन कार्ड नहीं बनने के कारण लोग रो रहे हैं। आज जब मैं बात कर रहा हूँ, कल शाम

को दिल्ली के मुख्यमंत्री को पब्लिक ने पकड़ लिया। यदि पुलिस नहीं होती, तो पता नहीं उनका क्या हाल होता? हम चाहते हैं कि नेताओं पर हमले नहीं होने चाहिए, लेकिन आज दिल्ली इस तरह से रो रही है। यहाँ 10 साल में एक भी नया कॉलेज नहीं बना, एक भी नया स्कूल नहीं बना। अब यह सवाल पूछे तो कौन पूछे? झुग्गीवासियों को घर देने का वादा किया था दिल्ली के मुख्यमंत्री ने और देना पड़ रहा है देश के प्रधानमंत्री जी को। अभी उन्होंने 3,025 लोगों को घर दिया।

हमारे कई साथियों ने पूछा कि यह अध्यादेश क्यों आया। आप याद कीजिए, जब 11 मई को सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आया, तो दूसरे ही दिन जिस व्यक्ति के ऊपर शराब घोटाले का आरोप है, जिस व्यक्ति ने फोन पर कहा है कि यह व्यक्ति मेरा खास है, इसको 100 करोड़ रुपए दे देना, जो मुख्यमंत्री पद पर बैठे हैं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश आने के बाद, अभी उसकी स्पष्टता भी नहीं हो रही है, जैसा कि हमारे कई साथियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं कहा कि 'स्पष्टता' को बनाये रखने के लिए यह सदन कानून बना सकता है, उसके बाद भी बिना उस पैरा 95 को बिना पढ़े, उन्होंने तुरंत सवेरे उस अधिकारी का ट्रांसफर किया, जो विज़िलेंस ऑफिसर था। मेरे विद्वान साथियों, आप भी सोचिए कि आप किसका समर्थन कर रहे हैं। मैं तो गृह मंत्री जी से कहूँगा कि मुझे कई एंगल्स से यह शंका हो रही है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर बैठा हुआ व्यक्ति देश के खिलाफ बहुत बड़ी साज़िश कर रहा है। इसकी जाँच होनी चाहिए।... (व्यवधान) अभी जब यमुना जी में बाढ़ आई, जब मैं बाढ़ में गया, तो मैं मुख्यमंत्री का एक बयान सुनता हूँ, वे कह रहे थे कि कई लोगों के कागज़ बह गये हैं, उनके कागज़ फिर से बनाये जाएंगे। मैं पूछना चाहता हूँ कि किसके कागज़ बहे? हम तो जिन लोगों के लिए खाना लेकर गये, जिनके लिए हम रोटी लेकर गये, जिनके लिए हम नाव लेकर गये, वे तो अपना सारा सामान लेकर सड़क पर सिर्फ टेंट का इंतजार कर रहे थे। वे किसका कागज़ बनाने की बात कर रहे हैं, यह जाँच का विषय है। मुझे बिहार और यूपी की महिलाओं ने कहा, मैं आपको विडियो दे सकता हूँ, उनका बयान दे सकता हूँ, वे महिलाएं कह रही हैं कि हमें तो ये मुआवज़ा भी देने को तैयार नहीं है।

मेरे सभी साथियों, आप इस पर विचार कीजिएगा। मैं यह बात बताना चाहूंगा कि हमारे विपक्ष के नेता कह रहे थे कि किस कारण से यह बिल आ रहा है? श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले जी यहां बैठी थीं, वे अभी यहां नहीं हैं। … (व्यवधान) उन्होंने सदन में मिसक्वोट किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्ण राज्य के बारे में हम हमेशा मैनिफेस्टो में देते हैं। मैं तो दिल्ली में वर्ष 2013 से हूं। न वर्ष 2013 के चुनाव में, न वर्ष 2014 के चुनाव में, न वर्ष 2015 के चुनाव में, न वर्ष 2017 के चुनाव में, न वर्ष 2019 के चुनाव में, न वर्ष 2020 के चुनाव में, कभी भी हमने मैनिफेस्टो में नहीं दिया। आप इतने बड़े सदन को गुमराह न करें।

सभापति महोदय, जहां तक एलजी की बात है, एलजी वहीं टोकते हैं, जहां संविधान का हनन होता है। दिल्ली में जी20 बैठक होने वाली है। मैं एक दिन अपने घर में रात के 12:30 hrs सोने की तैयारी कर रहा था, तब ही पता चला कि एलजी महोदय बाहर सड़कों पर पेड़-पौधों की सुंदरता देखने आए हैं। मैं हैरान था, मैं घर से बाहर निकला। उस समय दिल्ली के मुख्य मंत्री अपने शीशमहल में सोए हुए हैं, तब मुझे यह कहना पड़ता है कि सभापति महोदय, यह जो बिल है, यह दिल्ली की खुशियों का बिल है।

सभापति महोदय, मैं तो प्रार्थना करूंगा कि आप बहस कीजिए, बहस करनी ही चाहिए। बहुत अच्छा लग रहा है कि सभी साथी बोल रहे हैं। कई दिनों के बाद सबको बोलने का मौका मिल रहा है, लेकिन यह बिल दिल्ली के झुग्गीवासियों का, दिल्ली के गरीबों का, दिल्ली की महिलाओं का, और सबके अधिकारों की रक्षा करने वाला बिल है।

अत: इस बिल को आप सब पास करें, यही मेरी आप सभी से प्रार्थना है।

मैं इस बिल का समर्थन करता हूं।

धन्यवाद।

**श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग):** माननीय सभापति महोदय, शिव सेना उद्धव बालासाहब ठाकरे पक्ष की तरफ से मुझे अपने विचार व्यक्त करने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय, इसी के साथ दिल्ली के बारे में जो बिल आया है, मैं इसको स्ट्रॉन्गली अपोज़ कर रहा हूं।

महोदय, यदि देखा जाए तो आदरणीय गृह मंत्री जी ने अपना जो विवेचन किया, उसमें इस बिल को वे क्यों ला रहे हैं, इसकी स्पष्टता तो की है। … (व्यवधान) उसी के साथ इस बिल के पीछे केंद्र सरकार की जो कपट नीति है, वह सामने आ चुकी है। गृह मंत्री जी ने कहा है कि वर्ष 2015 से पहले सब कुछ अच्छा चल रहा था, लेकिन वर्ष 2015 के बाद दिल्ली में जिस तरीके से मतदाताओं ने राजकीय क्षेत्र में परिवर्तन निर्माण किया और इस परिवर्तन से मतदाताओं की इच्छा से जिन लोगों ने सरकार स्थापित की, ऐसी आम आदमी पार्टी की तरफ से जैसी कपट नीति निर्मित हुई, उसके लिए आज के बिल का जन्म हो चुका है।

सभापति महोदय, अगर देखा जाए तो दिल्ली के लोकतंत्र की रक्षा करने वाले लोकशाही के मंदिर में हम सब लोग बैठे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से इसी लोकशाही के मंदिर में दिल्ली के इस विधेयक के माध्यम से लोकतंत्र की हत्या की शुरुआत हो रही है, ऐसा डर मुझे लगता है। दिल्ली में विधान सभा है, लोगों के माध्यम से पार्षद, विधायक चुने जाते हैं। लोगों के माध्यम से मुख्यमंत्री, उप-मुख्यमंत्री और मंत्री परिषद का निर्माण हो चुका है। पार्षदों-कॉरपोरेशन का जो पिछला चुनाव हुआ, उस चुनाव में पूरी की पूरी दिल्ली में दिल्लीवासियों का जो रवैया है, वह स्पष्ट हो चुका है। काफी प्रयासों के बाद भी वहां भारतीय जनता पार्टी का शासन न आने से उनके दिल में जो बुरी भावना थी, वह आज तक उनको सता रही थी। वे देख रहे थे कि एक न एक दिन इसके बारे में हमें कुछ न कुछ करना ही होगा।

सभापति महोदय, दुर्भाग्य की बात यह है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश देने के बावजूद भी ऐसा हुआ। 19 मई को आदेश दिया कि दिल्ली में लोकतंत्र से निर्मित हुई राज्य शासन की जो प्रक्रिया है, उन्हें पूरे तरीके से हक प्राप्त होने चाहिए, ऐसा निर्देश माननीय सर्वोच्च न्यायालय के देने के बावजूद उसी दिन ऐसा ऑर्डिनेंस निकालकर लोकतंत्र की हत्या करना और उसे प्रशासकीय अमल में लाना निंदनीय बात है। मैं इसकी निंदा करता हूं, लेकिन पूरे देश को बाबा

साहब अंबेडकर जी की कृपा से या उस वक्त के हमारे पूर्वजों की कृपा से लोकतंत्र की जो यह देन हमें मिली है, ऐसे लोकतंत्र का विसर्जन यमुना नदी में करने की शुरुआत क्या केंद्र सरकार के माध्यम से हो रही है?

महोदय, मैं पूछना चाहता हूँ कि दिल्ली के आज के जो राज्यकर्ता हैं, चाहे मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जी हों, चाहे कहीं कोई हों, जैसे गृह मंत्री जी ने बताया कि उन्होंने करोड़ों रुपया खर्चा करके बंगला बनाया, ऐसा उनके बयान में आया है। अगर यह एक ही कारण है तो आपके पास, पिछले कई दिनों से, आप जेब में ईडी का एक राक्षस लेकर पूरे देश में घूम रहे हैं। खासकर महाराष्ट्र या अन्य राज्यों में, चाहे बंगाल हो, असम हो, ईडी के डायरेक्टर का तो आप इस्तेमाल करते आ रहे हैं। महाराष्ट्र की आज की स्थिति ऐसी है कि चाहे शिव सेना का गद्दार गुट हो या एनसीपी का गद्दार गुट हो, उनके कई लोगों के ऊपर ईडी की रेड हुई थी, कई लोगों के ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप था। कल उन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते थे और आज आप उनको मंत्री परिषद में लेकर बैठे हैं। यह तो वाशिंग मशीन से भी ज्यादा लॉन्ड्री हो चुकी है।

महोदय, भ्रष्टाचार का आरोप लगाना, लॉन्ड्री में डालना और मंत्री परिषद में लाकर बिठाना दुर्भाग्य की बात है। अभी जो इनकी एनडीए की मीटिंग हुई, उसमें आदरणीय प्रधानमंत्री जी के बायीं और दायीं तरफ ऐसे दो लोग बैठे थे, जिनके ऊपर भ्रष्टाचार का आरोप लगा था। जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी खड़ी की, ऐसे आदरणीय गडकरी जी, आदरणीय राजनाथ सिंह जी लम्बी दूरी पर बैठे थे। यह शासन भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए है और इसीलिए आप एलजी के हाथ में पूरी दिल्ली दे रहे हैं।

महोदय, मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ। दिल्ली में आप क्या करना चाहते हैं? यह सिर्फ लोकतन्त्र की हत्या नहीं है, आप दिल्ली की सारी जनता का अपमान कर रहे हैं। सारे दिल्लीवासियों ने, आपके इतना प्रयास करने के बाद भी कारपोरेशन में बहुमत अरविन्द केजरीवाल की पार्टी को दिया। आपने कई दिनों तक उन्हें स्टैंडिंग कमेटी चेयरमैन नहीं चुनने दिया, कई दिनों तक मेयर नहीं चुनने दिया। यह कौन सी राजनीति हो सकती है? अभी खुल्लम-खुल्ला हो गया है

कि चलो एलजी के हाथ में राज्य दे दो और अपने को जो चाहिए, वे वैसा करें, ऐसा आप इस बिल के माध्यम से करने जा रहे हैं।

महोदय, ऐसे लोकतन्त्र की हत्या करने वाले बिल का शिव सेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी कड़ा विरोध कर रही है और करती रहेगी। धन्यवाद।

**ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA):** Sir, on behalf of CPI(M), I vehemently oppose the National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2023.

It is very interesting to note that the hon. Supreme court gave its judgement on 11th May upholding the power of the Delhi Government in matters related to Delhi Services and within seven days, the Ordinance was promulgated to override the Supreme Court's judgement. What was the exigency to bring an Ordinance in such a hasty manner? According to Article 123(1), the President can promulgate an Ordinance only when the circumstances exist which render it necessary to take immediate action. And, the hon. Supreme Court has pointed out several times that the power to promulgate an Ordinance under Article 123 should be exercised with due diligence and caution. It shows that the BJP Government cannot wait even for a single minute to act upon matters which it considers are affecting their supremacy.

Sir, by interpreting Article 239AA, the hon. Supreme Court made it clear that the Delhi Government has the power to make laws and administer Civil Services. That is why, the hon. Supreme Court limited the role of the Lieutenant Governor over bureaucrats except to three specific areas such as public order, police and land. The apex court made it clear that the Lieutenant

Governor's role is to either act on the aid and advice of the Council of Ministers or implement their decisions.

Sir, the Supreme Court recognised that the concept of federalism applies to Delhi despite it not being accorded the status of a State. The Bill envisages the setting up of a new statutory body, National Capital Civil Services Authority, which consists of two bureaucrats – Chief Secretary and Principal Secretary of Home – and the Chief Minister of Delhi.

Sir, as decisions made by the authority will be based on majority, the opinion of the Chief Minister, who is an elected representative, can be overruled by the bureaucrats who are supposed to work under him. The irony does not stop there. If difference of opinion prevails, the final decision will be made by the Lieutenant Governor, effectively reversing the verdict of the hon. Supreme Court. So, the object of the Bill is nothing but to place the Lieutenant Governor of Delhi, as an autocratic ruler above the elected Government. Because a non-BJP Government is ruling Delhi, this Government is trying to sabotage the spirit of democracy in Delhi.

Sir, this Government is finding one or the other way to jeopardize people's mandate in the States. Either they will dissolve the Assembly and impose Governor's rules as done in Kashmir or they will purchase legislators outrightly as we witnessed in many States like Goa, Karnataka, and everywhere where non-BJP Government comes to power. And if that is also not possible, it comes up with a Bill of this kind to snatch the power using bureaucrats. One more tactic is there. That is of using the Enforcement

Directorate, headed by the one and only life-long Director, Shri Sanjay Kumar Mishra, to threaten the legislators and to switch their sides.

Sir, this Government is claiming that the Supreme Court judgment has given it the powers to bring a new legislation, if needed, to control the services of the Delhi Administration. Why is this Government silent on the Supreme Court's remarks against its handling of violence in Manipur? Even after the Supreme Court indicting that there has been a complete breakdown of constitutional machinery in Manipur, the BJP has not removed its Chief Minister from the post. Why is BJP's central leadership silent on Manipur? It is because they have a clear political agenda in Manipur, which is the agenda of RSS.

We have seen how this Government tried to bring BJP to power in municipalities in Delhi by merging the four municipal corporations into one by bringing a legislation in this House. Then, we saw how vehemently the BJP has opposed the election of Delhi Mayor to sabotage people's mandate as they failed to get majority even after court's directions. They registered a case against the hon. CM, Shri Kejriwal, only because he asked about the degree certificate of our PM. This Government is again and again making it clear that they are not ready to accommodate any State or Union Territory Government that is non-BJP. It will be repetition – no doubt it will be repetition – of what we have seen in Lakshadweep, Kerala, Tamil Nadu, and West Bengal where the

Governors and Lieutenant Governors are behaving like …* in the hands of the Union Government.

**HON. CHAIRPERSON:** No. You cannot say like this, Mr. Ariff.

… (*Interruptions*)

**ADV. A.M. ARIFF:** Sir, only one minute. The Tamil Nadu …* even ordered the removal of a Minister of the Cabinet at his wish and later had to withdraw his order as it went against the Constitution.

**HON. CHAIRPERSON:** No. That cannot go on record.

… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Shri Asaduddin Owaisi ji.

… (*Interruptions*)

**ADV. A.M. ARIFF:** This Bill is with the same intention of what you have been doing in other States to make a mockery of the democratic principles using the Governors.

**HON. CHAIRPERSON:** No.

… (*Interruptions*)

**ADV. A.M. ARIFF:** Sir, I reiterate that this Bill is anti-democratic and anti-constitutional and against the federal principles. So, I request the Government to withdraw this Bill and uphold the sanctity of the Supreme Court's judgement.

**SHRI ASADUDDIN OWAISI (HYDERABAD):** Sir, I thank you for giving me the opportunity. I stand to oppose the Government of National Capital Territory of Delhi (Amendment) Bill, 2023.

---

* Not recorded

Sir, let us deal with Article 123. In 2017, Supreme Court in Krishna Kumar judgement held that an ordinance cannot be made to serve an oblique purpose. An ordinance cannot be made to perpetrate a fraud on the constitutional process and to achieve a purportedly oblique purpose. Supreme Court has repeatedly said the ordinance making powers are not routine legislative powers and are supposed to be used solely in emergent situations. The word that has been used by the Supreme Court in terms of ordinance is 'necessity and immediate action', which indicates that ordinance making powers are not to be used on mere whims. This is what this Government has done. The Court held that if ordinance-making power is based on extraneous grounds, then the purpose of ordinance was to perpetrate a constitutional fraud. The courts will interfere and strike down such an ordinance. I hope that third time again you lose this case in Supreme Court. What was this ordinance if not petty politics in the garb of law making within eight days of Supreme Court judgement? The purpose was mala fide because it snatched the mandate of the electorate and gave it to an unelected civil servant. This is constitutional fraud being perpetrated in broad daylight.

Sir, may I give you an example of what the Government proposes to do? Sir, you are a very seasoned politician, a senior politician.

Look at Section 45-I(4). It requires that before issuing any order, a Minister must submit his proposal to the Chief Secretary, Chief Minister, and the Lieutenant Governor. The list of matters that must be submitted to the Lieutenant Governor is expansive. It includes Section 45-I(4), which says:

"matters likely to affect peace and tranquillity of NCTD." Then, Section 45-I(4)(9) says: "any other matter of administrative importance which the President of India may consider necessary." This basically means that before doing anything at all, the Minister will have to seek the permission of Shri Amit Shah. Of what use is having a Minister at all?

Similarly, let us look at Section 45-J(3) which places a duty on the Secretary to the Council of Ministers to bypass the CM and inform the LG. Similarly, Section 45-J(4) requires the Department Secretaries to determine that something is likely to cause controversy with the Central Government, Supreme Court, other State Governments, and other High Courts. Once they have determined it, they are required to report it to the LG. The CM is a showpiece. He is a show oy over there.

Now, under Section 45-J(5), the Chief Secretary is required to ignore the orders of the CM or Minister, and report to the LG anything he determines is a violation of the Act. On violation of Act, you go to the Court. That is why, in our Constitution, we have Article 311, and every legislation states that if a civil servant does not act in good faith, he is protected. But you are saying that: 'Oh, now you should determine what is violation.' Then, why do we have courts. Let us close down the courts.

Sir, I want to give you another example. The recital of the Ordinance says that the Ordinance wants to ensure that the will of the officers of the GNCTD is represented. The officers have no will of their own. The only will that matters in our democracy is the will of the people that is expressed

through elections. This Bill which you have brought is horrible and absurd. It is patently absurd and horrible. It violates the principles of federalism. Why I say it is because the elected Government is being provided for, but the Administrative Officers under it are answerable to the Union Government. For any appointee, the principle of federalism clearly applies in this. You have an elected Government. The elected Government decides the policy and not the officials. I can understand the pressure which the Ministers are facing. But for God's sake, do not put your pains on other elected Governments. Here, it is patently wrong.

The hon. Home Minister is here. He quoted Pandit Nehru. Let me quote what Nehru said in Ludhiana's State Peoples' Conference in 1939.

Nehru said, and I quote:

> "The only final authority and paramount power that we recognise is the will of the people."

Then, in 1938, our freedom fighters moved a Resolution in Haripura stating that the 'Purna Swaraj' meant freedom for all of India including Princely States. The Resolution said that the only kind of a federation that can be acceptable is one in which the States participates as free units, enjoying the same measure of democratic freedom as the rest of the India. Now, the hon. Home Minister says that they will do a better job. Yes, we know it. You did a fantastic job when a law was protested. We know that you did a fantastic job by arresting people of only one community in the North-East Delhi riots. You did a fantastic job, which will be written in annuals of history, on January 26,

when the farmers protested. So, what is the point of taking on more responsibility when you cannot discharge these responsibilities?

Sir, at the same time, it is unfortunate that it is a lesson for this Delhi Government. You supported the removal of Article 370. So, what goes around comes around. You cannot shout, 'we are victims' now.

I want to know this from the hon. Home Minister when he replies. Atal Bihari Vajpayee's Government had tabled the Bill in this House for complete statehood. May be, you were there, Sir, at that time. You placed a Bill in this House for complete statehood. What is your policy? Why is the Government demeaning the dignity of this august House? Take your political fight outside this House. We want to know what is your position on that.

If you want to end this farce, remove this 69th Amendment. Remove this farce. There is no need of that Amendment.

Lastly, why are you opposing this man? He is your genetically modified product. He came out of your think tank. What went wrong? I am surprised. We knew that he was your man, and he is still your man. Ideologically, he is the closest to you. Maybe you want to keep him for some rainy day when you are not in power, but that is a different chapter.

I conclude by saying that I oppose this unconstitutional Bill, which violates federalism which is part of the basic structure of our Constitution. This is completely wrong. Moreover, I am warning all regional Parties that the day is not far when Bengaluru, Chennai, Hyderabad or Mumbai can become a Union Territory. Let us be careful. Thank you, Sir.

**SHRIMATI HARSIMRAT KAUR BADAL (BATHINDA):** *I thank you for giving me the opportunity to speak on the Delhi Bill. Aam Aadmi Party is shouting from roof-tops that States should be given more rights.*

Sir, there is a lot of talk going on about more power, especially from Aam Aadmi Party. Mr. Kejriwal who is travelling across the length and breadth of the country is demanding support for more powers for the State of Delhi. I would like to tell this august House that this Bill is nothing new. I do not know what the noise is about because all the things in this Bill have already been implemented in Punjab. Punjab is totally under the control of Kejriwal. A Leader of a small Union Territory is ruling the State of Punjab. He is asking for more powers over here, but he has suppressed every power of Punjab.

Sir, you will be surprised to know that पंजाब में डीजीपी चुनना हो तो केजरीवाल फैसला करता है। पंजाब में एजीपी चुनना हो तो केजरीवाल फैसला करता है। चीफ सैक्रेट्री, प्रिंसिपल सैक्रेट्री आदि सभी का फैसला केजरीवाल करता है। हमारे पंजाब की राज्य सभा की सीटों पर भी दिल्ली के लोग जा कर बैठते हैं तो ये कौन सी पॉवर्स की बात कर रहे हैं? … (व्यवधान) जब पंजाब बाढ़ में डूबा होता है तो हमारा हैलीकॉप्टर और हमारे सिक्योरिटी गार्डस और हमारा मुख्य मंत्री इनका ड्राइवर बन कर देशभर में घूम रहा होता है। पंजाब के लोग गुहार लगा कर मुख्य मंत्री से बोल रहे हैं कि पानी से बचा लो, हमारी मदद कर दो तो ये राहुल गांधी के साथ हाथ बंटाने के लिए कर्नाटक के स्टेज पर चढ़े होते हैं, तो सर, ये कौन सी पॉवर्स की बात कर रहे हैं? हमारा स्टेट तो पूरी तरह से इनको आउटसोर्स हो गया है। इसलिए जो प्रैक्टिस ये करते हैं, उसको पहले तो ये प्रीच करें। हर तरीके से पंजाब के साथ … (व्यवधान)

---

*.....* English translation of this part of the Speech originally delivered in Punjabi.

*The AAP has cheated the people of Punjab. Shri Kejriwal is trying to improve his image at the cost of people of Punjab. Money of Punjab is being wasted. From Kashmir to Kanyakumari, advertisements worth crores of rupees are being published and telecast in media and newspapers. This is sheer wastage of public money. The rights of Punjab are being trampled. Whether it is the claim of Punjab on our capital city, or the share of Punjab in river waters, the AAP has weakened Punjab's position in these matters. In Punjab, both the ruling party and the Opposition party *i.e.* Congress have united.*

It is amazing that in Punjab the Ruling Party and the Opposition Party have become one. Congress and Aam Aadmi Party have become one. The cat is out of the bag. They were always together. Now, it has been proved. What further proof is needed? They fought the elections together only to keep Akali Dal out. अब ये यहां पर कह रहे हैं कि ओहो! हमारे साथ विंडेटा हो रहा है, हमारे पीछे ईडी और सीबीआई लगा दी है तो वहां पर, पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार की विजिलेंस कांग्रेसियों के साथ क्या कर रही है? वे तो यही रो रहे हैं कि आम आदमी पार्टी की विजिलेंस हमें मार रही है। The Congress Party has totally disbanded and discarded its Punjab Unit, and they are only together for an unholy alliance. सर, लेकिन ये क्या करेंगे? अलायंस अनहोली नहीं है, I would call it a very 'holy' alliance क्योंकि कांग्रेस का इतिहास कौन नहीं जानता है। इन्होंने क्या नहीं किया है। इन्होंने पंजाब के टुकड़े-टुकड़े कर के इतने बड़े पंजाब को हिमाचल बना दिया, हरियाणा बना दिया, दिल्ली, राजस्थान सब बना दिया। पंजाब के साथ जो ज्यादती की है, 12 सालों तक इन्होंने राष्ट्रपति शासन वहां पर लगा कर रखा। ... (व्यवधान)

*......* English translation of this part of the Speech originally delivered in Punjabi.

**HON. CHAIRPERSON:** Please speak on the Bill.

… (*Interruptions*)

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:** सिखों के कत्लों आम किए। … (व्यवधान) हमारे अकाल तख्त पर हमले किए। … (व्यवधान) This Party has always attacked Punjab and Punjabis, and now they have come together to attack … (*Interruptions*)

सर, ये फेडरल स्ट्रक्चर की बात कर रहे हैं, जिन्होंने इमरजेंसी लगाई थी और हरेक तरह की फेडरल चीज़ों की धज्जियां उड़ाई। सारे इंस्टिट्यूशंस पंजाब में वीक कर दिए हैं। आज ये दोनों खतरनाक लोग इकट्ठा हो गए हैं तो यह खतरे की घंटी है। … (व्यवधान) सर, लेकिन इनको भी ज्यादा हंसने की जरूरत नहीं है। … (व्यवधान) क्योंकि ये भी जो कर रहे हैं, वह भी कोई खास चीज़ नहीं है। मैं आपको उदाहरण देती हूँ कि हमारी रिलीजियस बॉडी एसजीपीसी है। SGPC is a democratically elected body by the Sikhs, and formed out of an Act of this Parliament. हम सिख, अपनी एसजीपीसी को इलेक्ट करते हैं, अपनी धार्मिक समस्याओं को चलाने के लिए। इंटर-स्टेट बॉडी पूरे पंजाब, हरियाणा और दिल्ली तक की भी है। ये क्या करते हैं, वही जो ये सब करते हैं। They are interfering in our religious rights. मैं आपको बताना चाहती हूँ कि हमारी हरियाणा की एसजीपीसी को तोड़ने के लिए बिल ये कांग्रेस ले कर आई और उस बिल को इम्पिलिमेंट इन्होंने किया। गुरूद्वारा और एसजीपीसी को बाहर कर के कब्ज़ा कर लिया और यह आम आदमी पार्टी जो पंजाब की है, इनके तो सिख मुख्य मंत्री ने अपनी ही विधान सभा में बिल ला कर, हमारी एसजीपीसी के ऊपर एक लेजिसलेशन ला कर direct interference and total violation किया है, तो ये बिल फॉल्स है। ऐसा बिल किसी टू फेडरल स्ट्रक्चर में होता है।

**18.00 hrs**

ये सब गिरगिट हैं। कोई इधर बैठता है, कोई उधर बैठता है और इनकी सोच बदल जाती है।

*Shri Prakash Singh Badal ji was imprisoned for 18 years because he championed the rights of Punjab. To protect Punjab's rights, he went to jail. I want to remind this party* … (*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** यदि सदन की इजाजत हो तो समय को एक घंटा बढ़ा दिया जाए?

**अनेक माननीय सदस्य:** जी हाँ।

**श्रीमती हरसिमरत कौर बादल:** सर, इस हाउस का एक ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट होना चाहिए। हम पावर टू स्टेट की बात कर रहे हैं। आपको हैरानी होगी कि आम आदमी पार्टी ने पंजाब में सरकार बनाते समय ही पंजाब सरकार और केजरीवाल की सरकार ने एक एग्रीमेंट साइन कर ली, जो कहती है कि "enables the Government to send and receive officials, ministers and other personnel". इसका मतलब है कि एक ऑफिशियल इंस्टीट्यूट में एश्योरेंस के लिए मंत्रियों के नीचे आदमी लगा दिए गए हैं। आप देखिए कि उधर की जो ब्यूरोक्रेटिक मीटिंग्स होती हैं, उसमें चीफ सेक्रेटरी के साथ दिल्ली के प्राइवेट बंदे होते हैं। यहां पर गृह मंत्री जी बैठे हैं। यहां आपने एक्साइज के बंदों को पकड़ लिया। यह सरकार जब पंजाब में पॉलिसी इम्प्लीमेंट कर रही है और हमारे खजाने का करोड़ों रुपये लूट ली तो उधर क्यों नहीं हाथ लगा रहे हैं? आप ऐसे क्यों बैठे हुए हैं? आप उधर भी एक्शन लीजिए। मैं सवाल पूछती हूं कि किस बात की डिले है। कल आपके पास मेरा पत्र आएगा। आप अगले हफ्ते तक एक्शन लीजिए। वहां करोड़ों रुपये की …** लूट कर रही है। मैं पत्र लिख रही हूं। कल आपके पास यह पत्र आ जाएगा।… (व्यवधान)

सर, मैं यह भी बता दूं कि यह सरकार पंजाब के करोड़ों रुपये लूट रही है। मैं आपको यह भी दिखा देती हूं। गुजरात के इलेक्शन में सबसे ज्यादा फेसबुक की ऐड पंजाब की सरकार ने दी है। उधर केजरीवाल जी इनके खिलाफ इलेक्शन लड़ रहे थे। मैं आपसे यही कहती हूं कि आप इस इंस्टीट्यूशनल रॉबरी को रोकिए। I would end by saying कि प्रकाश सिंह बादल जी ने वर्ष

---

*……* English translation of this part of the Speech originally delivered in Punjabi.

** Not recorded.

1996 में बीजेपी के साथ प्री पोल अलाएन्स किया था। उसमें बादल साहब ने कहा था कि "Now, the regional parties and national parties who believe and strive for the internal autonomy of the States by giving more powers to them are coming together". यह हमारे अलाएन्स के पहले की बात है। "Shiromaniomani Akali Dal is very keen to cooperate with them. We want and demand that the Constitution of India should be shaped in such a way that it should be able to fulfil the hopes, aspirations, and desires of different regional, linguistic, ethnic, religious, and social groups of the country".

Today, I will request this Government कि आप इस डिक्लियरेशन को इम्प्लीमेंट कीजिए। उस समय आपने जो बोला था, उसको आप इम्प्लीमेंट कीजिए। So, Akali Dal does not trust them or the Aam Admi Party. ये लोग गिरगिट की तरह रंग बदलते हैं। They do not practice what they preach. मैं कहना चाहती हूं कि Punjab does not stand with any Government. आज यहां फेडरलिजम की चर्चा हो रही है, यह बड़ी अच्छी बात है। आप ट्रू फेडरलिजम पर बिल लेकर आइए। सबसे पहले हम आपके साथ खड़े होंगे।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली):** सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं और अपनी पार्टी का भी धन्यवाद देता हूं कि मुझे इस बिल पर बोलने का मौका दिया। मैं इस बिल का समर्थन के लिए यहां पर खड़ा हूं।

महोदय, मैं शुरुआत में ही सदन, देश और विपक्ष को बताना चाहता हूं। हम जिस दिल्ली की बात करते हैं, वह एक यूनियन टेरिटरी है, कोई राज्य नहीं है। दिल्ली के मुख्यमंत्री द्वारा बार-बार राज्य का अधिकार मांगा जा रहा है। विपक्ष के ये सारे दल गठबंधन बनाकर आज उनका समर्थन कर रहे हैं। यह अपने आप में बहुत ही विचित्र बात है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने न जाने कैसा-कैसा अपशब्द बोला है। यहां पर कांग्रेस और डीएमके के लोग बैठे हैं। जितनी भी पार्टियां आज उनका समर्थन कर रही हैं, उन सारी बातों को सोच कर अपमान जैसी स्थिति हो जाती है कि उन्होंने

कैसी बातें गठबंधन को बोला। आज ये सारे नेता उनके साथ बैठकर सपोर्ट करते हैं। मैं अपनी बात को दो लाइनों से शुरू करूंगा-

"जिनका विरोध करने राजनीति में उतरे,

आज करने को गठबंधन, उनके यहां पर प्राइवेट जेट से उतरे।"

वे सारे राज्यों में जाकर ऐसे प्रधान मंत्री जी को हराना चाहते हैं जो प्रधान मंत्री जी आज हमारे देश के गरीबों की चिंता कर रहे हैं, जो कांग्रेस ने 60 सालों में आज तक कभी नहीं की।

मैं बताना चाहता हूं कि दिल्ली, हम जिसको भारत का दिल कहते हैं, वह देश की राजधानी है। विश्व में जितने बड़े-बड़े देश हैं, वहां की जो राजधानी होती है, उसके संचालन का अधिकार वहां की केन्द्र सरकार के पास होता है। हमारी दिल्ली में यह संसद भवन भी है, तो हमारी दिल्ली में सारी नेशनल एजेंसीज़ के हेडक्वार्टर्स भी हैं। हमारी राजधानी दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट है तो हमारी राजधानी दिल्ली में विदेश की सारी एंबेसीज़ भी हैं। अब ये सारे अधिकार किसी एक राज्य के मुख्यमंत्री, दिल्ली के मुख्यमंत्री को चलाने के लिए नहीं दिए जा सकते। जब आज हमारी राजधानी दिल्ली की बात आती है तो हमारे देश की छवि, हमारे देश की विश्वसनीयता, हमारे देश का वैभव, हमारे देश की प्रतिष्ठा, ये सारे विश्व के पटल पर ताक पर होती हैं। देश का ऐसा कोई जिला नहीं है, जहां के लोग दिल्ली में नहीं रहते हैं। हम दिल्ली को मिनी इंडिया भी कहते हैं। इसमें कोई गलत बात नहीं है। … (व्यवधान) मगर दिल्ली के मुख्यमंत्री को हम यह बार-बार कहते हुए सुनते हैं कि मुझे राज्य के अधिकार चाहिए, ट्रांसफर, पोस्टिंग के अधिकार चाहिए। एक आदमी दुकान पर टीवी खरीदने के लिए जाता है और वह वहां पर सारा मुआयना करके बोलता है कि मुझे यह वाला टीवी खरीदना है। वह दुकानदार बोलता है कि आपको यह वाला टीवी नहीं देना है। वह अगले दिन फिर मफलर पहनकर जाता है, फिर कहता है कि मुझे ये वाला टीवी चाहिए, तो वह दुकानदार फिर से मना कर देता है। वह अगले दिन फिर टोपी पहनकर, मफलर पहनकर जाता है, बोलता है कि मुझे ये वाला टीवी चाहिए। वह दुकानदार उसे फिर से मना कर देता है। वह आदमी पूछता है कि आप यह मेरे को क्यों नहीं बेच रहे हैं? वह दुकानदार कहता है कि यह टीवी नहीं है, माइक्रोवेव है। दिल्ली

के मुख्यमंत्री बार-बार कहते हैं कि मुझे राज्य के अधिकार चाहिए। यह राज्य नहीं है, यह देश की राजधानी है और हमारी यूनियन टेरटिरी है। हमारी दिल्ली में कोई भी सर्विस कमीशन नहीं है। हमारी दिल्ली का कोई भी कैडर नहीं होता है। सारे आईएएस, आईपीएस आफिसर यूटी कैडर के बोले जाते हैं। हमारे देश की आठ जो यूटीज़ हैं, दिल्ली के अधिकारी इन सारी यूटीज़ में सर्विस करते हैं। एक किसी राज्य के मुख्यमंत्री को सारी यूटीज़ का अधिकार दे देना कि हमारे दिल्ली के अधिकारी का ट्रांसफर, दिल्ली के मुख्यमंत्री लक्षद्वीप में करेंगे, जम्मू कश्मीर में करेंगे, लद्दाख में करेंगे, ऐसा कैसे हो सकता है? यह सम्भव ही नहीं हो सकता है। वे जो अधिकार मांगते हैं, वह क्यों मांगते हैं? वे अधिकार इसलिए मांगते हैं कि उनके जो उपमुख्यमंत्री हैं, वे पिछले छ: महीने से जेल में हैं, जो उनके स्वास्थ्य मंत्री हैं, वे पिछले डेढ़ साल से जेल में हैं। आज वे जिस कोर्ट की बात करते हैं, वही कोर्ट उनको जमानत नहीं देती है। डेढ़ साल से जो स्वास्थ्य मंत्री वहां पर …* रहा है, वह कौन से आरोप में जेल गया, वह हवाला के आरोप में गया और जो दिल्ली का उपमुख्यमंत्री है, वह शराब घोटाले में जेल में गया और इनका एक मंत्री एक महिला की इज्जत लूटकर राशन कार्ड के नाम पर जेल गया। ऐसे-ऐसे इनके मंत्री, जो जेल में जा रहे हों और जिनको कोर्ट जमानत नहीं दे रही है, ऐसी सरकार दिल्ली में बैठी हुई है। वर्ष 2013 में, मैंने भी विधान सभा का चुनाव लड़ा था, मैं भी विधायक बना। कांग्रेस के समर्थन पर दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि मैं अपने बच्चों की कसम खाता हूं, कांग्रेस का समर्थन नहीं लूंगा।

कांग्रेस के समर्थन से मुख्यमंत्री बने। केजरीवाल जी ने कहा कि मैं अपने बच्चों की कसम खाता हूं कि कांग्रेस पार्टी का समर्थन नहीं लूंगा, लेकिन कांग्रेस का समर्थन लेकर उन्होंने सरकार बनायी। उस सरकार को क्यों गिराया? जन लोकपाल के मुद्दे पर सरकार गिरा दी। आज साढ़े आठ साल हो गए, लेकिन दिल्ली में जन लोकपाल नहीं आया। दिल्ली के लोगों को इतना …* व्यक्ति मिला है।

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

* Not recorded

इस सदन को जानकर बहुत ही हैरानी होगी कि दिल्ली के मुख्यमंत्री साढ़े आठ साल से सरकार में हैं। साढ़े आठ साल में वह आठ बार भी सचिवालय नहीं गए। वे सारे आईएएस ऑफिसर को अपने घर पर बुलाते हैं। एक बार दिल्ली के पूर्व मुख्य सचिव …* को रात में अपने घर बुलाकर अपने विधायकों द्वारा पिटाई कराई, वह केस आज भी चल रहा है। क्या कोई सोच सकता है कि एक मुख्यमंत्री अपने मुख्य सचिव को पिटता हो, एक मुख्यमंत्री आईएएस ऑफिसर को बुलाकर बेइज्जती करता हो, वहां पर उनको गालियां देता हो। फिर ये बात करते हैं कि आईएएस ऑफिसर की ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार हमें मिलना चाहिए।

जब दिल्ली में कोविड आया तो दिल्ली के इसी मुख्यमंत्री ने गरीब लोगों को संभालने की बजाए, यूपी और बिहार के लोगों को संभालने की बजाए लाखों लोगों को बार्डर पर मरने के लिए भेज दिया कि आप अपने-अपने राज्य चले जाइए।

हमारी सरकार थी, हमारे गृह मंत्री जी थे, हमारे प्रधानमंत्री जी थे, जिन्होंने दिल्ली में हॉस्पिटल्स बनाएं, हमारे लोगों को वैक्सीन्स दी, हमारे लोगों को इंजेक्शन्स दिए और दिल्ली के लोगों की जान बचायी। वरना दिल्ली के मुख्यमंत्री ने हमको मरने के लिए छोड़ दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री क्या बोलते हैं, वे कहते हैं कि बिहार के लोग केवल पांच सौ रुपये का टिकट लेकर दिल्ली में लाखों का इलाज कराकर चले जाते हैं। यहां पर नीतीश कुमार जी के सांसद बैठे हैं, मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपने कभी दिल्ली के मुख्यमंत्री जी से कहा कि आप हमारे बिहारियों के लिए ऐसा क्यों बोलते हैं। … (व्यवधान)।

दिल्ली के मुख्यमंत्री क्या कहते हैं, तमिलनाडु से दिल्ली यूनिवर्सिटी में बच्चे पढ़ने आते हैं और यहां की सीटों पर कब्जा कर लेते हैं। मैं डीएमके से पूछना चाहता हूं कि कभी आपने पूछा कि हमारे बच्चों को दिल्ली में पढ़ने के लिए क्यों मना करते हैं? ये गठबंधन तो कर रहे हैं लेकिन वह इनको गाली दे रहे हैं। जब यह बिल पास होगा तो यह गठबंधन ताश के पते की तरह गिर जाएगा, ढह जाएगा।

---

* Not recorded

**18.11 hrs**

(Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

दिल्ली के मुख्यमंत्री कहते हैं, दिल्ली पुलिस के अधिकारी जो उनकी सुरक्षा भी करते हैं, उनके मंत्रियों की भी सुरक्षा करते हैं, दिल्ली के मुख्यमंत्री कहते हैं, … * अगर ऐसा कोई शब्द का प्रयोग करेगा तो क्या कोई आईपीएस आफिसर उसके अंदर काम कर सकता है? हम उसको दिल्ली पुलिस संभालने के लिए अधिकार दे सकते हैं? दिल्ली में सबसे पहले विधान सभा का चुनाव वर्ष 1993 में हुआ। उसके बाद से जब तक केजरीवाल जी मुख्यमंत्री नहीं बने थे, तब तक किसी सरकार ने कोई शिकायत नहीं की। दिल्ली में कांग्रेस की सरकार होती थी तो केन्द्र में अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार होती थी। मगर आपस में कभी कोई लड़ाई नहीं हुई।

यह पहली बार वर्ष 2014 के बाद हुआ जब दिल्ली के मुख्यमंत्री झूठे वायदे पूरे नहीं कर पाए। वह अपनी विफलता के कारण एलजी को दोष देते हैं, प्रधानमंत्री जी को दोष देते हैं। उन्होंने आज तक कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा था कि 500 स्कूल बनाऊंगा, एक भी स्कूल नहीं बनाया। वह कहते थे कि 50 कॉलेजेज बनाऊंगा, एक भी कॉलेज नहीं बनाया। उन्होंने कहा था कि 20 हॉस्पिटल बनाऊंगा, एक भी हॉस्पिटल नहीं बनाया।

जब भी चुनाव आता है तब वह बड़े-बड़े वायदे करते हैं। मैं आपको बिजली दूंगा, पानी दूंगा, तब कोई ऑफिसर उनको नहीं रोकता, तब हमारे उप-राज्यपाल उनको नहीं रोकते। मगर जब वह काम नहीं कर पाते हैं तो उप-राज्यपाल और प्रधानमंत्री जी का बहाना लेते हैं। आज ऐसी हालत हो गई है कि आज इनकी सारी सरकार जेल में है। घोटालों से इतना कमा लिया है कि अब तिहाड़ जेल को ही पार्टी कार्यालय बना लिया है। सारे मंत्री जेल जा रहे हैं।

माननीय सभापति जी, मैं इस बिल का समर्थन कर रहा हूं। यहां पर गठबंधन के जितने लोग बैठे हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप उसे अधिकार देने की बात तो कर रहे हैं, लेकिन अभी

---

* Not recorded

इसने कुछ समय पहले दिल्ली में फीडबैक यूनिट बनाया था। उस यूनिट में इसने एलजी ऑफिस का, सभी सांसदों का, सभी बीजेपी के विधायकों का, आईएएस और आईपीएस अफसरों का फोन टैप करना शुरू कर दिया था।

यहां गठबंधन के लोग बैठे हैं, अगर आप अधिकार दे देंगे तो आपके सारे फोन भी …* टैप करेगा फिर आपको ही चिंता होगी, इसलिए मैं इस बिल का समर्थन कर रहा हूं। मैं आखिर में दो लाइन बोलकर अपनी बात समाप्त करता हूं –

"अन्ना आंदोलन के वे महान् उसूल, सारे यमुना में बह गए
और रामलीला मैदान से निकलकर सर जी
आज केवल अपने विज्ञापन में सिमटकर रह गए ।"

यह केवल विज्ञापन की सरकार है। 13,000 करोड़ रुपये के विज्ञापन से यह सरकार चल रही है और कोई कारण नहीं है, इसलिए मैं सारे सदन से हाथ जोड़कर कहूंगा कि इस बिल का समर्थन करें। धन्यवाद ।

**SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM (SIVAGANGA):** Hon. Chairperson, Sir, thank you.

Hon. Chairperson, Sir, this is a very paradoxical Government. Where it has to intervene, it does not intervene, and where it should not intervene, it meddles. Manipur is burning. Hundreds of people are dead. Ethnic violence is happening there. Women are murdered. Looting and arson is happening. This Government has Articles 355 and 356, which it can use to intervene, but it does not choose to intervene. But it intervenes in places where its political capital is low. Like in Kashmir, they abrogate Article 370, degrade a State, demote a State, and make it into two Union Territories because they do not

---

* Not recorded as ordered by the Chair.

have a political capital there and they need to dismember it. That is exactly what they are doing to Delhi with its anti-federal and a pro-colonial law. They have lost successive local elections here. They have lost successive State elections here. So, in order to meddle, they are bringing in this law here. They do not want to act when Manipur is burning. They were mute and blind to the atrocities which were happening there but they want to meddle in places where their political capital is low.

Hon. Chairperson, Sir, this Bill is totally anti-federal and completely colonial. An unelected Lieutenant Governor with unbridled power reeks of colonialism. Our hon. Prime Minister always says that this country has to move away from its colonial past. But I will tell you that this Government is more colonial than our past colonial masters. They want unelected people and unelected representatives of theirs to rule over the population.

Hon. Chairperson, Sir, other colleagues have all alluded to Sections here. The National Capital Civil Service Authority (NCCSA) is made up of three people, two of whom are bureaucrats – one is the Chief Secretary and the other is the Principal Home Secretary, and the third one is the Chief Minister. The two of them can overrule the Chief Minister. The two of them can even convene a meeting because the quorum is only two. On top of that, if by some chance there is unanimity among all three, the Lieutenant Governor can overrule them. In fact, by the vehemence of the speeches from my colleagues on the other side, particularly the MPs of Delhi, I think the real job they all want

is to be Lieutenant Governor and not contest the next election as MPs. That is why, they are all supporting this Bill with such great vehemence.

**HON. CHAIRPERSON:** Kindly conclude your speech. You have got only three minutes' time.

**SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM:** Hon. Chairperson, Sir, this Bill goes against the federal spirit. This Bill goes against the sentiments expressed by the hon. Supreme Court. This Bill is going in this path because of their brute majority. You have such a big majority and you can pass any law. Tomorrow morning, you can say that all the crows are white, and you can pass a law and that will also get passed in this House. I do not expect that you would change your minds about anything.

Hon. Chairperson, Sir, this Bill will lead to a path like what is happening in Israel today, a country which they profess great friendship with. It always baffles me how the Ruling Party says that they are friends with Israel, but they admire Hitler.… (*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Thank you very much. Please conclude.

**SHRI KARTI P. CHIDAMBARAM:** Sir, this Bill will one day negate the hon. Supreme Court of India. Like what is happening in Israel, there will be civic strife there.

Hon. Chairperson, Sir, mark my words. India is watching. India is angry. India will give you a befitting reply for your anti-federal and pro-colonial laws which you are bringing in.

Thank you very much.

**HON. CHAIRPERSON:** You have three minutes. Kindly conclude in three minutes.

*SHRI K SUBBARAYAN (TIRUPPUR):** Hon. Chairman Sir, Vanakkam. I strongly oppose this Bill on behalf of Communist Party of India.

**HON. CHAIRPERSON:** You have three minutes. Kindly conclude in three minutes.

*SHRI K SUBBARAYAN :** Ok Sir. This Bill is vindictive and unconstitutional. This Bill has been introduced with an intent to destroy our democratic values. Therefore, on behalf of Communist Party of India I strongly oppose this Bill. Firstly, the Union Government has brought this Bill to punish Shri Arvind Kejriwal, who has been elected by the people of Delhi. This Bill is a testimony to the fact that BJP do not have the democratic value of tolerating those who defeated them in elections. Hon. Supreme Court has given a verdict against the Union Government. This Union Government has now attempted to dilute the verdict of the Hon. Supreme Court. I therefore strongly oppose the undemocratically, unconstitutionally drafted Bill and I stress that this Bill should be withdrawn. Similarly, in the democratic political set-up, who is vested with powers? People's representatives who are directly elected by the people have the powers. With a malafide intention of making the public representative, i.e. the Chief Minister of Delhi, Shri Kejriwal powerless, this Union Government has brought two Bureaucrats from the Union to be part of the Delhi State Civil Services Authority. Are they truly democratic? If they are to uphold the

---

* English translation of the Speech originally delivered in Tamil.

democratic values, they would have given powers to the Chief Minister who is elected by the people of Delhi. On the contrary, they are trying to appoint two bureaucrats, the ones who can act as per their whims and fancies, in the Authority. This is aimed to dilute the powers of the elected representatives. I strongly condemn this. Generally, BJP can never tolerate those who have different ideologies or those who talk against them. They show their vindictive attitude. This Bill is in a form that highly vindictive. Therefore, I stress that this Bill should be withdrawn as it is undemocratic and unconstitutional. Thank you.

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Thank you very much.

Sir, I rise to oppose this Bill as well as the Ordinance because it is the draconian legislation the Parliament has seen during the last six decades of Independence.

Sir, it is totally anti-democratic anti-federal and it is authoritarianism of the Union Government of India with the centralisation of power.

Sir, the ulterior motive, the malafide intention behind this is just to curb and destruct the proper functioning of the democratically elected Government of Delhi. That is the sole political ulterior motive behind this Bill. There is nothing of merit in this Bill. That is why, I am strongly opposing the Bill.

Sir, what is meant by democracy? The populistic definition of democracy is, 'the Government is of the people, by the people and for the people'.

Sir, what is the content of the Bill? If you critically examine, this is by the bureaucrats, of the bureaucrats, and for the Union Government. It is just to

score the political motives and political gains of the Government at the Centre, that too, led by BJP. So, that is the sole intention behind this Bill.

A popular Government got consecutively elected in the Assembly - not only in the Assembly elections, but also in the local body. They have proved their mettle. The people are with the Delhi Government. So, if you are having any laches on the part of the Government, there are so many other options by which the Government can be corrected. This is not the way by which the State Government has to be dealt with - that is by bringing a legislation without amending the Constitution. The basic feature of the Constitution is being taken away; is being violated without any justifiable means; and without any justifiable reason.

See the way in which it was brought in. It is through the Ordinance promulgation. Article 123 is very clear and specific. Most of the Members have specifically stated in the House that only during the extraordinary exceptional circumstances can an Ordinance be promulgated under Article 123 of the Constitution.

On 11th May, 2023, the Supreme Court Judgement has come. Within eight days from the date of pronouncement of the Judgement, promulgation of an Ordinance has come from Her Excellency, the President of India.

What is the exigency and what are the exceptional circumstances by which the Ordinance was promulgated? Let the hon. Minister explain and convince the House.

Coming to the principles of federalism, since the case of Kesavananda Bharati, the basic federal character is the foundation of the Constitution. That is being disturbed. So, it is unconstitutional and in violation of all the basic principles of the Constitution

Coming to certain provisions of the Bill which have already been stated by Shrimati Supriya Sule and Dr. Shashi Tharoor, kindly examine Section 45C. The rule-making power is exclusively with the Central Government. What is the scope of the State Legislative Assembly? Rule-making is a legislative function of the State. The legislative function of the State is being taken by the Union Government. Only the Union Government is having the authority to promulgate or pronounce or make rules. Then what for is the State Government existing? The legislative functions of the State Government are being taken away by Section 45C. We have repeatedly spoken about the three Member Committee. It is bureaucracy versus democracy. Bureaucracy overrides democracy. Is it the policy of the BJP? Is it the cooperative federalism pronounced by the Prime Minister always in his speeches? All the powers like transfers, postings, penalty, wages, and salaries will be determined by the Union Government and the National Capital Civil Services Authority is the ultimate body.

I would like to draw the attention of the hon. Home Minister who is piloting this Bill to one point. You may kindly see Section 45J. Nobody has mentioned this point. It is on preparing a Cabinet note. You dissolve the Government. Why is a State Government required? Why is a political

executive required? Even before preparing a Cabinet note for the Council of Ministers, it has to be intimated and informed to the Lieutenant Governor. That will be at the discretion of the Lieutenant Governor. What is the collective responsibility of the elected Government in a State? Why should it be? If preparation of Cabinet note, transfer, posting, and everything are dealt with by the Lieutenant Governor, then there is no need of an elected Government in the State of Delhi. You please dissolve that Government and have the administration from the Centre. That is the best way by which you can rule the State of Delhi.

There are many other means by which the Government of India can intervene. I am not going into any political issues like Manipur. This is absolutely a draconian legislation *ultra vires* the Constitution. The basic democratic federal principles are being taken away by this legislation.

So, I strongly oppose the Bill as well as the Ordinance which is lacking *bona fides*. With these words, I conclude.

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** धन्यवाद सभापति महोदय । आज सदन में दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2023 पर चर्चा हो रही है। मेरे से पूर्व दोनों पक्षों के वरिष्ठ सांसदों ने इस पर लंबा-चौड़ा भाषण दिया। अच्छा यह होता कि जब सदन चालू हुआ, उसके एक-दो दिन बाद ही बैठकर यह तय हो जाता तो हमारे 15 दिन बेकार नहीं जाते। 15 दिन ऐसे ही चले गए। … (व्यवधान) यह बात तो बैठकर वैसे ही हो जाती। … (व्यवधान) सदन नहीं चलाने में आप लोग भी साथ थे । … (व्यवधान)

सभापति महोदय, जब हमने इसके उद्देश्यों और कारणों की तरफ देखा तो ध्यान में आया कि इसका उद्देश्य दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 में संशोधन करना

है। इससे केन्द्र सरकार को अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्य, कार्यकाल और अन्य सेवा शर्तों सहित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र के कार्यों के सिलसिले में नियम बनाने का अधिकार मिल जाएगा।

सभापति महोदय, माननीय गृह मंत्री जी ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की व्याख्या सदन में पढ़कर सुनाई। जैसा कि हम सब जानते हैं कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने यह कहा था कि जो अध्यादेश आप लाएं हैं, वह गलत है। उसके बाद, केंद्र सरकार ने 19 मई को यह अध्यादेश लाकर न केवल संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया बल्कि निर्वाचित सरकार के अधिकारों को हड़पने की कोशिश भी की है। … (व्यवधान) बालियान जी, मुझे बात तो करने दीजिए। आप मुझे डिस्टर्ब क्यों कर रहे हैं। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** श्री हनुमान बेनिवाल जी, आप चेयर को एड्रेस कीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री हनुमान बेनीवाल:** सर, मुझे शुरुआत तो करने दीजिए। मैं धीरे-धीरे फ्लो में आऊंगा। … (व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आपके पास तीन मिनट है। आपको तीन मिनट में कन्क्लूड करना है।

… (व्यवधान)

**श्री हनुमान बेनीवाल:** सभापति महोदय, इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले के प्रभाव को भी खत्म किया है। इससे यह साफ हो गया है कि एनडीए की यह सरकार संविधान, लोकतंत्र के संघीय ढांचे और सुप्रीम कोर्ट को नहीं मानती है।

मैं सरकार द्वारा लाए गए इस बिल की बारीकियों में न जाते हुए, सरकार की इस बिल को लाने की मंशा पर सवाल उठाते हुए यह कहना चाहूंगा कि सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ के फैसले को नकारने वाला यह बिल असंवैधानिक है। अनुच्छेद 239एए में साफ-साफ कहा गया है कि दिल्ली में एक विधान सभा होगी, जबकि अन्य केन्द्र शासित प्रदेशों में …(व्यवधान) आपके कई सांसद यह कह रहे थे कि दिल्ली केन्द्र शासित प्रदेश है, लेकिन आप इसको पढ़िए कि दिल्ली में

एक विधान सभा होगी, जबकि अन्य केन्द्र शासित प्रदेशों में विधान सभा हो भी सकती है और नहीं भी। यह दिल्ली को भारतीय राज्यों के समान एक सामान्य संघीय ईकाई बनाता है, जिससे दिल्ली सरकार को सरकार के प्रतिनिधि के रूप में माना जाता है। सभापति महोदय, यहां पर गृह मंत्री जी बैठे हैं। मैं इनसे यह आग्रह करूंगा कि इस देश में जितनी भी छोटी पार्टियां हैं, जो आपके एनडीए में भी थीं, आप इन छोटी पार्टियों से न डरा करें। ये कहीं न कहीं हमेशा आपकी मदद करती रही हैं। ये हर जगह मदद करती हैं। इनसे कुछ भी नहीं होगा। सही बात तो यह है कि आप दिल्ली की विधान सभा का चुनाव न जीतने से परेशान जरूर हैं।…(व्यवधान) आप इनका पीछा न करें, क्योंकि आप जितना इनका पीछा करेंगे, ये उतना ही जीतकर आएंगी, इसलिए आपको इस बात का भी ध्यान रखना चाहिए। महोदय, मेरा गृह मंत्री जी से एक निवेदन है। जो सरकार चुनी जाती है, वह जनता की सरकार होती है। आपको उस सरकार को काम करने का अधिकार देना चाहिए। आप बड़ा मन रखकर उसको काम करने का अधिकार देंगे, तभी यह खूबसूरत लोकतंत्र कहलाएगा। हिन्दुस्तान विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। राज्य से जुड़े हुए विषय पर निर्णय लेने का स्वतंत्र अधिकार राज्य को मिले। मेरा आपसे ऐसा आग्रह है। भारतीय जनता पार्टी का जो मैनिफेस्टो है, वह यह कहता है कि हम दिल्ली को स्वतंत्र राज्य का दर्जा दिलाएंगे। आप अपने मैनिफेस्टो में ऐसा नहीं कहते, या तो वह झूठा है, या फिर ये झूठा है। मंत्री जी, मैं आपसे यह भी आग्रह करूंगा कि दिल्ली के जितने भी सासंदगण हैं, ये मेरा विशेष ख्याल रखते हैं। आज ये सब पर्ची देकर कह रहे थे कि जैसे ही गृह मंत्री जी सदन में बैठें, तब मेरा भाषण कराओ। ये लोग जिद कर रहे थे । …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** अब आप अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**श्री हनुमान बेनीवाल:** महोदय, बिधूड़ी जी, मनोज तिवारी जी और प्रवेश वर्मा जी ने अच्छा भाषण दिया है। इनकी पर्फार्मेंस को देखते हुए, मंत्रिमंडल में विस्तार के समय इनका भी नंबर लगाइए। …(व्यवधान) मेरा एक और आग्रह है कि आप मणिपुर और हरियाणा की तरफ भी ध्यान दीजिए। गृह मंत्री जी, आपने एनडीए की बैठक बहुत लेट बुलाई है। आपको साढ़े चार साल तक याद नहीं

आई। अबकी बार तो ऐसे दलों को बुलाया है, जिनकी पार्टी का एक भी एमपी नहीं है। लंबी सूची पढ़कर सुनाई गई कि एनडीए के अंदर के इतने दल हैं। उनका क्या करेंगे?...(व्यवधान)

महोदय, मैं बस अपना भाषण समाप्त कर रहा हूं। मैं इधर भी तो कुछ वार करूंगा । …(व्यवधान) ईडी और सीबीआई के दुरुपयोग की बात बार-बार उठाई जा रही है। यह सही बात है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने भी ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग किया था और उन्होंने खुद की पार्टियों के मंत्रियों को जेल में डाला था। यह सही बात है। कई सरकारों को बर्खास्त किया।…(व्यवधान) दोनों मिले हुए हैं, मैं तो यह कहूंगा। …(व्यवधान)

*__श्री सुशील कुमार रिंकू (जालंधर):__ Hon. Chairman, Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on this Bill. Sir, this Bill contravenes the judgement of Supreme Court regarding governance of Delhi. This Bill is beyond the purview of the Parliament. This Bill usurps the powers of an elected and popular government. This Bill grants all powers to the bureaucrats of the Central Government. It is anti-democratic and will weaken democracy. Elected representatives will take a back seat. This Bill destroys the federal structure of the country and is against the Constitution framed by Baba Saheb Shri Bhim Rao Ambedkar. So, this Bill should not be passed at all. Several members have passed all kinds of remarks regarding our Party Chief and the Chief Minister of Punjab. Some accused him of taking opium and being an addict. Sir, Punjab provides food to entire country. It is the granary of the country. Punjab has a population of 3 to 3.5 crores and Delhi has a population of 2.5

---

* English translation of the Speech originally delivered in Punjabi.

crores. Delhi Police is under the control of Central Government. One should be ashamed that more drugs are being sold in Delhi than in Punjab.

Sir, our Delhi CM has provided free electricity to people and reformed the health system. Welfare schemes for people are being run. Derogatory comments have been made against the Delhi CM. He has been called 'Duryodhan', If providing welfare schemes to people is becoming 'Duryodhan', we should have such 'Duryodhans' in every State. He works in the interest of the people. In Punjab, 32,000 jobs have been provided to people of Punjab. This is the Government of our Aam Aadmi Party. 13,000 adhoc teachers were made permanent. We try to serve the people of Punjab and country.

I oppose this Bill tooth and nail. It destroys the federal structure of the country. It is against the ideology of Dr. Bhim Rao Ambedkar. We oppose it totally.

Waheguru ji Ka Khalsa,

Waheguru ji ki Fateh.

Jai Bhim.

Jai Bharat.

**श्री अमित शाह :** माननीय सभापति महोदय, आज बहुत अच्छा लगा कि बहुत समय के बाद संसद में चर्चा हो रही है। चाहे किसी भी कारण से हो, चाहे जो भी मजबूरी हो, मगर जिस कारण के लिए, जिस काम के लिए संसद बनी है, आज उसके मकसद को पूरा होते हुए देख रहे हैं।

**<u>18.37 hrs</u>** (Hon. Speaker *in the Chair*)

माननीय अध्यक्ष जी, आज जो बिल लेकर मैं सदन के सामने उपस्थित हुआ, उसमें अधीर रंजन चौधरी से लेकर सुशील कुमार रिंकू तक 26 सांसदों ने हिस्सा लिया है। किसी ने पक्ष में बात

की, किसी ने विपक्ष में बात की, किसी ने पार्टी लाइन पर बात की, किसी ने अपने मन की बात की, परंतु आज चर्चा हुई, इसका मुझे आनन्द है। मेरा एक छोटा सा सवाल विपक्ष के सारे मित्रों से है कि संसद ने अब तक इस बैठक के अंदर यह सत्र जब से शुरू हुआ है, तब से 9 बिल पास कर लिए। सारे बिल अपनी-अपनी जगह बहुत महत्वपूर्ण थे और हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण बिल थे। उसमें इन्होंने कहा कि पीएम आकर जवाब दें। पीएम आएंगे, तभी संसद चलने देंगे। आज क्या हो गया है? मैं तो स्वागत करता हूं कि आपने चर्चा की। मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं तो चाहता हूं कि रोज ही आ जाइए, परंतु आज क्या हुआ है? क्या डेमोक्रेसी की चिंता है? अगर डेमोक्रेसी की चिंता है तो हर एक बिल महत्वपूर्ण है। क्या देश की चिंता है? किसानों के लिए भी बिल आया, बाकी सारे विषयों के लिए भी बिल आए, मगर कोई नहीं आया। साहब, न डेमोक्रेसी की चिंता है, न देश की चिंता है, न जनता की चिंता है, अपने गठबंधन को बचाने के लिए ये सारे लोग यहां आए हैं।

आज मुझे कह रहे थे कि भारत आपको देख रहा है। मैं बता रहा हूं कि भारत देख भी रहा है, देखना भी चाहिए, लेकिन आपके दोहरे चरित्र को भारत देख रहा है। आपके लिए जनता के बिल महत्वपूर्ण नहीं हैं, लेकिन गठबंधन से एक छोटी सी सुपारी जितनी पार्टी भागकर न चली जाए, इसका बहुत बड़ा महत्व है। आपकी प्रायरिटी बड़ी स्पष्ट हो गई और आप लोगों ने ही बहुत स्पष्ट कर दी। मैं तो कुछ नहीं बोला, मैं चुपचाप सुनता रहा और सबको पढ़ा। सब बड़ी-बड़ी दुहाइयां दे रहे थे। अरे भले आदमी, कोई तो सच बोल देता कि हम इसलिए आए हैं कि केजरीवाल जी हमारे गठबंधन से भाग न जाएं।

माननीय अध्यक्ष जी, खैर उनका जो भी कारण हो, लेकिन मणिपुर उनके ऐब्सेंट रहने का कारण नहीं है। मैंने पहले दिन से ही यहां पर कहा है कि मणिपुर पर जितनी भी लंबी चर्चा करनी हो, सरकार चर्चा करने के लिए तैयार है। हर चीज का जवाब दिया जाएगा और जवाब मैं दूंगा।... (व्यवधान) मैं दूंगा जवाब।... (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, उनको एक ही प्रॉब्लम है कि जनता के मन में भ्रांति खड़ी कर दी जाए। मैं उनको बताता हूँ कि जनता है, जो सब जानती है, उनके मन में कभी भ्रांति खड़ी नहीं होती

है। आज आपने अपने आपको यहां पर एक्सपोज कर दिया है। मैंने पूरी चर्चा को सुना है। प्रेमचन्द्रन जी से लेकर सारे सदस्य, जो विषय पर बोलें, मैंने ध्यानपूर्वक नोट्स भी पढ़े हैं और सुना भी है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं फिर से एक बार कहता हूँ कि सदन जनता को गुमराह करने की जगह नहीं है। सारे लोग राज्य के अधिकार, राज्य के अधिकार, राज्य के अधिकार कह रहे हैं। कौन से राज्य के? कौन से राज्य के? दिल्ली राज्य ही नहीं है। यह तो संघ प्रदेश है और संघ प्रदेश में भी राजधानी क्षेत्र है, जो एक विशेष आर्टिकल के तहत बनाया गया है। अनुच्छेद 239 से 242 तक दिल्ली के कामकाज करने के तरीकों को संविधान ने स्वीकार किया। हम तो संविधान संशोधन लेकर नहीं आए थे, बल्कि आप ही लाए थे। 69वां संविधान संशोधन आप ही लेकर आए थे। आपने ही अधिकार नहीं दिए थे। अनुच्छेद 239एए (3)(बी) के तहत संसद को दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र या उसके किसी भी भाग के लिए, उससे संबंधित किसी भी विषय के लिए कानून बनाने का पूर्ण अधिकार है। मैं समझता हूँ कि आप समझकर ही बोले होंगे। आप समझते हैं, मगर पॉलिटिकली बोले होंगे। मैं ऐसा समझकर बोलता हूँ कि आप नहीं समझे होंगे। राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश, केन्द्र शासित प्रदेश और राजधानी क्षेत्र, ये संविधान में अलग-अलग एन्टिटीज हैं। अभी किसी सदस्य ने कहा कि आप कल को किसी भी राज्य में ऐसा कर सकते हैं। भाई, ऐसा नहीं हो सकता। राज्य के काम में दखल नहीं दी जा सकती। यहां संसद दखल इसलिए कर सकती है, क्योंकि 239एए (3)(बी) के अन्दर इस संसद को आपकी पार्टी जब सत्ता में थी, तब से अधिकार दिया हुआ है। अभी किसी को लगता है कि मेरे अधिकार कम हैं तो चुनाव लड़ने से पहले आर्टिकल 239एए (3)(बी) पढ़ना चाहिए था। अब पढ़े नहीं, लड़ लिए और कहते हैं कि मेरे अधिकार कम हैं। मैं देश की जनता को, दिल्ली की जनता को, सारे विपक्षी दलों को इतना ही कहना चाहता हूँ कि वर्ष 1993 में यह राज्य बना तथा वर्ष 1993 से वर्ष 2015 तक इन्हीं नियमों के अनुसार उस वक्त भी सर्विस केन्द्र सरकार के हाथ में ही थी। सुप्रीम कोर्ट ने एक इंटरप्रेटेशन किया और इंटरप्रेटेशन करके यह भी कहा कि अगर आपको सर्विस हाथ में लेनी है तो कानून बनाना पड़ेगा, जो कि अभी हम कर रहे हैं। वर्ष 1993 से लेकर वर्ष 2015 तक किसी भी मुख्य मंत्री का कभी भी झगड़ा नहीं

हुआ। आप भी आए, हम भी आए। ऊपर हम भी थे, आप भी थे। अधीर रंजन जी मैं आपका बखान कर रहा हूँ, आप समझिए कि झगड़ा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि जो भी आएं, चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी, जो भी आएं, उनका मकसद दिल्ली की जनता की सेवा करना था। अगर सेवा करनी है तो झगड़ा करने की जरूरत नहीं है। मगर अधिकार चाहिए तो झगड़ा करना पड़ेगा और झगड़ा करने का स्वभाव ही हो तो क्या कर सकते हैं? हम तो रिसीविंग एंड पर है, भाई झगड़ लो। अब क्या कर सकते हो? आपको दिल्ली की जनता ने चुना है। आप झगड़ा करना चाहते हैं। रूल्स बनाने के पावर के बारे में अभी किसी सदस्य ने कहा तो मैं इतना ही कहना चाहता हूँ कि एक्ट बनाने का अधिकार जिसके पास है, उसी के पास रूल्स बनाने का अधिकार रहता है। एक्ट बनाने का अधिकार भारत सरकार को है तो एक्ट के रूल्स बनाने का अधिकार भी उसी के पास है। यह एक बेसिक समझ का विषय है।

आपने कैबिनेट नोट का सवाल किया है। इसमें भी आप गलत भ्रांति खड़ी कर रहे हैं। आप ध्यान से पढ़ लीजिएगा। कैबिनेट नोट के विषय में आज कोई भी राज्य हो, आपकी कई राज्यों में सरकार है, वहां भी कैबिनेट नोट कैबिनेट सचिव के साइन से ही कैबिनेट में जाता है। फाइल पर मंत्री का अप्रूवल होता है।

यहां पर क्या होता था? जब घपले-घोटाले वाले कैबिनेट नोट हो, तो वह सचिव के पास नहीं जाती थी, मुख्य सचिव के पास जाती ही नहीं थी। मंत्री के सिगनेचर से, पहली बार मैंने इतने लंबे सार्वजनिक जीवन में माननीय अध्यक्ष जी, कोई कैबिनेट नोट गई है, ऐसा सुना है। मंत्री के सिगनेचर से यह कभी नहीं जाती। इसलिए रूल्स बनाने पड़े हैं। रूल्स इसलिए बनाने पड़े हैं कि रूल्स के हिसाब से नहीं चलता था। रूल्स के हिसाब से चले, उसके लिए ये रूल्स बनाने पड़े हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं फिर से एक बार दिल्ली का इतिहास जरूर बताना चाहूंगा। वर्ष 1953 में फजल अली कमीशन का गठन हुआ। उसने अपना प्रतिवेदन वर्ष 1955 में दिया। उसके पहले पट्टाभि सितारमैया की कमेटी बनी। उसके बाद वर्ष 1956 में संविधान संशोधन करके इंडियन टेरिटरी की अवधारणा आई। इसके साथ-साथ दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन एक्ट-1957, नगर

निगम अधिनियम लागू कर दिया गया और वर्ष 1987 में जब सरकारिया कमेटी बनी, उसके बाद दिल्ली को राज देने का निर्णय किया गया। आर्टिकल 239एए के तहत इसका विस्तृत वर्णन दिया हुआ है। 69वें संविधान संशोधन के द्वारा इसको लिया गया है। जो रिपोर्ट है, मैं इसका कोट भी पढ़ना चाहता हूं। पहले मैंने जवाहर लाल नेहरू जी को पढ़ा, अम्बेडकर जी को पढ़ा। श्री रिंकू जी अम्बेडकर जी के बारे में कह रहे थे कि अम्बेडकर जी की भावना के खिलाफ काम कर रहे हैं। हम तो अम्बेडकर जी की भावनाओं के अनुसार काम कर रहे हैं। अम्बेडकर जी ने कहा था कि केन्द्र के तहत रहना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष जी, बालकृष्णन रिपोर्ट में साफ शब्दों में कहा। मैं कोट-अनकोट कहता हूं:

"दिल्ली की कार्य प्रणाली और सेवा प्रणाली केन्द्र सरकार के अधीन होनी चाहिए।"

संविधान में संशोधन के दौरान तत्कालीन गृह मंत्री जी ने भी अपने वक्तव्य में यह बात, इस रिपोर्ट को कोट किया और उन्होंने कहा कि बालकृष्णन समिति ने पूरे विश्व की राजधानियों की कार्यप्रणाली और सेवा प्रणालियों का अध्ययन करके ही प्रस्तुत किया है, जिसका हम पालन कर रहे हैं। उस वक्त गृह मंत्री कांग्रेस के थे। आपको यह मालूम होना चाहिए कि जब आप एक अंगुली हमारे सामने करते हैं, तो तीन अंगुलियां आपके सामने होती हैं। मैं तो कहता हूं कि उस वक्त उचित ही किया था और आज हम जो कर रहे हैं, वह भी उचित ही कर रहे हैं। इसलिए जैसा मैंने कहा कि आप गठबंधन को बढ़ाना चाहते हैं। आपके मन में ऐसी कल्पना है कि गठबंधन बड़ा करेंगे, तो शायद मोदी जी के खिलाफ चुनाव जीत जाएंगे। भाई, आप और दो-तीन लोगों को ढूंढ़ कर लाओ, जितने हो सके, उतना इकट्ठा कर लो, अगले प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ही बनने वाले हैं। परंतु कम से कम इसके लिए 130 करोड़ जनता के सामने इतना एक्सपोज न हो। हर बिल आता है तो कहते हैं, नहीं, मणिपुर पर चर्चा हो। मणिपुर पर चर्चा करने के लिए तैयार हैं, तो नहीं, मणिपुर पर चर्चा नहीं, हम विरोध करेंगे। यहां आ जाएंगे । मेरे सामने बोर्ड लेकर खड़े हो जाएंगे। ठीक है भाई, करो। मगर जैसे ही गठबंधन टूटने वाला बिल आया, मणिपुर भी याद नहीं आया, डेमोक्रेसी भी याद नहीं आई, दंगे भी याद नहीं आए। देखो, सभी इकट्ठा हो कर सामने बैठे हैं और 130 करोड़ जनता को बताते हैं

कि हमें मणिपुर की चिंता नहीं है, हमें चुनाव की चिंता है। हमें डेमोक्रेसी की चिंता नहीं है, हमें चुनाव की चिंता है। हमारी पार्टी का कोई सिद्धांत नहीं है, केवल और केवल चुनाव जीतने के लिए राजनीति में हैं। आप बाहर जाकर मीडिया को बताइए। अगर यह नहीं है, तो सारे बिल्स में क्यों ऐबसेंट रहे। क्या सारे बिल्स महत्वपूर्ण नहीं हैं? सारे बिल्स महत्वपूर्ण हैं। आपको यहां रहना चाहिए था। मगर यह बिल इस लिए महत्वपूर्ण है कि यह बिल आपके गठबंधन को क्षति पहुंचाता है। मैं एक बात आगे कहता हूं कि यह बिल पास होने के बाद वैसे भी आपका गठबंधन टूट जाने वाला है। केजरीवाल जी, आपको बाय-बाय कर देंगे।

माननीय अध्यक्ष जी, एक बात आई कि अध्यादेश क्यों लेकर आए। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 11.05.2023 को संविधान पीठ ने एक फैसला लिया। संविधान पीठ के फैसले को यदि कोई ध्यान से पढ़ेगा तो वह फैसला कहता है, इन-ए-वे संविधान पीठ ने दो जजों की खंडपीठ, बेंच का गाइडेंस किया है, फाइनल निर्णय दो जज की बेंच ने करना है। अभी उसकी डेट लगी भी नहीं है, मैटर लगा भी नहीं है। 11.05.2023 को जजमेंट आया और 11.05.2023 को ही दिल्ली सरकार के सेवा विभाग के मंत्री ने अपने सिग्नेचर से एक परिपत्र घोषित कर दिया। मैं फिर से कहता हूं, परिपत्र सचिव करते हैं, यहां मंत्री करते हैं, आज 5.30 hrs तक पात्र अधिकारियों की सूची के साथ जो इस पर तैनात किए जा सके, सचिव, सेवाएं की तैनाती के लिए नोट प्रस्तुत किया जाए। अभी तो सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय करना बाकी है। इन प्रिंसिपल निर्णय किया है। इसके ऊपर दो जजों की बेंच ने निर्णय करना है, इसको घोषित करना है। आप अमल करने के लिए कह रहे हो। सोशल मीडिया में घोषणा कर दी कि सेवा विभाग के सचिव श्री आशीष माधवराव मोरे का ट्रांसफर कर दिया गया है। ध्यान देने की बात है, जो मैं कह रहा हूं, मैं फिर से पढ़ रहा हूं कि 11.05.2023 के निर्णय के पैरा 165 में न्यायालय की नियमित बेंच को इस मामले का निपटारा करने का आदेश दिया गया था, जो अभी बैठी ही नहीं है। इन्होंने शाम को ही इम्प्लिमेंटशन चालू कर दिया। इसके बाद सतर्कता (विजिलेंस) विभाग के मंत्री जी ने सभी सहायक निदेशकों को आदेश दे दिया कि

विशेष सचिव, सतर्कता विजिलेंस के सचिव को रिपोर्ट मत करिये। ऐसा क्यों? अभी जजमेंट नहीं आया है। अब मैं आपको कारण कहता हूं और इसके बहुत सारे कारण हैं। मैं आपको बताता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, दिल्ली के सतर्कता विभाग को सबसे पहले क्यों निशाना बनाया गया। अगर सेवा के अधिकार मिल गए, चलो, मैं एक मिनट के लिए मान लेता हूं कि मिल गए, तो सबसे पहले कोई क्या करेगा। रोड एंड बिल्डिंग की चिंता करेगा, पीने के पानी की चिंता करेगा, साफ-सफाई की चिंता करेगा, आरोग्य की चिंता करेगा, इन्होंने विजिलेंस की चिंता की। साहब, इनके साथी की प्रायरिटी तो देखिये कि विजिलेंस की चिंता की। भला विजिलेंस की चिंता क्यों की, इससे दिल्ली की जनता का क्या भला होने वाला था? मैं बताता हूं। विजिलेंस विभाग को इसलिए निशाना बनाया गया कि इसमें बहुत सारी संवदेनशील फाइलें बंद पड़ी हैं। वे कौन सी फाइलें थीं, जरा आप ध्यान से सुनना, जिसके बारे में बड़ी-बड़ी आवाज से ऑर्ग्युमेंट्स कर रहे थे। उनका एक्ट सुनना, आबकारी घोटाले से संबंधित फाइल, शराब की आबकारी घोटाले की फाइल। न्यायालय ने जो आदेश किया था, इसका ऑपिनियन जो देना था, वह फाइल विजिलेंस डिपार्टमेंट में थी, जिसके तहत् उनके पूर्व डिप्टी चीफ मिनिस्टर जेल में गए। अब वह फाइल कैसे इनके हाथ में दें। मुख्यमंत्री के नए बंगले के निर्माण पर अवैध रूप से हुए खर्चे से संबंधित शीश महल की फाइल, जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री फंसते। दिल्ली सरकार द्वारा उनकी पॉलिटिकल पार्टी ने उसके प्रचार के लिए, सरकार के नहीं, पार्टी के प्रचार के लिए 90 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। कोर्ट ने ऑर्डर किया कि वह 90 करोड़ रुपये पार्टी के खजाने से दिल्ली सरकार में भरा जाए। इसकी जांच की फाइल भी इस सतर्कता विभाग में थी।

माननीय अध्यक्ष जी, एक फीडबैक यूनिट बना दी । अब आप संविधान की दुहाई दे रहे हो। यह एक्ट सुधारने के पहले भी लॉ एंड ऑर्डर इनके पास नहीं है तो उनके पास खुफिया विभाग नहीं हो सकता है। उन्होंने फीडबैक यूनिट के नाम से करोड़ों रुपये खर्च करके एक स्वतंत्र गैर कानूनी खुफिया विभाग खड़ा कर दिया। अब इसकी भी जांच चालू हो गई। वह फाइल भी विजिलेंस में थी। जो बिजली सप्लाई करने वाली कंपनी है बीएसईएस और बीवाईपीएल, इन कंपनियों का 21 हजार

करोड़ रुपये का बकाया था, फिर भी एक इंडस्ट्री को और रुपया दे दिया। उनको 21 करोड़ हजार करोड़ रुपये लेना है, वह साइड में रहा और दूसरा पेमेंट कर दिया। इसकी भी विजिलेंस में इंक्वायरी चल रही है।

माननीय अध्यक्ष जी, इन सारी फाइलों के लिए सतर्कता विभाग को निशाना बना दिया। मैं तो नहीं मानता कि सारे दल ऐसे काम का समर्थन करते होंगे। लेकिन गठबंधन की एक मजबूरी है, इसलिए सारे दल सर्तकता विभाग के साथ आज आप पार्टी के साथ जुड़ गए हैं।

एक ने कहा कि सत्र बुला लो । सभी दलों की कहीं न कहीं पार्टियाँ रही हैं। मैं उनसे यह कहना चाहता हूँ कि क्या आपने एक भी एसेम्बली ऐसी देखी है, जिसका सत्रावसान ही न हो। माननीय अध्यक्ष जी, सत्र आहूत होता है, आप यहाँ सत्रावसान करते हैं, राष्ट्रपति महोदया साइन करती हैं और सत्र का अवसान होता है। नये सत्र को फिर से आहूत किया जाता है। लेकिन देश में एक ऐसी एसेम्बली है, दिल्ली संघ-राज्यक्षेत्र की, जिसका सत्रावसान ही नहीं होता है। वह चालू ही रहती है। जब भी पॉलिटिकल भाषण देना है, रेस्पांसिबिलिटी से भागना है, सदन के विशेषाधिकार का उपयोग करना है, किसी को गाली-गलौज करना है, तो आधे दिन का सत्र बुलाकर, गाली बोलकर फिर से सत्र निलम्बित कर देते हैं। वहाँ सत्र का अवसान ही नहीं होता है। आपने ऐसी कोई सरकार देखी है? मैं यह इसलिए कह रहा हूँ क्योंकि मैं इनको बताना चाहता हूँ कि आप किसका समर्थन कर रहे हैं, आप किस व्यवस्था का समर्थन कर रहे हैं। देश की जनता को यह सब मालूम है।

ये कैबिनेट के अधिकारों की बात कर रहे हैं, एसेम्बली के अधिकारों की बात कर रहे हैं। वर्ष 2020 में दिल्ली विधान सभा का एक ही सत्र बुलाया गया, केवल बजट सत्र, जिसमें 5 बैठकें हुई , दो दिनों की, क्योंकि बजट पास कराने की मजबूरी है। वर्ष 2021 में भी एक ही सत्र बुलाया गया, वह भी बजट सत्र था, जिसमें 3 दिनों में चार बैठकें की गई, यह भी बजट सत्र की मजबूरी थी। वर्ष 2022 में एक ही सत्र बुलाया गया, केवल बजट सत्र, क्योंकि बजट पारित करने की मजबूरी है। वर्ष 2023 में भी एक ही सत्र बुलाया गया, केवल बजट सत्र । इसके अलावा विधान सभा का कोई सत्र

ही नहीं बुलाया गया । हमारे विपक्षी दल के मित्र विधान सभा के अधिकारों की बात करते हैं। कौन-से अधिकार भाई, विधान सभा बुलानी है या नहीं है? ओवैसी जी, आप मुगालते में हैं।… (व्यवधान) विधान सभा बुलानी ही नहीं है।… (व्यवधान)

**श्री असादुद्दीन ओवैसी :** गृह मंत्री जी, आप यह बता दीजिए कि मैं किसकी टीम का हिस्सा हूँ? …(व्यवधान)

**श्री अमित शाह:** ओवैसी जी, ऐसा है, मैं तो चाहता हूँ कि आप स्वयं अपनी टीम बनाओ।… (व्यवधान) वे परेशान हैं, इसलिए मैं कहता हूँ कि आप स्वयं अपनी टीम बनाओ। आपके मुद्दे सबसे अलग हैं।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, मैं अब कैबिनेट बैठक पर आता हूँ। वर्ष 2022 में कैबिनेट की सिर्फ छ: बैठकें बुलायी गईं। छ: बैठकें ही पूरे साल में हुई। जिनमें से तीन बैठकें बजट से संबंधित थीं और एक बैठक एक कम्पनी को फायदा कराने के लिए बुलायी गई थी। इसलिए कुल देखें तो दो बैठकें बुलाई गईं।

वर्ष 2023 में अब तक दो ही बैठकें बुलाई गई हैं, दोनों बैठकें बजट के लिए हैं। ये कैबिनेट की बात कर रहे हैं। भइया ! कैबिनेट नहीं बुलाते हैं, दिल्ली के जनता की यही तकलीफ है। ये तो कैबिनेट की बैठक बुलाते ही नहीं हैं। हम तो चाहते हैं कि कैबिनेट की बैठक बुलायी जाए। आप किसका समर्थन कर रहे हो? गठबंधन करना चाहिए, सबको जोड़ना चाहिए, हम भी चलाते हैं, मगर इस तरह से कि एक भी बिल पर चर्चा नहीं करना और इस पर खड़े हो जाना?

माननीय अध्यक्ष जी, शॉपिंग फेस्टिवल आयोजित करने के लिए विज्ञापन के नाम पर करोड़ों रुपए खर्च हुए। इसमें भी कोर्ट ने स्ट्रिक्चर किया। दो साल से कैग की रिपोर्ट सदन में नहीं रखते हैं। यह एक संवैधानिक प्रॉविज़न है। आप हमें संविधान सिखाते हो, आप थोड़ा अपने साथी को सिखा दें कि आप कैग की रिपोर्ट को नहीं छिपा सकते हैं। दो साल से कैग की रिपोर्ट सदन के पटल पर नहीं रखी गई है। यह एक संवैधानिक प्रावधान है।

माननीय अध्यक्ष जी, आरआरटीएस, एम्स, यूईआर, आईआईटी, दिल्ली जैसी संस्थाओं के 13 परमिशन वहाँ लंबित हैं। ये परमिशन नहीं देते हैं। उनको डर है कि ये सब होगा, तो मोदी जी बहुत लोकप्रिय हो जाएंगे।

मैं सरकार चलाने का इनका तरीका बताता हूँ। 5-जी टेक्नोलॉजी लाने के लिए वर्ष 2016 में एक अधिनियम बना। देश के 16 राज्यों ने, यहाँ तक कि डीएमके ने भी इसको एक्सेप्ट कर लिया। परंतु, दिल्ली नहीं करता है क्योंकि इनको विकास से कोई सरोकार नहीं है।

**19.00 hrs**

परंतु दिल्ली एक्सैप्ट नहीं करता है, क्योंकि उनको विकास से कोई सरोकार नहीं है।

माननीय अध्यक्ष जी, वर्ष 2013 से हमने जिस सिविल सर्विस बोर्ड की रचना की, इसको लेकर ये आगे गए।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं इस सदन के सामने आपके माध्यम से देश की जनता को बड़ी विनम्रता के साथ कहना चाहता हूं कि यह अध्यादेश और बाद में, अब जो बिल में कन्वर्ट हो रहा है, वह विधेयक लेकर मैं यहां आया हूं। यह संपूर्णत: संविधान सम्मत है और केवल और केवल दिल्ली की जनता के कल्याण के उद्देश्य से बनाया गया है। … (व्यवधान) इसके लिए हमारा कोई राजीनतिक उद्देश्य नहीं है। … (व्यवधान) मारन जी पूछ रहे हैं? … (व्यवधान) अधीर जी, ये भी खड़े हो गए हैं, मैं क्या करूं? … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: सदन की कार्यवाही इस विषय की समाप्ति तक बढ़ाई जाती है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय गृह मंत्री जी – आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR):** Sir, if the Home Minister raises anything … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष**: श्री ए. राजा जी – आप क्या बोलना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: यहां 2जी या 5जी पर बहस नहीं हो रही है।

… (व्यवधान)

**SHRI A. RAJA (NILGIRIS):** Sir, through you, I want to submit one thing before the House and the hon. Home Minister and other Members of Parliament on the other side, the Treasury Benches that as far as 2G is concerned … (*Interruptions*)

**HON. SPEAKER:** No.

माननीय गृह मंत्री जी – आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**SHRI A. RAJA:** It has gone on record. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, यहां 2जी या 3जी पर बहस नहीं हो रही है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: नहीं, कुछ नहीं बोला है।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: क्या इन्होंने आपके ऊपर आरोप लगाया है? आप क्यों 2जी पर नाराज हो रहे हैं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: 2जी पर इतना नाराज क्यों हो जाते हैं? पुरानी बातों को लेकर मत चलिए।

… (व्यवधान)

**श्री अमित शाह:** अध्यक्ष जी, यह रिकॉर्ड पर नहीं है, यह इनको बता दीजिए। … (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, देखिए, वह रिकॉर्ड पर नहीं है, आप क्यों बात को रिकॉर्ड पर लाना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: ऑनरेबल मेंबर, वह रिकॉर्ड में नहीं है।

… (व्यवधान)

**HON. SPEAKER:** Okay. No record.

… (*Interruptions*)

**HON. SPEAKER:** No record, Mr. Baalu.

… (*Interruptions*)

**SHRI T. R. BAALU:** Sir, this matter has to be settled. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष**: वह रिकॉर्ड में नहीं गया। आप क्यों बिना बात के उसको रिकॉर्ड में लाना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय गृह मंत्री जी – आप बोलिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: बालू जी, जब आप कहेंगे, तब 2जी/3जी पर चर्चा करवा लेंगे। अभी गृह मंत्री जी को चर्चा करने दीजिए।

… (व्यवधान)

**श्री अमित शाह:** मैं बाद में चर्चा करता हूं। … (व्यवधान) बालू जी, वह रिकॉर्ड पर नहीं है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, कुछ सदस्यों ने टिप्पणियां की हैं, मैं जरूर जवाब देना चाहता हूं। मैं तो नियमों के अनुसार सीधा-साधा भाषण करने आया था, लेकिन राजनीतिक टिपपणियां की गई हैं, इसलिए मुझे जवाब देना पड़ेगा।

श्री राजीव रंजन जी ने कहा कि लोक-लाज होनी चाहिए। … (व्यवधान) श्री राजीव रंजन जी, लोक-लाज के बारे में आप तो मत ही बोलिए। … (व्यवधान) जिस चारा घोटाले को लेकर

बिहार की जनता के सामने गए थे, आज चारा घोटाला करने वालों के साथ आप बैठे हो और फिर से गठबंधन के लिए हो। … (व्यवधान) लोक-लाज आपके मुंह से अच्छा नहीं लगता है। … (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, यूपीए का यह जो गठबंधन बना है, यह यूपीए का गठबंधन नहीं है, यह सत्ता के स्वार्थ के लिए बना है। … (व्यवधान) बंगाल में कम्युनिस्ट पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस, तीनों लड़ती हैं।

ममता जी को हर रोज हमारे अधीर रंजन जी क्वैश्चन करते रहते हैं, मगर बेंगलुरु में साथ में बैठेंगे। जेडीयू और आरजेडी।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, जेडीयू का जन्म ही आरजेडी का विरोध करने के लिए हुआ।… (व्यवधान) यूनाइटेड जनता दल तोड़ दिया। …(व्यवधान) वह जेडीयू आज सत्ता प्राप्त करने के लिए गठबंधन में है। जो बाला साहेब ठाकरे के सिद्धांतों पर चलते थे, वे आज कांग्रेस के साथ बैठे हैं।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, केरल में कम्युनिस्ट, कांग्रेस, एलडीएफ और यूडीएफ दोनों आमने-सामने थे।… (व्यवधान) माननीय अध्यक्ष जी, सत्ता के कारण दोनों इकट्ठे आए हैं।… (व्यवधान) सुरेश जी, केरल की जनता इस बार पूछेगी।… (व्यवधान) माननीय अध्यक्ष जी, मैंने दयानिधि मारन जी को सुना।… (व्यवधान) वे बहुत पैशन के साथ संविधान की दुहाई दे रहे थे।… (व्यवधान) मारन साहब, आपको संविधान की चिंता नहीं है, 'एन मन, एन मक्कल' से आप डरे हुए हैं।… (व्यवधान) हमारी जो यात्रा शुरू हुई है, इसने डर खड़ा किया है।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, शशि थरूर जी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार होती या आपकी सरकार होती तो ऐसा करते। कांग्रेस की सरकार और हमारी सरकार दोनों दिल्ली में रही थी, मगर हमने ऐसा किया ही नहीं था, तो ऐसा करने का सवाल ही पैदा नहीं होता था। बहुत अच्छे तरीके से चलता था, कोई झगड़ा नहीं था।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं अंत में इतना ही कहना चाहता हूँ कि अभी भी समय है। वोटिंग बाकी है।... (व्यवधान) यही समय है।... (व्यवधान) सही समय है।... (व्यवधान) विचार बदलिए, जनता देख रही है, जनता सब कुछ जानती है कि 9 बिलों में उपस्थित न रहने वाला समूचा विपक्ष आप गठबंधन बचाने के लिए अखाड़े में उतर गया है।... (व्यवधान) सदन के अंदर निहित राजनीतिक उद्देश्यों के कारण न भाषण देने चाहिए, न वोटिंग करनी चाहिए। सदन के अंदर वोटिंग 130 करोड़ की जनता के भले के लिए करनी चाहिए।

मैं अंत में फिर से अपील करता हूँ कि अभी भी जनता देख रही है। यही समय है मन बदलने का, एक बार मन बदल दीजिए, तो शायद जनता यूपीए के पाप माफ भी कर दे। सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सर, मैं स्पष्ट रूप से यह कहना चाहता हूँ, हम लोगों ने शुरू में भी कहा था कि यह अध्यादेश लाकर केन्द्र ने संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया है और निर्वाचित सरकार के अधिकारों को हड़पने की कोशिश की है। यह संघवाद के बुनियादी सिद्धांत को कमजोर करता है। सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने 11 मई को दिल्ली सरकार को जो अधिकार सौंपे थे, जिसके बाद केन्द्र सरकार ने अध्यादेश लाकर कोर्ट का फैसला पलट दिया है।... (व्यवधान)

सर, मोटा-मोटी यही हमारी इस सरकार के खिलाफ शिकायत है।... (व्यवधान) सर, एक मिनट मुझे बोलने दीजिए ।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: आपने अपनी बात बोल ली है। आपने यह क्या बोला है?

... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, बोलने दीजिए ।... (व्यवधान) सर, हमें रेस्पांड करने का अधिकार है।... (व्यवधान) सर, एक मिनट बोलने दीजिए ।... (व्यवधान)

अमित शाह जी, आपने हमें इतना सारा भाषण सुनाया। हमें यह लगा है कि आप चुनावी मोड में आ गए हैं।... (व्यवधान) मुझे ऐसी उम्मीद थी कि कम से कम आज की तारीख में, जब मणिपुर की बात का आपने जिक्र किया तो कम से कम आप इस पर ध्यान देते कि सुप्रीम कोर्ट ने

मणिपुर के मुद्दे पर क्या टिप्पणी की।... (व्यवधान) सुप्रीम कोर्ट कहता है कि मणिपुर में सरकार नहीं है।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: नो। माननीय सदस्य, आप विषय पर बात कीजिए।

... (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** पुलिस नहीं है।... (व्यवधान) कोई शासन नहीं है।... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आपने अपने भाषण में बहुत सारी बातें बिना विषय के बोली थीं। मैंने तब कोई आपत्ति नहीं की थी।

... (व्यवधान)

**<u>19.11 hrs</u>**

*At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury came and stood on the floor near the Table.*

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

> "कि यह सभा राष्ट्रपति द्वारा 19.5.2023 को प्रख्यापित दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन (संशोधन) अध्यादेश, 2023 (2023 का संख्यांक 1) का निरनुमोदन करती है।"

<u>प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ।</u>

... (व्यवधान)

**<u>19.11½ hrs</u>**

*At this stage, Shri Adhir Ranjan Chowdhury, Shri N.K. Premachandran, Shri A. Raja and some other hon. Members left the House.*

... (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है**:**

"कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी राज्यक्षेत्र शासन अधिनियम, 1991 का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

**माननीय अध्यक्ष**: अब यह सभा विधेयक पर खंडवार विचार करेगी।

माननीय सदस्यगण, कुछ माननीय सदस्यों ने इस विधेयक पर अपने-अपने संशोधन दिए हैं, परंतु वे सभी इस समय सभा में उपस्थित नहीं हैं। अगर सभा की सहमति हो, तो मैं सभी खंडों को सभा के निर्णय के लिए एक साथ रख दूं?

**अनेक माननीय सदस्य**: हां-हां।

… (व्यवधान)

**<u>19.12 hrs</u>**

*At this stage, Shri Sushil Kumar Rinku came and stood on the floor near the Table.*

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है**:**

"कि खंड 2 से 6 विधेयक के अंग बने।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

<u>खंड 2 से 6 विधेयक में जोड़ दिए गए।</u>

<u>खंड 1, अधिनियमन सूत्र और विधेयक का पूरा नाम विधेयक में जोड़ दिए गए।</u>

… (व्यवधान)

**<u>19.12½ hrs</u>**

*At this stage, Shri Sushil Kumar Rinku left the House.*

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय मंत्री जी, अब आप प्रस्ताव करें कि विधेयक को पारित किया जाए।

**श्री अमित शाह**: अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है:

"कि विधेयक पारित किया जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

---

**19.13hrs**

## SUSPENSION OF A MEMBER FROM THE SERVICE OF THE HOUSE UNDER RULE 374

**माननीय अध्यक्ष**: श्री प्रहलाद जोशी जी।

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** महोदय, आम आदमी पार्टी के सांसद श्री सुशील कुमार रिंकू हैं, जिन्होंने वेल में आकर, कागज को फाड़कर आसन के सामने फेंका है। इनको सस्पेंड किया जाए।

**माननीय अध्यक्ष**: मंत्री जी, आप प्रस्ताव करिए।

… (व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्यगण, श्री सुशील कुमार रिंकू जी, जो कि नए निर्वाचित सदस्य हैं। मैंने प्रयास किया है कि वह सदन की गरिमा बनाए रखें, लेकिन उन्होंने सदन की गरिमा नहीं बनाए रखी और सदन की मर्यादा को कम करने का प्रयास किया। मैं माननीय सदस्य को नेम करता हूं।

---

**19.13½hrs**

**MOTION RE: SUSPENSION OF MEMBER**

**श्री प्रहलाद जोशी:** महोदय, मैं नियम 374 में यह रेजोलुशन मूव करता हूं कि श्री सुशील कुमार रिंकू, जिन्होंने वेल में आकर दुर्व्यवहार किया है, कागज फाड़कर आसन के ऊपर फेंका है, उनको सत्र की बची हुई अवधि के लिए निलंबित किया जाए।

महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं:

> "कि सदस्य श्री सुशील कुमार रिंकू को सत्र की बची हुई अवधि के लिए सभा की सेवा से निलंबित किया जाए।"

**माननीय अध्यक्ष**: प्रश्न यह है:

> "कि सदस्य श्री सुशील कुमार रिंकू को सत्र की बची हुई अवधि के लिए सभा की सेवा से निलंबित किया जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, श्री सुशील कुमार रिंकू को इस सत्र के बची हुई अवधि तक के लिए निलंबित किया जाता है।

**माननीय अध्यक्ष**: सभा की कार्यवाही शुक्रवार, 4 अगस्त 2023 को प्रातः 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**19.14 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Friday, August 4, 2023/Sravana 13, 1945 (Saka).*

**INTERNET**

The Original Version of Lok Sabha proceedings is available on Parliament of India Website and Lok Sabha Website at the following addresses:

http://www.parliamentofindia.nic.in
http://www.loksabha.nic.in

**LIVE TELECAST OF PROCEEDINGS OF LOK SABHA**

Lok Sabha proceedings are being telecast live on Sansad T.V. Channel. Live telecast begins at 11 A.M. everyday the Lok Sabha sits, till the adjournment of the House.

---

Published under Rules 379 and 382 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Sixteenth Edition)

---